रांची का तापमान

| काके | रांची |
| --- | --- |
| अधि. 34.0° | अधि. 33.8° |
| न्यून. 25.0° | न्यून. 25.2° |

रांची, बुधवार
04 जून 2025
वर्ष-26, अंक-122, पृष्ठ-12

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 09, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

₹3.00




पेज 10

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब को छह रन से हराया

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का सपना आखिर 18 साल बाद मंगलवार को पूरा हो गया। उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मंगलवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को मात्र छह रन से हराकर नया आईपीएल चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया। आरसीबी ने खिताबी मुकाबले में अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 20 ओवर में नौ विकेट पर 190 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर पंजाब की चुनौती को सात विकेट पर 184 रन पर थाम लिया। विराट जीत के बाद खुशी से रो पड़े।

# कोहली का 'विराट' सपना पूरा

43 रन | 35 गेंद



## 5 सरकारी बैंक मिलकर ऋण नहीं चुकाने वालों का करेंगे पीछा

# बैंक ऋण वसूली के लिए बनाएंगे नई यूनिट

- नई इकाई का संचालन पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड करेगी
- छोटे खुदरा व 'सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम' से करेगी ऋणों की वसूली

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के पांच प्रमुख बैंक मिलकर एक यूनिट की शुरुआत करने जा रहे हैं। इनमें भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा भी शामिल हैं। ये बैंक मिलकर एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए छोटे खुदरा और एमएसएमई ऋणों की वसूली के लिए एक समर्पित इकाई स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। इस पहल में शुरुआत में पांच बड़े बैंक शामिल होंगे, और भविष्य में अन्य बैंकों के भी जुड़ने की उम्मीद है। इसके लिए तर्क दिया जा रहा है कि यह कदम न केवल बैंकों की ऋण वसूली दक्षता को बढ़ाएगा, बल्कि खुदरा ग्राहकों और एमएसएमई उधारकर्ताओं के लिए भी कई बदलाव लाएगा।

इस नई इकाई का संचालन पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। यह कंपनी वर्तमान में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों शेष पेज 11 पर



### एमएसएमई से कैसे की जाएगी वसूली

1. यदि किसी व्यक्ति ने बैंक से ऋण लिया है, तो नई इकाई द्वारा केंद्रीय स्तर पर वसूली की जाएगी। इससे प्रक्रिया में तेजी आएगी और बैंक अपने संचालन पर ज्यादा ध्यान दे पाएंगे।
2. वसूली के लिए एक अलग इकाई होने से उधारकर्ताओं को वसूली प्रक्रिया के बारे में स्पष्ट जानकारी मिलेगी, जिससे कि प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी। शेष पेज 11 पर

### बैंकों को मिलेंगे ये लाभ

1. बैंक छोटे लोन की वसूली की जटिलताओं से मुक्त होकर अपने बैंकिंग का और अन्य कॉरपोरेट लोन की वसूली पर ध्यान दे पाएंगे।
2. साझा रिकवरी प्लेटफॉर्म के माध्यम से वसूली लागत कम होगी, क्योंकि संसाधनों का उपयोग संयुक्त रूप से किया जाएगा।
3. यह मॉडल बैंकों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा।

### राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक आज

**रांची।** राज्य कैबिनेट की बैठक बुधवार (4 जून) को झारखंड मंत्रालय के मंत्रिपरिषद कक्ष में दिन में 4:00 बजे से होगी। यह जानकारी मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

### बोकारो स्टील प्लांट में हॉट मेटल गिरने से पांच झुलसे

**रांची/बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में एक बड़ा हादसा हुआ है। स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में हॉट मेटल गिरने से पांच मजदूर झुलस गए हैं। सभी झुलसे हुए मजदूरों को बोकारो जनरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। एक मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### पीएम 6 जून को चिनाब ब्रिज का करेंगे उद्घाटन

**जम्मू।** केंद्रीय अंतरिक्ष विभाग के मंत्री व प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने मंगलवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 6 जून को दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल, चिनाब ब्रिज का उद्घाटन करेंगे। ज्ञात हो कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहली बार जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जा रहे हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

# स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगी नई उड़ान, रिम्स-2 जल्द

- स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रांची में एएचपीआई कॉन्क्लेव में कहा
- कुछ अस्पताल कर रहे आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग यह स्वीकार्य नहीं

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मंगलवार को रांची के एक होटल में आयोजित एएचपीआई कॉन्क्लेव में राज्यभर के निजी अस्पतालों के प्रतिनिधि, प्रबंधक एवं चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हम स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि रिम्स-2 का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, और अगले दो वर्षों में यह सपना साकार होगा। राज्य के लोगों को आधुनिक और व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम होगा।




बता दें कि एएचपीआई कॉन्क्लेव आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के अंतर्गत सरकारी देय बिलों के लंबित भुगतान से संबंधित मुद्दों को लेकर बुलाया गया था। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि कुछ अस्पतालों द्वारा आयुष्मान कार्ड का दुरुपयोग किया जाता है। शेष पेज 11 पर

### मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से कम

अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में नवजात और मातृ मृत्यु दर राष्ट्रीय औसत से थोड़ी कम है और हम कई राज्यों से बेहतर हैं। राज्य में सरकारी और निजी क्षेत्र में कुल लगभग 15,500 बेड हैं। सरकार हर साल 2,000-3,000 नए बेड जोड़ने की दिशा में काम कर रही है, ताकि एक लाख बेड का लक्ष्य जल्द पूरा हो सके।

### लोगों को मिल रही है मजबूत स्वास्थ्य सुरक्षा

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक अबू इमरान ने कहा कि मातृ और शिशु मृत्यु दर को लेकर सरकार गंभीर है। राज्य के 85 प्रतिशत लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस कवर मिल चुका है। झारखंड पहला राज्य है, जहां कर्मचारियों को असीमित बीमा कवर दिया जा रहा है।

### विनय चौबे की बढ़ी न्यायिक हिरासत

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) द्वारा शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किए गए निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे और तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह सहित पांच आरोपियों की पेशी मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एसीबी कोर्ट में हुई। कोर्ट ने इन सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत की अवधि आगामी 9 जून तक के लिए बढ़ा दी है। शेष पेज 11 पर




## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया बड़ा ऐलान

# एनसीसी का देश में होगा विस्तार तीन लाख नए कैडेट जोड़े जाएंगे

उदय चंद्र सिंह

**नयी दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची के सांसद संजय सेठ ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी का देशभर में विस्तार किया जाएगा और तीन लाख नए कैडेट इसमें शामिल किए जाएंगे। इस फैसले के लिए कई राज्य पहले ही अपनी मंजूरी दे चुके हैं और एनसीसी ट्रेनिंग के लिए जरूरी सुविधाओं को तेजी से तैयार करने पर काम भी शुरू हो गया है। भोपाल में हुए जेएस आरएंडए/डी सम्मेलन में बोलते हुए संजय सेठ ने कहा कि एनसीसी सिर्फ एक ट्रेनिंग संगठन नहीं, बल्कि युवाओं को देशभक्ति, अनुशासन और नेतृत्व की सीख देने वाला शेष पेज 11 पर



- युवाओं को देशभक्ति और अनुशासन की सीख देने वाला प्लेटफॉर्म है

# लापुंग में पुलिसकर्मियों पर हमला थाना प्रभारी और एक जवान घायल

- दो ग्रामीण को भी लगी है गोली, पुलिस मामले की कर रही जांच-पड़ताल

नवीन मेल संवाददाता

**लापुंग।** रांची जिले के लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के मामले को लेकर चल रही ग्राम सभा में लापुंग थाने के पुलिसकर्मियों पर हमला करने का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी सहित दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। दो ग्रामीणों को भी गोली लगने की सूचना मिल रही है। थाना प्रभारी के सिर में चोट लगी है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घायल ग्रामीणों को भी रांची के एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार, लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद के मामले को लेकर चल रही ग्राम सभा में लापुंग थाने के पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया। इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी समेत दो पुलिसवाले घायल हुए हैं। शेष पेज 11 पर




### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।


# झारखंड बंद आज, पूर्व संध्या पर निकाला गया मशाल जुलूस

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** राज्य के प्रमुख आदिवासी संगठनों ने बुधवार (4 जून) को झारखंड बंद की घोषणा की है। इन संगठनों का कहना है कि आदिवासियों के धर्म एवं आस्था से जुड़े स्थलों पर कथित रूप से अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा कर उनकी परंपरा को चोट पहुंचाई जा रही है। इन संगठनों ने कई प्राचीन आदिवासी धर्मस्थलों पर सरकार की ओर से कराए जा रहे निर्माण पर भी आपत्ति जताई है। बंद के दौरान इन मुद्दों पर विरोध प्रदर्शित किया जाएगा। इधर, रांची के सिरम टोली सरना स्थल के पास फ्लाईओवर रैंप बनाने के खिलाफ और आदिवासी अधिकारों की शेष पेज 11 पर



### स्वास्थ्य विभाग अलर्ट
## सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना अनिवार्य

**रांची।** राज्य में कोरोना संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। रांची में अब तक कुल 06 और राज्य में कुल 11 कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने रैंडम टेस्टिंग और निगरानी शुरू कर दी है। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के उपायुक्तों (डीसी) और सिविल सर्जन शेष पेज 11 पर

## बानो के डलियामरचा में फिर सामने आया सिस्टम का सच

# सड़क नहीं है, गर्भवती के लिए खटिया ही बना सहारा

- एंबुलेंस तो पहुंची, लेकिन सड़क नहीं रहने से महिला तक नहीं आ पाई

विकास साहू

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के बानो प्रखंड अंतर्गत डलियामरचा गांव में एक बार फिर सरकारी व्यवस्था की पोल खुल गई, जब सड़क नहीं होने के कारण गर्भवती महिला हना गुड़िया को खटिया पर उठाकर एंबुलेंस तक पहुंचाया गया। यह दृश्य केवल गांव की बदहाली नहीं, बल्कि सिस्टम की असफलता को भी उजागर करता है। हना गुड़िया को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद एंबुलेंस तो समय पर पहुंच गई, लेकिन सड़क नहीं होने के कारण वाहन गांव तक नहीं आ सका। ऐसे में परिजन और स्वास्थ्य सहिया निरावती देवी ने मिलकर खटिया पर महिला को लादकर कंधों पर उठाया और कई किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक लाया, जहां एंबुलेंस खड़ी थी। यह नजारा उस दौर का है शेष पेज 11 पर




**इंडिया**

# बदले-बदले से माननीय नजर आते हैं, ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई बताते हैं



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

पहलगाम में धर्म पूछकर 26 लोगों की हत्या के बाद देश की अंदरूनी स्थानीय राजनीति में हमेशा की तरह सबूत मांगने से लेकर बिहार में चुनाव ज़ीतने के लिए खुद हमला कराने तक के आरोप कुछ राजनीतिक पार्टियों ने लगाए जो चुनाव जीतने और जाति धर्म की राजनीतिक मजबूरी कही जा सकती है पर ऑपरेशन सिंदूर की सच्चाई से दुनिया को अवगत कराने विश्व के 33 देशों में कुल दस दिनों की यात्रा पर गए सांसदों ने अपने माननीय होने का मान रखा और राहुल गांधी जैसे नेताओं के द्वारा अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को बदनाम करने की परंपरा के उलट भारत का पक्ष मजबूती से रख भारतीय सेना का मनोबल उंचा कर दिया। औपचारिक और अनौपचारिक चर्चा में भारत के सांसदों ने न सिर्फ संबंधित सरकारों बल्कि वहां के थिंक टैंक और बुद्धिजीवियों को हर पहलू पर भारत के विचारों से सहमत कराने की कोशिश की।इसकी सफलता का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि जिस कोलंबिया ने पहले ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान से सहानुभूति जताई थी उसने भी प्रतिनिधिमंडल के दौरे के बाद मन बदला और पिछला बयान वापस लेते हुए आतंकवाद पर भारत की सोच का समर्थन किया। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में टीम अमेरिका, कोलंबिया जैसे कुछ देशों में गई थी।सांसदों और राजनयिकों के प्रतिनिधमंडल की वापसी आज से शुरू हो गई है । यह स्पष्ट दिखा कि अलग अलग दल से गए सांसद भी हर मुद्दे पर एकजुट थे, तब भी जब भारत में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से अपने ही सदस्यों पर तीखी टिप्पणी हो रही थी। ऐसे में इनकी वापसी के बाद भी राजनीति में बयानबाजी बढ़ेगी। सूत्रों का कहना है कि संभवतः 9 मई को प्रधानमंत्री भी इन प्रतिनिधिमंडलों के साथ चर्चा करेंगे और फीडबैक लेंगे।भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा की अगुवाई वाला प्रतिनिधिमंडल स्वगदेश लौट आया है जिसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी, भाजपा सांसद सतनाम सिंह संधू और पूर्व भारतीय राजनयिक हर्षवर्धन श्रृंगला भी शामिल थे। दिल्ली में सतनाम सिंह संधू ने कहा कि हमलोग चार देश गए थे हमारे ग्रुप में सभी पार्टी सभी धर्मों के लोग थे। इस्लामी देशों में जाकर हमें 100 फीसदी सफलता मिली कि हमने भारत का पक्ष रखा।सभी देशों ने हमारी बातें सुनीं। सारे देश आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस वाली बात से सहमत है। मुझे लगता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत मजबूत हुआ है। भारत कभी पहले हमला नहीं करता पर अब सिर्फ प्रतिक्रिया करने वाला नहीं बल्कि प्रहार करने वाला देश है। प्रधानमंत्री जी ने स्पष्ट किया कि आतंकी हमले किसी हालत में बर्दाश्त नहीं होगा। पाकिस्तान परोक्ष युद्ध के साथ-साथ ड्रग्स का भी कारोबार कर आतंक के लिए इस्तेमाल कर रहा है।आईएसआई का पैसा भी ड्रग्स और आतंक में इस्तेमाल होता है यह बात भी हमने सबको बताई। हमारे ग्रुप में मुसलमान नेता भी थे। ओवैसी और गुलाम नबी आजाद भी थे। उन्होंने यह तथ्य रखे कि पाकिस्तान से ज़्यादा मुसलमान भारत मे रहते हैं। पाकिस्तान जिस तरह विक्टिम कार्ड खेलते हैं उसे दुनिया समझ गई है, एक्सपोज़ हो गया है अलग थलग पड़ गया है। भाजपा के कटु आलोचक और मुस्लिम चेहरा मानेजानेवाले भारत का पक्ष निष्पक्षता से रखने वाले सांसद असदुद्दीन ओवैसी के बयान मीडिया में छाए हुए थे। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने दुनिया के सामने साफ किया है कि देश की सुरक्षा के मामले में भारत एकमत है। उन्होंने कहा कि हम यहां किसी दल के नहीं, बल्कि भारत के प्रतिनिधि बनकर आए हैं। सलमान खुर्शीद ने कहा कि 'हम सभी यहां इसलिए हैं क्योंकि हमारे राजनीतिक दलों ने हम पर भरोसा जताया और हमें भेजने का फैसला लिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सरकार और विपक्ष में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन देश की रक्षा और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जैसे मामलों में सभी दलों की सोच एक जैसी है।उन्होंने कहा कि 'अगर मतभेद हैं, तो उन्हें भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के भीतर उठाया जाना चाहिए, न कि वैश्विक मंचों पर।' 'भारत पहले' का भाव सर्वोपरि रहता है।

जबकि भाजपा की आलोचक रहीं शिवसेना की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने विदेश में आतंकवाद पर पाकिस्तान को बुरी तरह धोया और कहा, ''हमने अभी थोड़े दिनों पहले ब्रिटेन के साथ एक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है, भारत फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की ओर देख रहा है, जबकि पाकिस्तान दुनिया भर में 'फ्री टेररिस्ट अरेंजमेंट व्यवस्था' के साथ आगे बढ़ रहा है। हमें पाक की इसी बात को उजागर करने की जरूरत है। हमने G-20 की सफलता पूर्वक बैठक की वही दूसरी तरफ पाकिस्तान T-20 कर रहा है दुनियाभर के जो सबसे बड़े 20 आतंकी हैं, वह सभी पाकिस्तान में हैं और वहां की सरकार उनको बढ़ा रही है, उनको बढ़ावा दे रही है यही पाक सरकार की नीति है।




## जय हिंद, जय हिंद की सेना

# भारत के वीर सपूतों को हार्दिक अभिनंदन, नमन




पद्मा मिश्रा
जमशेदपुर

मेरे भारत के वीर सपूतों! मानवता के सजग प्रहरी! देश की सीमाओं के रक्षक! आज हृदय से आप का हार्दिक अभिनंदन, नमन समर्पित करती हूं। फूलों की धरती को रक्तरंजित करने वाले आतंकवाद को यह देश कभी माफ नहीं करेगा। हमने सुना था कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन यहां तो आतंकवाद धर्म के रास्ते ही चलकर आया था। मासूम पर्यटकों की निर्मम हत्या कर हमारी वीरांगनाओं की मांग से सिंदूर मिटाने वालों को, उनके अपवित्र अनैतिक इरादों को नष्ट करने के लिए हम सदैव साथ हैं।

'ऑपरेशन सिंदूर' को हम कभी असफल नहीं होने देंगे। हमारी सेना हमारा गर्व और स्वाभिमान है, हमारी अस्मिता व मानवता के रक्षकों को यह देश सदियों तक याद रखेगा। क्योंकि, द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका आज इतने वर्ष बाद भी मानवता के नाम पर कलंक बनी हुई है। आतंकवाद, संप्रदायवाद, जातीयता के घिनौने साये में पलती दुनिया में हम नहीं रहना चाहते। हमें शांति, अमन, सद्भावना का समाज चाहिए, इसलिए मानवता का आदर करें। यह कीमती है, इसे बचाएं। ताकि, देश-दुनिया और यह सुंदर पृथ्वी जिंदा बची रहे। जय भारत माता, जय हिंद, जय हिंद की सेना।

## हर पक्ष पर नजर

# सिमडेगा डीसी कंचन सिंह ने सीएम से की मुलाकात








**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में उपायुक्त दुमका अभिजीत सिन्हा, उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम कर्ण सत्यार्थी, उपायुक्त पश्चिमी सिंहभूम चंदन कुमार, उपायुक्त पलामू समीरा एस, उपायुक्त जामताड़ा रवि आनंद, उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह, उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने शिष्टाचार मुलाकात की।











### मुख्यमंत्री से प्रशासनिक अधिकारियों ने की शिष्टाचार भेंट

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में आईजी प्रोविजन पटेल मयूर कन्हैया लाल, आईजी मानवाधिकार नरेंद्र कुमार सिंह, डीआईजी चाईबासा अनुरंजन किस्पोट्टा, एसपी पश्चिमी सिंहभूम राकेश रंजन, एसपी हजारीबाग अंजनी अंजन, एसपी गोड्डा मुकेश कुमार, एसपी लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी, एसपी सिमडेगा मो. अर्शी, एसपी खूंटी मनीष टोप्पो ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## न्यूज बॉक्स

### संजय सेठ ने साइकिल की सवारी की



**रांची।** विश्व साइकिल दिवस पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दिल्ली में साइकिल की सवारी की। मंत्री ने 10 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। यह उत्साही भागीदारी पर्यावरण के अनुकूल परिवहन और एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए मंत्री की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। साइकिल रैली का नागरिकों और दर्शकों से भी उत्साही समर्थन मिला, जो हरित गतिशीलता पहलों के लिए बढ़ती जागरूकता और प्रशंसा को दर्शाता है।

### बिना आरक्षण रोस्टर क्लीयर किए हो रही होमगार्ड की बहाली : डॉ लंबोदर महतो



- सीएम को पत्र लिखकर होमगार्ड नियुक्ति नियमावली में संशोधन के बाद ही नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने आरक्षण रोस्टर क्लियर किए बगैर होमगार्ड बहाली पर आपत्ति दर्ज की है। उन्होंने सबसे पहले झारखंड होमगार्ड नियमावली, 2014 में संशोधन करने के बाद बहाली की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया अपनाई जा रही है उससे झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़ा वर्ग के लोग बहाली से बाहर रह जाएंगे। उन्होंने इसको लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि होमगार्ड बहाली में जो प्रक्रिया अपनाई जा रही है वह राज्यहित में बिल्कुल नहीं है, इसको देखते नियमावली में संशोधन करने के बाद ही बहाली की प्रक्रिया शुरू किया जाना श्रेयस्कर रहेगा। डॉ लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया है कि पूरे झारखंड राज्य में अलग-अलग जिलों में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में होमगार्ड के रिक्त करीब 36 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। यह बहाली प्रक्रिया होम गार्ड नियमावली 2014, जो बिहार होमगार्ड एक्ट 1953 के आधार पर बनाई नियमावली के आधार पर की जा रही है। जिससे राज्य के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग और आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण पूरे राज्य में बिना रोस्टर क्लियर कराए हुर होमगार्ड की बहाली की जा रही है। जिससे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को बहाली में लाभ लेने से वंचित होना पड़ रहा है।

### बाबूलाल हत्या की संदेह जता रहे हैं इसकी जांच हो : राजेंद्र प्रसाद



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने जान को खतरा बताया है। प्रसाद ने कहा कि यह मामला पक्ष और विपक्ष का नहीं है इसे गंभीरता से लेते हुए सरकार को जांच करना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले और भ्रष्टाचार करने वाले लोग किसी भी हद तक जा सकते हैं। प्रसाद ने बताया कि वे लंबे समय से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ते रहे हैं जिसके कारण उन्हें भी कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड राज्य के लिए यह दुर्भाग्य है। प्रसाद ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और प्रतिपक्ष के नेता अपने हत्या की संदेह जता रहे हैं, इसकी जांच होनी चाहिए।

### जमीन विवाद के मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से निबटाए पुलिस : नायक



**रांची।** राज्य में आदिवासी जमीन के विवाद जैसे संवेदनशील मुद्दों को सुलझाने के लिए पुलिस को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाना चाहिए। यह बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि लापुंग में पुलिस और आदिवासी समाज के बीच झड़प होने की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि घटना में थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव सहित कई पुलिसकर्मियों और आदिवासी समुदाय के लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। नायक ने कहा कि स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पुलिस और स्थानीय समुदाय के बीच टकराव हुआ। मंच का मानना है कि आदिवासी समुदाय के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए संवाद और सहमति ही एकमात्र रास्ता है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि वह ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ काम करे।

## सरकार के खिलाफ सभी प्रखंडों में 24 को प्रदर्शन करेगी भाजपा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्रदेश भाजपा मोदी सरकार के 11 साल पर राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना और राज्य सरकार की नाकामियों को उजागर करना है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में बताया कि पांच जून को पर्यावरण दिवस पर लाखों कार्यकर्ता पौधरोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। श्री सिंह ने कहा कि इस दौरान एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम भी चलेगा। पार्टी 10 एवं 11 जून को जिला केंद्रों पर प्रेसवार्ता व प्रोफेशनल मीट आयोजित करेगी। 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर संकल्प सभा आयोजित होंगे। 15 से 17 जून तक पंचायत स्तर पर चौपाल, आयुष्मान भारत योजना का पंजीकरण, 17 से 20 जून योग प्रशिक्षण और 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम मंडल स्तर पर आयोजित होंगे। 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम और 24 जून को सभी 264 प्रखंड में पार्टी राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। 25 जून को लोकतंत्र हत्या दिवस, 29 जून को मन की बात कार्यक्रम और 30 जून को हूल दिवस के कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रदेश महामंत्री, सांसद एवं कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक आदित्य साहू ने कहा कि मोदी सरकार है, जो प्रतिवर्ष देश की जनता को अपने कार्यक्रमों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है। जिस जनता ने मोदी सरकार पर भरोसा किया, उनके सामने आंकड़ों के साथ उपलब्धियों को बताना अपनी जिम्मेवारी समझती है। कार्यशाला का संचालन प्रदेश मंत्री सरोज सिंह व धन्यवाद ज्ञापन पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने किया। कार्यक्रम में सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज सिंह, राकेश प्रसाद, नीलकंठ सिंह मुंडा, आरती कुजूर, गणेश मिश्र, दुर्गा मरांडी, सीमा पासवान, सुनीता सिंह, समेत सहित जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री व कार्यक्रम के जिला संयोजक व सह संयोजक उपस्थित रहे।

### 'केंद्र विकसित भारत के लिए संकल्पित'

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यशाला में कहा कि देश की जनता ने विकसित भारत, स्वाभिमानी भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए तीसरी बार मोदी सरकार के संकल्प को पूरा किया है। जनता की उम्मीदों और विश्वासों पर मोदी सरकार लगातार 11वें वर्ष भी खरा उतर रही है। आज भारत का पूरी दुनिया में डंका बज रहा। भारत आज विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था का देश बन गया। मोदी सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रही। कहा कि आतंकवाद के खिलाफ आक्रामक लड़ाई में भारत ने पाकिस्तान को घुटने टेकने को मजबूर किया है।

# लंदन में भारतीय दल का झारखंड और बिहार के लोगों ने किया स्वागत

- लंदन में सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में भारत से ऑपरेशन सिंदूर प्रतिनिधिमंडल लंदन पहुंचा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** लंदन में सांसद रवि शंकर प्रसाद के नेतृत्व में भारत से ऑपरेशन सिंदूर प्रतिनिधिमंडल लंदन पहुंचा। जिनका पूरे प्रवासी भारतीय समुदाय ने स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से कुलदीप सिंह शेखावत, प्रशांत कुमार (संयोजक ओएफबीजेपी यूके-बिहार व झारखंड), लक्ष्मी कुमारी (ब्रिटेन में भारत की सांस्कृतिक राजदूत एवं सामुदायिक नेत्री) और कुलदीप सिंह शेखावत शामिल थे।

### भारत आतंकवाद के सामने कभी नहीं झुकेगा

इस दल ने ब्रिटिश मंत्रियों, सांसदों, थिंक टैंक्स और प्रवासी भारतीयों से मुलाकात कर एक स्पष्ट संदेश दिया कि भारत आतंकवाद के सामने कभी नहीं झुकेगा। मौके पर प्रशांत कुमार ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ हमारी सामूहिक गर्जना है। यह हमारा वादा है अपने वतन से कि हम भले ही भौगोलिक रूप से दूर हों, पर हमारा दिल भारत के साथ धड़कता है और हम हमेशा प्रहरी बने रहेंगे।

## मालवा व झारखंड चेंबर साथ मिलकर करेंगे काम : गट्टानी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मालवा चेंबर ऑफ कॉमर्स के आमंत्रण पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष परेश गट्टानी ने साथ मिलकर काम करने की बात कही। चेंबर अध्यक्ष ने मंगलवार को बताया कि इंदौर प्रवास के दौरान बाईलैटरल मीटिंग में शामिल होकर उन्होंने झारखंड और मध्य प्रदेश के बीच व्यापारिक अवसर के निर्माण और उद्योग जगत को सशक्त बनाने के लिए कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। चेंबर अध्यक्ष ने झारखंड चेंबर और मालवा चेंबर के बीच एक ज्वाईंट वर्किंग ग्रुप बनाने का प्रस्ताव दिया। ताकि, संयुक्त प्रयास से पारस्परिक निवेश, क्रॉस इंवेस्टमेंट, बिजनेस डेलिगेशन और इंडस्ट्रीयल पार्टनरशीप को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य की मौजूदा योजनाओं और नीतियों का लाभ उद्यमियों को दिलाने में संयुक्त प्रयास किया जा सके। चेंबर अध्यक्ष ने उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इकोनॉमिक प्रॉसपैरिटी का रास्ता आपसी सहयोग में निहित है। झारखंड चेंबर और मालवा चेंबर एक साथ मिलकर पूर्वी भारत और मध्य भारत के लिए कैटलिस्ट ऑफ ग्रोथ के रूप में काम कर सकते हैं।

### बाबूलाल पर झामुमो व कांग्रेस का अशोभनीय टिप्पणी पर भाजपा ने किया हमला

## पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित राजधर्म भूल गए हैं सीएम : प्रतुल शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की गठबंधन सरकार पर बड़ा हमला किया है। वहीं कहा की पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है। उग्रवाद के खिलाफ जंग के दौरान बाबूलाल मरांडी के बेटे की शहादत हो गई थी। फिर भी उन्होंने अपने नीति और सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। 2013 में जब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री थे उसी काल खंड में शिकारीपड़ा में उनके खिलाफ उग्रवादियों ने बड़ी साजिश की। समय पर षड्यंत्र बेनकाब हुआ। ऐसे व्यक्ति के लगाए आरोपों पर सरकार को गंभीरता से संज्ञान लेकर कार्रवाई करने की जगह बेहद ओछी राजनीति से प्रेरित बयान देना यह स्पष्ट करता है कि गठबंधन सरकार के समय राजनीतिक का स्तर गर्त में चला गया है। प्रतुल ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी ने सरकार पर बेहद गंभीरआरोप लगा लगाया था कि उनके ,उनके उनके परिजन और उनके करीबियों के खिलाफ सरकार बड़े लेवल पर षड्यंत्र कर रही है। सरकार इस मुद्दे पर संज्ञान लेने की जगह विभिन्न दलों के प्रवक्ताओं से घटिया बयान बाजी करा रही है। ये स्पष्ट दिख रहा है कि पूरी की पूरी सरकार बाबूलाल फोबिया से ग्रसित है और इनमें सही और गलत का फर्क भी नहीं रहा।

## कानून की मदद लें बाबूलाल : विनोद

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा की ओर से लगाए गए आरोप न केवल तथ्यहीन हैं, बल्कि यह उनके राजनीतिक दिवालियापन का प्रमाण भी है। बाबूलाल मरांडी के प्रति हम सभी सम्मान का भाव रखते हैं, लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे अब भाजपा के एजेंडे का हिस्सा बनकर झूठ और भ्रम फैलाने का कार्य कर रहे हैं। यह बातें झारखंड मुक्मि मोर्चा झामुमो के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि वे बाबूलाल मरांडी के निजी पीड़ा का सम्मान करते हैं, लेकिन इससे उन्हें यह अधिकार नहीं मिल जाता कि वे निराधार आरोपों से एक संवैधानिक सरकार की छवि को धूमिल करने की साजिश रचते रहें। उन्होंने कहा कि यदि बाबूलाल मरांडी के पास कोई ठोस सबूत है कि उनके और उनके करीबियों के खिलाफ षड्यंत्र हो रहा है, तो उन्हें कानून की मदद लेनी चाहिए। आखिर वह कब तक राजनीतिक बेचारा बन कर सियासत करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो आंदोलन से निकली पार्टी है जिसने जनसरोकारों के लिए दशकों तक संघर्ष किया है। त्याग का पाठ हमें किसी से सीखने की जरूरत नहीं।

आदिवासी हितों की रक्षा हमारा मूल मंत्र है। बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी या किसी अन्य स्थान पर आदिवासियों के हित में क्या कार्य किया, यह सबके सामने है। उन्होंने कहा कि वे जानना चाहते हैं कि भाजपा की सरकारों ने उनके कार्यकाल में कितनी बार नगड़ी जैसे संवेदनशील मामलों को प्राथमिकता दी।

### राज्यपाल ने विद्यार्थियों को किया सम्मानित, कहा

# युवा प्रतिभाएं राष्ट्र की असली पूंजी हैं




- राज्यपाल ने वहां छात्र-छात्राओं के साथ भोजन ग्रहण किया तथा उनसे संवाद किया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची/बहरागोड़ा।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को के बहरागोड़ा में आशीर्वाद संस्था द्वारा आयोजित 'प्रतिभा सम्मान समारोह–2025' में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बहरागोड़ा क्षेत्र बहुभाषी और बहुसांस्कृतिक विरासत से समृद्ध है, जहां की प्रतिभाओं ने शिक्षा, कला और सामाजिक सेवा के माध्यम से देश-विदेश में झारखंड का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह 'प्रतिभा सम्मान समारोह' केवल पुरस्कार वितरण का अवसर नहीं है, बल्कि यह परिश्रम, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों का उत्सव है।

राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा पीढ़ी होती है। जब विद्यार्थी कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, शिक्षक समाज निर्माण में योगदान देते हैं और नागरिक जनसेवा में योगदान देते हैं, तो यही हमारे राष्ट्र की सच्ची नींव बनाते हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि यह समाज को भी सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी को जीवन में प्राथमिकता दें तथा अपने ज्ञान और ऊर्जा का उपयोग समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में करें।

### राज्यपाल ने उपाधिधारकों को दी शुभकामनाएं कहा- दीक्षांत केवल शैक्षणिक यात्रा का अंत नहीं है



राज्यपाल ने मंगलवार को अरका जैन विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं कहा कि दीक्षांत केवल शैक्षणिक यात्रा का अंत नहीं, बल्कि सामाजिक दायित्वों की शुरुआत है। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की वास्तविक निधि बताते हुए आह्वान किया कि वे अर्जित ज्ञान, मूल्य और संवेदनशीलता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करें। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड राज्य के राज्यपाल के पदभार ग्रहण के बाद से ही उच्च शिक्षा में सुधार के लिए प्रयत्नशील है। हम ग्रेडिंग सिस्टम में सुधार के लिए सतत प्रयासरत हैं। इस विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड मिलना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में सुधार हेतु कोई भी व्यक्ति सुझाव दें, तो आमंत्रित है। उनकी इच्छा है झारखण्ड प्रदेश उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनें। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा सदस्य चंपाई सोरेन, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो ईश्वरन अय्यर, शासी निकाय के सदस्य, अकादमिक परिषद, शिक्षक, अभिभावक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

### फर्जी कागजात से दूसरे की गाड़ी को अपना बताकर बेचा, केस दर्ज

**रांची।** रांची के धुर्वा के रहने वाले राहुल कुमार से गाड़ी की बिक्री के एवज में 15 लाख की ठगी की गई है। इस संबंध में राहुल कुमार ने भारत तिवारी, सत्येंद्र तिवारी और अभिषेक तिवारी के विरुद्ध धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। राहुल कुमार की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि वह मूल रूप से बिहार के जहानाबाद के रहने वाले हैं। वर्तमान में पप्पू कुमार सिंह की कंपनी में बतौर चालक काम करते हैं। यूपी निवासी भारत तिवारी अक्सर उनकी कंपनी में बड़ी और महंगी गाड़ी लेकर आते थे। इसी बीच उनसे अच्छी जान-पहचान हो गई। एक गाड़ी खरीदने की इच्छा जतायी। 17 अगस्त 2024 को आरोपी ने उन्हें फोन किया और जल्दी गाड़ी ले जाने की बात कही। उस वक्त पांच लाख रुपए नगद की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने कर्ज लेकर 15 लाख का भुगतान किया। कागजात देकर आरोपी ने उन्हें गाड़ी दी। इसके बाद गाड़ी को उन्होंने अपने गांव भेज दिया। हाल के दिनों में पता चला कि गाड़ी के सारे कागजात फर्जी हैं। गाड़ी भी भरत तिवारी की नहीं है।

## रैंप विवाद पर आहूत बैठक में नहीं पहुंचे सचिव, भड़की आशा लकडा

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के रैंप विवाद को लेकर प्रोजेक्ट भवन में मुख्य सचिव, कल्याण विभाग के सचिव और पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सहित अन्य अधिकारियों के साथ मंगलवार को बैठक की। लेकिन बैठक में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार अनुस्थिति रहे। इसपर डॉ लकडा भड़क गईं और कहा कि जब आयोग की ओर से पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को समन जारी कर नई दिल्ली स्थित आयोग के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया गया तो उन्होंने व्यस्तता का हवाला देकर उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद फिर आयोग की टीम बैठक में भी नहीं पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रधान सचिव सुनील कुमार का यह रवैया ठीक नहीं है। वे आयोग के दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब बैठक में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव ही उपस्थित नहीं हैं तो संबंधित विषय पर कोई निष्कर्ष नहीं निकल पाएगा। इसके बाद बैठक स्थगित कर दी गई। आयोग के कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए डॉ आशा लकड़ा ने कहा कि जब तक राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की ओर से संबंधित मामले की जांच की जा रही है, तब तक संबंधित योजना का न तो उद्घाटन किया जा सकता है और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य। संबंधित योजना यथावत रहेगी।

मौके पर रांची नगर निगम के अपर प्रशासक संजय कुमार, नगर विकास विभाग के अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार, एनसीएसटी के डिप्टी सेक्रेटरी योगेंद्र यादव, रिसर्च आफिसर एचआर मीणा, अनुसंधान अधिकारी राहुल, लीगल आफिसर राहुल यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्य सचिव ने सरना स्थल के संरक्षण का दिया आश्वासन

मौके पर डॉ लकडा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से भेजे गए नोटिस का जवाब दें, ताकि सिरमटोली सरना स्थल के समीप कराएं गए रैंप निर्माण और केंद्रीय सरना स्थल को संरक्षित करने की दिशा में उचित निर्णय लिया जा सके। इस दौरान मुख्य सचिव अलका तिवारी ने उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि आयोग की ओर से सिरमटोली-मेकान फ्लाईओवर के रैंप से संबंधित दिए गए दिशा-निर्देश और सुझाव से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव को भेज दिया जाएगा, ताकि संबंधित विषयों पर उचित कार्रवाई हो सके।

# दस गज पर दस ठोकरें

दुर्घटना जोन बना हरमू का टुंगरी टोली

# सड़क पर ठोकर या ठोकर पर सड़क

**मनोज मिश्रा।** रांची राजधानी के व्यस्तम इलाकों में शामिल हरमू के टुंगरी टोली के पास स्थित सड़क एक्सीडेंट जोन बनी हुई है। संत फ्रांसिस स्कूल के पास रोज दुर्घटना हो रही है और वाहन सवार चोटिल हो रहे हैं। कभी दुर्घटना इतनी भयंकर होती है कि लोग खून से लथपथ सड़क पर गिरे रहते हैं। दुर्घटनाग्रस्त लोगों को कोई उठाता भी नहीं है। यह ठीक है कि स्कूल के पास एक - दो ठोकरें होनी चाहिए ताकि वाहन सवार अपनी गति कम कर ले। मगर यह कहां की इंजीनियरिंग है कि दस गज पर दस ठोकरें बना दी जाए और वह भी ठोकरों की दूरी का उचित ढंग से पालन न हो।




### दस गज पर दस ठोकरें बना दी गई है : आशा भारती



स्थानीय दुकानदार आशा भारती बताती हैं कि दस गज पर दस ठोकरें बना दी गई है। प्रतिदिन वाहन दुर्घटना होती है व लोग चोटिल होते हैं। कईयों की तो मैने मरहम पट्टी की है। कभी दुर्घटना इतनी भयंकर होती है कि वाहन सवार खून से लथपथ रहते हैं। कोई उन्हें उठाता तक नहीं बल्कि वीडियो बनाता रहता है।

### यहां सीरियल दुर्घटना होती है : सुमति



स्थानीय दुकानदार सुमति देवी बताती हैं कि इस स्थान पर सीरियल दुर्घटना होती है। एक के पीछे एक वाहन एक दूसरे से टकरा जाते हैं,जो भयंकर रुप धारण कर लेती है। दुर्घटना के कारण अक्सर लोग आपस में लड़ भी जाते हैं मगर दुर्घटना का कारण जरूरत से ज्यादा ठोकरें हैं।

---

महेश नवमी पर्व आज मनाया जाएगा

## महेश नवमी समाज में एकता समृद्धि और भाईचारे का संदेश देता है

- माहेश्वरी समाज में महेश नवमी का विशेष महत्व, समाज बड़े उत्साह और श्रद्धा से मनाता है यह पर्व



- महेश नवमी हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण त्योहार है यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती को समर्पित है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री माहेश्वरी सभा के पूर्व सचिव मुकेश काबरा एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि इस वर्ष महेश नवमी पर्व 4 जून को मनाया जाएगा। महेश नवमी हिंदू धर्म का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और पावन पर्व है, जो देवों के देव भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य स्वरूप को समर्पित है। यह त्योहार मुख्य रूप से माहेश्वरी समाज द्वारा बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन माहेश्वरी समाज की उत्पत्ति हुई थी। इसलिए यह पर्व उनके लिए वि शेष महत्व रखता है और इसे अपने पूर्वजों और संस्कृति से जुड़ने का दिन माना जाता है। यह पावन पर्व, शिव भक्तों के लिए सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति का अवसर लेकर आता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, जिससे परिवार में खुशहाली बनी रहती है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार, महेश नवमी ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाई जाती है। इस वर्ष नवमी तिथि 3 जून को रात 9:56 बजे शुरू होगी और 4 जून को रात 11:54 बजे समाप्त होगी। उदयातिथि के आधार पर, यह पर्व 4 जून को मनाया जाएगा। इस दिन रवि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का संयोग बन रहा है, जो पूजा और धार्मिक कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

## मोरहाबादी और लालपुर में घंटों बिजली ठप रही

**रांची।** हल्की बारिश में रांची शहर के कई इलाकों में मंगलवार को बिजली गुल हो गई। यह समस्या लोकल फॉल्ट आने के कारण हुई। मोरहाबादी स्थित टैगोर हिल, लालपुर, थड़पखना सहित अन्य इलाकों में दोपहर और शाम में एक से दो घंटे के लिए बिजली गुल रही। वहीं, कडरू, न्यू एजी कॉलोनी में बिजली की आंख-मिचौनी होती रही। इसके अलावा शहर के अन्य इलाकों में छिटपुट रूप से बिजली के आने-जाने का सिलसिला कुछ देर लिए बना रहा। बिजली अचानक कट जाने से लोग परेशान रहे। विशेषकर बिन बिजली लोगों को एक घंटे भी गर्मी में रहना मुश्किल लगा। शाम में कोकर इंडस्ट्रियल एरिया व आसपास के अलाकों में आधे से एक घंटे के लिए अचानक बिजली बंद हो गई, जो कुछ देर बाद बहाल हो गई।

## डीएवी हेहल के छात्रों ने जेईई में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन






**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के छात्रों ने जेईई एडवांस्ड 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। लगभग दस विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस्ड की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। इसमें आयुष कुमार को 7180, अर्नब कुमार बनर्जी को 18172, किशलय दुबे को 20017 व अनिकेत पॉल को 30455 रैंक मिला है।

विद्यालय परिवार इन छात्रों को बधाई दिया है। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य बिपिन राय ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने जिस प्रकार आत्मविश्वास और समर्पण के साथ यह मुकाम हासिल किया है, वह अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। डीएवी हेहल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नैतिक मूल्यों के समन्वय हेतु प्रतिबद्ध रहा है।




## 43 विद्यालयों के जिला स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण की हुई सुनवाई

- किचन सेट, शौचालय, तड़ित चालक, वर्ग कक्ष निर्माण पर भी हुई चर्चा
- संबंधित कार्यालयों को रिपोर्ट भेजने व समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर मंगलवार को आईटीडीए निदेशकसंजय भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 के मध्याह्न भोजन योजना एवं समग्र शिक्षा के अंतर्गत 43 विद्यालयों का जिला स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण की सुनावई संपन्न हुई। जिसमें सभी प्रखंडों से आए विभिन्न प्रकार के मुद्दे यथा किचन सेट ,शौचालय, तड़ित चालक, वर्ग कक्ष निर्माण संबंधित थे। जिसका निराकरण करने के लिए विभिन्न कार्यालय को प्रतिवेदन भेजने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला सोशल ऑडिट की टीम के सदस्य, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, राज्य परियोजना कार्यालय नोडल पदाधिकारी सीमा प्रसाद, जिला परिषद की उपाध्यक्ष, झारखंड शिक्षा परियोजना के सभी पदाधिकारी कर्मी एवं सभी प्रखंडों से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं सभी कनीय अभियंता उपस्थित थे।

मोरहाबादी की चौपाल से

## बारिश की पानी व खराब स्ट्रीट लाइट पर हुई चर्चा

मोरहाबादी की चौपाल से आज कई गंभीर विषयों पर चर्चा हुई। इसमें बारिश, स्ट्रीट लाइट पर चर्चा हुई। इस दौरान एक सदस्य ने कहा कि पिछली कई दिनों से कुछ बारिश होते ही शहर की दुर्व्यवस्था की खबरें फोटो के साथ आ रही हैं। यह भी खबर आई कि शहर में 17000 स्ट्रीट लाइट खराब पड़ी है। ट्रैफिक जाम, सड़क, बिजली, पानी की बदहाली की खबरें। इस विषय पर राजेश जी ने इस ग्रुप में कुछ लिखा भी। आज मुझे सिविल सोसाइटी एल्बम में कुछ खबरें पढ़ने को मिली सात-आठ साल पुरानी। उस समय इन खबरों से रांचीवासियों को बहुत खुशी हुई थी। लेकिन लगता है कि परिस्थितियों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ, कारण व्यवस्था उस समय भी भ्रष्ट थी, आज भी भ्रष्ट है। वहीं दूसरे सदस्य ने कहा क अधूरा टाइम्स स्क्वायर भी मोरहाबादी में बना, खर्च ज्यादा नहीं हुआ था करीब 50 करोड़ के लगभग वहां बना स्टेज अभी तोड़ा जा रहा है ,पता नहीं क्यों?



### आज / कल




## 156वां श्री हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 156वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया गया। बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। शिवेंद्र प्रताप सिंह ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा, गुड़, चना, फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। शिवेंद्र प्रताप सिंह ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा, पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा, मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवं राजेश जायसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, उपमंत्री अनिल नारनौली, शिवेंद्र प्रताप सिंह, वंदना, धवल, श्वेता, देवीशा सिंह, अंकित सिंह, कृष्णा अग्रवाल, हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।




### एनके एरिया में फर्जीवाड़े से नौकरी हथियाने का आरोप

# जून में खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष धरना देगा रैयत विस्थापित मोर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**




रैयत विस्थापित मोर्चा केडीएच शाखा की एक अहम बैठक मंगलवार को विश्रामपुर पंचायत भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष जालिम सिंह ने की। इस अवसर पर एरिया अध्यक्ष बिगनसिंह भोगता, सचिव जगरनाथ महतो, प्रवक्ता रामलखन गंझू, उपाध्यक्ष विनय खलखो व पंचायत की मुखिया दीपमाला कुमारी विशेष रूप से उपस्थित थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि जमीन से संबंधित लंबित समस्याओं को लेकर जून माह में खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष धरना दिया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि विश्रामपुर क्षेत्र में कई रैयतों की जमीन अधिग्रहण कर ली गई, लेकिन अब तक उन्हें मुआवजा या नौकरी नहीं दी गई है। वहीं कुछ गैर-रैयत लोग फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी प्राप्त करने के प्रयास में लगे हैं, जिसका ग्रामीण विरोध करेंगे। वक्ताओं ने यह भी कहा कि खलारी अंचल में जमीन से संबंधित कार्य जैसे रसीद काटना, दाखिल-खारिज, और सत्यापन कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों को लगातार अंचल कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। बैठक में इस आशंका पर भी चिंता व्यक्त की गई कि आगामी खदान विस्तार योजना के मद्देनजर कई बाहरी लोग जमीन का बंदोबस्त कर नौकरी पाने की योजना बना रहे हैं। ऐसे में ग्रामीणों को सतर्क रहने तथा अपने अधिकारों के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। संचालन शाखा सचिव प्रभाकर गंझू व धन्यवाद ज्ञापन शाखा अध्यक्ष दामोदर गंझू ने किया। बैठक में शिवनारायण लोहरा, बालजीत गंझू, देवलाल गंझू, सोनू गंझू, महावीर गंझू, संजय गंझू, बलराम गंझू, बालेश्वर गंझू, मुनेश्वर गंझू, बिगन लोहरा, लहसन गंझू, जीतन गंझू, मिलुवा गंझू, किशुन गंझू, सिपता गंझू, सुनीता देवी, अनिता देवी, बसंती देवी, रीता देवी, मुनिया देवी, शांति देवी, तेजनी देवी, बाजो देवी, कौशिला देवी, मनीता देवी, फुलमनी देवी, मानती देवी, सपना देवी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## डीएवी महात्मा आनंद स्कूल पर्यावरण क्विज प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहा



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**

हिंडाल्को मुरी द्वारा आयोजित पर्यावरण विषयक क्विज प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल, मुरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता पर्यावरण संरक्षण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता और ज्ञानवर्धन हेतु आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल की टीम ने अपने ज्ञान, त्वरित उत्तर क्षमता और टीम वर्क से सभी को प्रभावित किया। डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल के प्रतिभागियों की सूची इस प्रकार हैः आहाना मंडल, नमन राज शर्मा, आदित्य कुशवाहा और अर्नब मंडल । विद्यालय की प्राचार्या, शिक्षकों और अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि यह पर्यावरण के प्रति उनकी जागरूकता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। गौरतलब है कि विद्यालय में 11वीं कक्षा हेतु वाणिज्य तथा विज्ञान संकाय विषय क्षेत्र में नामांकन जारी है। इच्छुक छात्र नामांकन हेतु आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### इटकी के पंचायत जनप्रतिनिधियों को विकास योजनाओं की तकनीक का मिला प्रशिक्षण

**इटकी।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को प्रशासन और आशा संस्थान द्वारा आयोजित एकदिनी प्रशिक्षण शिविर में मुखिया, वार्ड सदस्य और पंचायत समिति सदस्यों को विकास योजनाओं की नई तकनीकी कार्य प्रणाली पर विशेष जानकारी दी गई। प्रशिक्षक गुरजीत सिंह ने विकेन्द्रीकरण के मूल तत्वों के केस स्टडी के माध्यम से 73वें संशोधन और जेपीआरए पेसा, जीपीईसी, जेपीसीसी के अतिरिक्त कई अन्य प्रावधानों से पंचायत जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मुखिया और वार्ड सदस्यों के लिए यह प्रशिक्षण महत्वपूर्ण पहल है जो मुखिया और वार्ड सदस्यों को उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करता है। प्रशिक्षण में आशा संस्था के परियोजना समन्वयक ललन साहू ने ग्राम पंचायत के महत्व और उनके कामकाज, योजनाओं की नीतियों पर जानकारी देते हुए मुखिया और वार्ड सदस्यों को आम जनता के साथ संवाद स्थापित करना, समस्याओं के प्रति जानकारी के साथ विकास योजनाओं क्रियान्वयन पर विशेष चर्चा की।

## सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल

**मांडर।** मांडर थाना क्षेत्र के मांडर से बेड़ो जाने वाले मार्ग पर सोमवार लगभग रात 8 बजे कंजिया गांव के निकट सड़क हादसे रांची के रहने वाले 20 वर्षीय मो फैज़ान एवं 20 वर्षीय मो साहर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए मांडर स्थित रेफरल हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया।

### सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो ने टूटे नहर का किया निरीक्षण



**सिल्ली।** मंगलवार के दिन सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने उरांगाड़ा नदी से निकले लोटा किता नहर का निरीक्षण किया, और बताया कि नहर कई जगह से टूटा हुआ है, एवं जगह जगह पर मिट्टी भरा हुआ है, पूरे नहर में घास और झाड़ियाँ है। इस नहर से लोटा, धुंधाजरा, किता, चपाटांड़, हेरलाबेड़ा, गारापार, मोदीडीह, सुरगुंजाडीह, केंदुवाडीह, खेदाडीह, धधकीडीह, बड़कीटांड, पूरबकुल्ही इत्यादि गांवों की खेती नहर टूटने से बाधित होगी।नहर की स्थिति बहुत खराब है।नहर निरीक्षण के मौके पर सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो, मलिन महतो, रूपेश चंद्र महतो इत्यादि ग्रामीण उपस्थित थे। उक्त जानकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने दी।

### पांच दिवसीय शिव शक्ति धाम प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय के पुराना बाजार स्थित नव निर्मित शिव शक्ति धाम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्री श्री 108 श्री शिव शक्ति धाम प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली गई। यहां कलश यात्रा आदिशक्ति दुर्गा मंदिर स्थित यज्ञ शाला से निकलकर छठ तालाब पहुंची जहां पर यज्ञाचार्य पंडित श्री चिंतामणि कम्हें जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान कर कलश में जल भरवाया इस क्रम में मुख्य यजमान कलश लिए आगे बढ़ रहे थे उनके पीछे 701 कुंवारी कन्या लाल चुनरी ओढ़े माथे में कलश लिए नंगे पांव धार्मिक नारे लगाए आगे पढ़ रहे थे इस दौरान बाजार का भ्रमण करते हुए महोदा मोड ,बजरंग बली मंदिर ,भयहरण मंडा मोहन डीह होते हुए यज्ञ परिसर पहुंचे जहां क्लाश यात्रा का समापन किया गया यज्ञ का मुख्य यजमान रामधनी राम और गांडेय पंचायत के मुखिया अमृतलाल पाठक के साथ कलश यात्रा में पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा,प्रमुख राजकुमार पाठक ,जिप अध्यक्षा मुनिया देवी,प्रकाश सेठ ,यदुननद पाठक ,राजेंद्र तरवे भी जयकारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। उक्त यज्ञ में प्रतिदिन दिन को विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी जबकि रात्रि को वृंदावन से पहुंचे कथा वाचक श्री सत्यांशु जी महाराज के द्वारा शिव पुराण का कथा कहा जायेगा। मौके पर मुख्यरूप से प्रमोद राम,राज कुमार राम,विकाश राम ,संदीप राम,सुधीर गुप्ता,नरेंद्र गुप्ता,साकेत कुमार ,अरुण हाजरा,सहित सैकड़ों भक्त मौजूद थे

### आरसीए प्रीमियर लीग सीनियर 2025

# आरसीए नाइट राइडर्स ने आरसीए चार्जर्स को तीन विकेट से हराया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची के सेंट जेवियर स्कूल ग्राउंड में मंगलवार को आरसीए प्रीमियर लीग सीनियर 2025 का फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें आरसीए नाइट राइडर्स ने आरसीए चार्जर्स को 3 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीए चार्जर्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 121 रन बनाए। अवल्ष ने 52 व तेजश ने 34 रन का योगदान दिया। प्रदीप और प्रणव को 2-2 विकेट प्राप्त हुआ । जवाब में आरसीए नाइट राइडर्स की टीम ने 15.3 ओवरों में 7 विकेट खोकर 125 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रणव ने 34, अभिराज ने 15, प्रदीप ने 17 रन का योगदान दिया। अंकित ने 18 रन देकर 5 विकेट प्राप्त किए। फाइनल मैच का प्लेयर ऑफ द मैच अंकित को चुना गया। वहीं बेस्ट बैट्समैन प्रणव चौधरी तथा बेस्ट बॉलर आदित्य बंधु को दिया गया। विजेता और उपविजेता टीम को कप और मेडल देकर मुख्य अतिथि सूरज मोहन ने सम्मानित किया और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मोहम्मद वसीम, मोहम्मद उज्जैर, समीर चौधरी, रणविजय सिंह, कुंतक आनंद, राजीव महतो, मकसूद और कई गणमान्य लोग मौजूद थे

### महिला ने कीटनाशक खाकर दी जान

**दुमका।** जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जियाथर गांव में मंगलवार को 23 साल की एक बच्चे की मां चंपा देवी ने कीटनाशक खाकर जान दे दी। नगर थाना की पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार मां पारोती देवी ने बताया कि दस साल पहले बेटी की शादी मसलिया के सागबेहरी निवासी अनिल राणा से हुई थी। अनिल बाहर मजदूरी करता था। दो साल से बेटी मायके में रह रही थी। सुबह पता नहीं किस कारण से कीटनाशक खा लिया। आंगन में गिरने के बाद उल्टी करने लगी। हालत अधिक खराब होने पर बेटी को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने के बाद नगर थाना के एएसआई दीपक सोरेंग अस्पताल पहुंचे और मां का बयान लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया।

## सेल यूनिट ने रॉकमेंस ब्लू को 111 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई



रांची। ईडीएस सुपर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सेल यूनिट रांची क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेकन ग्राउंड पर रॉकमेंस ब्लू को 111 रनों से हराकर फाइनल में जगह बना ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, सेल यूनिट ने 44.2 ओवर में 210 रन बनाए। टीम के लिए उत्तम कुमार (58 रन, 62 गेंद) और मोहित कुमार (58 रन, 63 गेंद) ने अर्धशतक लगाकर मजबूत नींव रखी। जवाब में रॉकमेंस ब्लू की टीम दबाव में आकर सिर्फ 99 रन पर 23.3 ओवर में ऑलआउट हो गई। हालांकि नीतीश यादव ने 36 रनों की पारी खेली, पर टीम के अन्य बल्लेबाज टिक नहीं सके। गेंदबाज़ी में मैंन ऑफ द मैच पंकज यादव ने 4 विकेट मात्र 21 रन देकर शानदार प्रदर्शन किया, वहीं प्रशांत सुमन ने 6 ओवर में 3 मेडन, 4 रन और 2 विकेट लेकर रॉकमेंस ब्लू की कमर तोड़ दी। विकाश कुमार ने भी 2 विकेट चटकाए। इस जीत के साथ सेल यूनिट रांची आत्मविश्वास के साथ फाइनल में पहुंच गई है, जबकि रॉकमेंस ब्लू का सफर यहीं समाप्त हो गया। इस मौके पर सेल टीम के स्पोर्ट सेक्रेटरी श्री राहुल श्रीवास्तव, क्रिकेट विंग सेक्रेटरी श्री के पी पात्रा और श्री एस के मंडल में मेकन ग्राउंड पर सेल टीम के खिलाड़ियों को फ़ाइनल में लगातार दूसरे वर्ष प्रवेश करने के लिए बधाई दी ।

### रामगढ़ मिलिट्री स्टेशन में भर्ती कराने के नाम पर पैसे लेने के आरोप में दो गिरफ्तार



**रांची/रामगढ़ ।** लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस की विशेष सूचना के आधार पर, रामगढ़ पुलिस ने चंद्रपाल और शंकर रॉय नाम के दो नागरिकों को पकड़ा। जो कुछ लोगों से धोखाधड़ी करने और उन्हें रामगढ़ मिलिट्री स्टेशन में सिविल संविदा भर्ती में भर्ती कराने का झूठा वादा करके पैसे की मांग कर रहे थे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चंद्रपाल पहले से ही रामगढ़ कैंट में रसोइया के रूप में काम कर रहा है और रामगढ़ कैंट में निजी ठेकेदारों के माध्यम से संविदा नौकरियों में भर्ती कराने का झूठा वादा कर लोगों को फंसाने और ठगने की कोशिश कर रहा था।जानकारी के अनुसार, वह इस उद्देश्य के लिए फर्जी भर्ती के लिए प्रति व्यक्ति 5000 से 7000 रुपये वसूल रहा था।

### रातू के कमड़े में अवैध फैक्ट्री का भंड़ाफोड़, 4 हजार लीटर सॉस जब्त

**रांची ।** रातू थाना क्षेत्र के कमड़े में मंगलवार को अवैध सॉस फैक्ट्री का भंड़ाफोड़ हुआ। खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी में एक स्थान पर संचालित अवैध फैक्ट्री में बिना लाइसेंस और मानक के सॉस तैयार किया जा रहा था। पुलिस की मौजूदगी में छापेमारी टीम ने मौके से 4020 लीटर तैयार सॉस और 960 लीटर विनेगर जब्त किया। जहां सॉस तैयार किया जा रहा था, वहां की स्थिति सीलन भरी पाई गई, जो स्वास्थ्य कारणों के लिहाज से खतरनाक हो सकती है। टीम की ओर से जब्त सॉस, विनेगर और अन्य खाद्य पद्धार्थ के नमूने को गुणवत्ता की जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है। प्रयोगशाला में जांच के बाद मिली रिपोर्ट के आधार पर संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा बिना लाइसेंस संचालन एवं अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य उत्पाद निर्माण के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध अलग से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि झारखंड के उप खाद्य सुरक्षा आयुक्त व सदर अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर रांची जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने टीम के साथ छापेमारी की।

# लापुंग घटना में घायल थाना प्रभारी से मिलने अस्पताल पहुंचे डीआईजी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



लापुंग थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर चल रही ग्रामसभा के दौरान पुलिस पर हुए हमले में घायल थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव का हालचाल लेने पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची राज हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों से बातचीत कर थाना प्रभारी व अन्य घायल जवान के समुचित इलाज का अनुरोध किया। इस दौरान कोतवाली डीएसपी समेत कई अन्य अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लापुंग थाना क्षेत्र में सोमवार को एक ग्रामसभा के दौरान जमीन विवाद को लेकर स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इसी बीच कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव को सिर में गंभीर चोट लगी, जबकि एक अन्य सिपाही भी घायल हुआ है। प्राथमिक उपचार के बाद थाना प्रभारी को बेहतर इलाज के लिए रांची भेजा गया। बेड़ो डीएसपी अशोक राम ने बताया कि जमीन विवाद के दौरान कुछ बाहरी लोगों के ग्रामसभा में मौजूद होने की सूचना पर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे थे। इसी बीच अचानक हमला हुआ, जिसमें वे घायल हो गए। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लापुंग क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। रूरल एसपी सहित कई थाना प्रभारी मौके पर कैंप कर रहे हैं। पुलिस को आशंका है कि ग्रामीणों को बाहर से आए लोगों ने भड़काया है। गौरतलब है कि इसी सप्ताह रांची के बेड़ो थाना पर भी हमला हुआ था। जांच में सामने आया था कि इसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से आए लोगों की भूमिका थी। आशंका जताई जा रही है कि बेड़ो की घटना में शामिल तत्व ही लापुंग की घटना में भी सक्रिय थे। पुलिस प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

## कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम रवाना



**रांची।** कबड्डी प्रतियोगिता के लिए झारखंड टीम मछलीपट्टनम (आंध्र प्रदेश) के लिए प्रस्थान किया। कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड की ओर से टीम को शुभकामनाएं दी गई। शुभकामना देने वालों में कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के अध्यक्ष गोपाल ठाकुर, चेयरमेन बिपिन कुमार सिंह, महासचिव मुकेश कुमार सिंह, अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक तेज नारायण प्रसाद माधव, पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा, नवनीत कुमार सोनू, जगदीश कुमार, आलोक कुमार, मदन मोहन पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, राजीव कुमार, अनीता कुमारी, आशा कुमारी, हैदर हुसैन, मुकेश कुमार, राखी कुमारी, उपेंद्र, सुनीता कुमारी, प्रद्युम्न पांडेय, मदन राय आदि शामिल है।

## विश्व साइकिल दिवस पर साइकिलिंग को प्रोत्साहन



रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड एवं डीएलएड इकाई ने विश्व साइकिल दिवस पर साइकिलिंग को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जीवन शैली में साइकिल के प्रयोग को बढ़ावा देने की बात कही गई। साइकिलिंग से अनिद्रा, हृदय रोग, तनाव एवं रक्तचाप जैसी बीमारियों से बचा जा सकता है। वहीं स्वस्थ जीवन शैली प्रोत्साहित होता है और स्वास्थ्य, समानता और स्थिरता को बढ़ावा दिया जा सकता है। साइकिलिंग से मोटापा व डायबिटीज नियंत्रित होता है, मांसपेशियां सुदृढ़ होती है।

### बकरीद में शांति व्यवस्था को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**गांडेय,गिरिडीह।** गांडेय थाना परिसर में मंगलवार को बकरीद त्योहार मे शांति एवं सौहार्द को लेकर शांति समिति की बैठक प्रमुख राज कुमार पाठक की अध्यक्षता में की गई बैठक में गांडेय थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया। थाना प्रभारी आनन्द प्रकाश सिंह ने बकरीद पर्व के मद्देनजर सरकारी गाइडलाइंस की जानकारी दी। कहा कि बकरीद त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने किसी भी अफवाह पर ध्यान नही देने को कहा। इस दौरान उन्होंने लोगों से त्योहार मे शांति व्यवस्था बनाने में सहयोग की अपील की। गांडेय अंचल निरीक्षक कमाल खान ने कहा कि बकरीद पर्व में किसी भी प्रकार घटना होती है तो प्रशासन को तुरंत खबर करे प्रशासन 24 घंटे आपकी सहयोग में तत्पर है ।प्रमुख राजकुमार पाठक ने बकरीद पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी शांति पूर्ण तरीके से त्यौंहार मनाए कहा कि किसी भी प्रतिबंधित पशु का कुर्बानी न दे जिससे कि क्षेत्र का माहौल खराब हो। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियो ने बकरीद पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर अपना विचार रखा।

## पत्नी की हत्या कर फरार हुआ पति अड़की पुलिस कर रही है छापेमारी

**अड़की।** उलिहातु गांव में 19 वर्षीय महिला सुन्डूकी हेंब्रम की हत्या उनके पति लोदरो मुंडा ने कर दी । आरोप है कि लोदरो मुंडा अपने पत्नी के साथ रात किसी बात पर झगड़ा हुआ था गुस्से में आकर आरोपी ने भोथड़े हथियार से हमला कर दिया जिससे उसकी पत्नी की मौत पर ही मौत हो गई । हत्या करने के बाद आरोपी गांव से फरार है। घटना की जानकारी मिलते ही अड़की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद स्वजनों को सौंप दिया है। वहीं पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है।

### बकरीद को लेकर प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च

बरही । शांति और सद्भाव से बकरीद संपन्न करवाने को लेकर प्रशासन ने फ्लैग मार्च निकाला. जिसकी अगुवाई एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल के निर्देशन में इंस्पेक्टर आभास कुमार ने किया. फ्लैग मार्च में बरही पुलिस के सशस्त्र बल शामिल थे. फ्लैग मार्च बरही थाना से निकलकर धनबाद रोड होते हुए चारो रोड का भ्रमण किया. एसडीपीओ श्री बिमल ने लोगो से शांति और सद्भाव से बकरीद मनाने की अपील किया.

### प्रशासन भू माफियाओं की अवैध गतिविधियों पर शीघ्र कारवाई करे : आरिफ रजा

**इटकी।** प्रखंड में भू माफियाओं की मनमानी को देखते हुए प्रदेश काँग्रेस कोडिनेटर आरिफ रजा ने प्रशासन से भू माफियाओं पर लगाम लगाने की अपील की है। इटकी क्षेत्र में भू माफियाओं की गति विधियां दिन ब दिन बढ़ती जा रही हैं। ये लोग निर्दोष और गरीब लोगों की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। प्रशासन की अनदेखी के कारण इनकी हिम्मत और बढ़ती जा रही है। कई परिवारों को उनकी पुश्तैनी जमीन से बेदखल किया जा चुका है। आरिफ रजा ने प्रशासन से भू माफियाओं की अवैध गतिविधियों पर शीघ्र संज्ञान लेने का आग्रह किया है। भुक्तभोगी द्वारा इनके खिलाफ शिकायत करने पर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# पिठौरिया के पत्रकार पर बालू माफिया ने किया हमला

**नवीन मेल संवाददाता। पिठौरिया**





राजधानी रांची में बालू माफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। सोमवार की रात एक न्यूज चैनल के पत्रकार विजय गोप पर हुए हमले ने न केवल माफियाओं की दबंगई को उजागर किया है, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इस घटना ने बालू खनन के खिलाफ कार्रवाई में पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता को फिर से चर्चा में ला दिया है। इसको लेकर पिठौरिया थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है साथ ही रांची एसएसपी चंदन सिन्हा को भी एफआईआर की कॉपी सौप कर इसकी जानकारी दी गई है। विजय गोप के अनुसार ग्रामीणों ने सूचित किया था कि पिठोरिया चौक से रांची जाने वाले रास्ते पर बालू लदा हाइवा रोका गया है। खबर कवर करने पहुंचे विजय गोप और उनके साथी पत्रकार को बालू माफियाओं ने घेर लिया और उन पर हमला किया। माफियाओं ने अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट की। उनकी शर्ट फाड़ दी और गले से सोने का चेन छीन लिया। ग्रामीणों के हस्तक्षेप से विजय गोप की जान बची। जिसके बाद बीते रात पिठौरिया चौक में पत्रकार के साथ मारपीट मामले में कांड के एक आरोपी प्रवीण प्रजापति रातु थाना क्षेत्र के चटकपुर से पिठौरिया थाना प्रभारी अभय कुमार के नेतृत्व में गिरफ्तार किया गया।

## चलती ट्रेन से उतरने के क्रम में एक रेल यात्री घायल

**सिल्ली।** सोनाहातू थाना क्षेत्र अंतर्गत उल्लीडीह गांव निवासी जीतमोहन कोईरी(55) सिल्ली स्टेशन पर चलती ट्रेन से उतरने के क्रम में घायल हो गए। घायल व्यक्ति ने बताया कि वह बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर ट्रेन से रांची से सिल्ली आ रहा था और वह मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर रहा था एवं सिल्ली स्टेशन में ट्रेन रुकी और वह उतरने से चूक गया।इसी क्रम में ट्रेन चल पड़ी और वह जल्दबाजी में उतरने की कोशिश किया परंतु उसका संतुलन बिगड़ जाने के कारण वह गिरकर घायल हो गया और उसकी पैर में चोट आ गई और उसे उसी ट्रेन में चढ़ाकर मुरी इलाज हेतु लाया जा रहा था।घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल मुरी के एएसआई संतोष कुमार अपने अन्य पुलिसकर्मियों एवं स्वास्थ्य इकाई की टीम को लेकर पहुंचे।प्राथमिक चिकित्सा करने के बाद उसे तुरंत उचित चिकित्सा हेतु सिंगपुर नर्सिंग होम में स्थानांतरित किया गया। सूचना मिलते ही घायल के परिजन भी पहुंचे और रेलवे सुरक्षा बल मुरी के पुलिसकर्मियों और स्वास्थ्य इकाई के कर्मचारियों को दयालु सहायता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## सड़क जाम की भेंट चढ़ी युवक की जिंदगी

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला स्थित चाकुलिया के नामोपाड़ा क्षेत्र में मंगलवार को एक घटना में, 22 वर्षीय युवक सामापद नायक की मौत सिर्फ इसलिए हो गई क्योंकि उसे समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। भंडारू गांव निवासी सामापद की तबीयत सोमवार रात अचानक बिगड़ी थी, जिसके बाद उसकी मां परमिला नायक उसे टेंपो से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रही थीं। रास्ते में नामोपाड़ा सड़क पर भीषण जाम लग गया, जिसमें टेंपो कई घंटे फंसा रहा। इस दौरान युवक की हालत और बिगड़ती गई और अंततः टेंपो में ही उसकी मौत हो गई।

### पोकलेन खरीदार ने मशीन के पैसे देने से किया इनकार

# कंपनी के प्रबंधक ने अभियुक्त पर छिनतई व मारपीट का लगाया आरोप, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**




सामंतो पेट्रोल पम्प के नजदीक संचालित चोलामंडलम फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक राकेश सिंह ने छिनतई व मारपीट से संबंधित प्राथमिकी दर्ज करवाई है. आरोप है कि गौरियाकरमा निवासी मो अजमत व मो कौशर ने उनके कंपनी से पोकलेन मशीन खरीदने के लिए 29,36000 रुपए ऋण लिए थे. प्रारंभ में इनके द्वारा कुछ किस्त चुकता किया गया. पर बीते कुछ महीनों से किस्त की राशि बकाया है. जिसकी अदायगी के लिए अपने घर पर बुलाकर उन्हें व उनके कर्मचारी सुनील कुमार, दिलीप यादव और रूपेश कुमार को सुनसान जगह पर ले जाकर उनलोगों के साथ गाली गलौज व मारपीट किया गया. साथ ही अन्य जगहों से किस्त की संग्रहित 30000 रुपए भी छीन लिए गए. प्रबंधक ने थाना में आवेदन देते हुए उन दोनों के अलावा मारपीट के सहयोगी मो तौफीक के खिलाफ बरही थाना में कांड संख्या 198/25 दर्ज करवाई है. वही जानकारी कंपनी के सुनील कुमार, राकेश कुमार, निलेश कुमार व एक अन्य के विरुद्ध एक महिला ने घर में घुसकर अश्लील हरकत करने व गले से सोने के चेन छीनने के जुर्म में कांड संख्या 199/25 दर्ज करवाया जा चुका है.

## विधायक रोशन लाल चौधरी ने ट्रांसफार्मर का किया उदघाटन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

पतरातू प्रखंड के राम मंदिर बाजार टांड में मंगलवार को बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए 200 केवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर का उदघाटन हुआ। मौके पर बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने नारियल फोड़कर ट्रांसफार्मर का विधिवत शुभारंभ किया। मौके पर विधायक श्री चौधरी ने कहा कि क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय नागरिकों को स्थायी और निर्बाध विद्युत आपूर्ति मिलेगी। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल के लिए विधायक का आभार जताया और उम्मीद जताई कि आने वाले समय में क्षेत्र की अन्य समस्याओं का भी समाधान होगा। इस अवसर पर डॉ. चांदसी, प्रमोद पाठक, अजय रवि, मनोज साहू, मुरारी पांडेय, लव पांडेय, शंभू, धर्म, अंकित मौजूद थे ।

## न्यूज बॉक्स

### दो पक्षों ने मारपीट व छेड़छाड़ को लेकर थाने में दिया आवेदन




**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बंडासिंगा निवासी रीता देवी पति नारायण मोदी ने मारपीट व छेड़छाड़ को लेकर गोरहर थाना में आवेदन दिया है। इस बाबत आवेदिका ने लिखा है कि रविवार को घर के बाहर बने सड़क में पानी जमा होने के कारण हम सभी ग्रामीण श्रमदान कर सड़क पर डस्ट डालकर ठीक करने का फैसला लिया।इस बात की जानकारी अपने पड़ोसी गायत्री देवी पति राजकिरण बरनवाल को दी। इतना सुनते ही गायत्री देवी मेरे ऊपर भड़क गई तथा उसके पति गाली गलौज करने लगे। लिखा है कि मना करने के बाद वे लोग मारपीट व छेड़छाड़ करने लगे। जब हम चिल्लाए तो मेरे पति और भतीजा बाहर निकले तो गायत्री देवी की बेटी निकिता कुमारी ने मेरे भतीजे के साथ मारपीट की। जिससे मेरा भतीजा मुन्ना मोदी बेहोश हो गया। जिसके बाद आसपास के लोग आए ।तबतक वे लोग फरार हो गये। मुन्ना मोदी और रीता देवी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में किया गया। वही दूसरे पक्ष के निकिता कुमारी ने थाना में आवेदन देकर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप लगाई है। पुलिस को मिले दोनों आवेदन पर मामले की तहकीकात की जा रही है।

### गोला में हाथियों का आतंक, घर तोड़कर खाया अनाज, लोग भयभीत



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने मंगलवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा की रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड अंतर्गत खोखा गांव निवासी रमेश महतो, पिता जोधन महतो के घर को हाथियों के झूंड ने 1 जून को लगभग 1 तोड़ दिया। जिसके बाद प्रभावित परिवार के लोगों ने बताया कि चावल, धान, गेहूं, प्याज आलू ,लहसुन लगाने वाला बीजा मकई, नैनवा, करेला ,कद्दू आदि सबकुछ हाथी खा गए। प्रभावित परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। जिसके बाद विभाग दवाई मुआवजा देने की बात कही गई है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने वन विभाग से मांग किया है कि प्रभावित परिवार को शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जाए। क्योंकि हाथयों द्वारा घर तोड़ दिये जाने से परिवार के लोग भारी परेशानी का सामना कर रहे हैं।

### शत प्रतिशत टीकाकरण को लेकर हुई बैठक

## चिकित्सा पदाधिकारी व सुपरवाइजर नियमित करें क्षेत्र भ्रमण : डीएस



**बरही ।** अनुमंडलीय अस्पताल क्षेत्र में टीकाकरण अभियान को शत प्रतिशत पूरा करने के उद्देश्य से स्वास्थ्यकर्मियों की एक आवश्यक बैठक हुई. बैठक उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी के निर्देशन में हुआ. जिसमे टीटाकरण को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया गया. इसके लिए समय पर उपस्थिति और टीका से वंचित बच्चों की सूची तैयार करने पर विशेष जोर दिए गए. डॉ ज्ञानी ने टीकाकरण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए सभी एएनएम और सीएचओ निर्धारित समय पर टीकाकरण स्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया. साथ ही सभी चिकित्सा पदाधिकारी व सुपरवाइजर को नियमित क्षेत्र भ्रमण करने के निर्देश दिए. जिससे टीकाकरण अभियान का लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा किया जा सके. बैठक में डॉ मयंक प्रताप सिंह, डॉ. प्रवीण कुमार, लिपिक पंकज आजाद, बीपीएम नारायण राम, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, बीडीएम मोज़ाहिर हसन, एचएम सुधांशु शिखर, एमपीडब्लू संतोष एवं उपेंद्र कुमार दास आदि मौजूद थे.

### अवैध खदान में फंसे तीन मजदूरों के शव 13 दिन बाद बाहर निकाले गए

# तीनों के शव 100 फीट से भी ज्यादा गहराई में दबे थे

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**



हजारीबाग जिले के केरेडारी में कोयले की अवैध खदान में फंसे तीन मजदूरों के शव 13 दिन के बाद बाहर निकाले गए। तीनों के शव 100 फीट से भी ज्यादा गहराई में दबे थे। इन्हें बाहर निकालने के लिए एनडीआरएफ की ओर से तीन दिन तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था, लेकिन खदान में पानी भरा होने की वजह से सफलता नहीं मिली थी। इसके बाद एनटीपीसी और निजी कंपनी के सहयोग से खदान से पानी निकाला गया और जलस्तर कम होने के बाद सोमवार रात स्थानीय ग्रामीणों ने तीनों के शव बाहर निकाले। बताया गया कि मृतकों में 45 वर्षीय प्रमोद शाह, 25 वर्षीय उमेश कुमार और 24 वर्षीय नौशाद अंसारी शामिल हैं। तीनों केरेडारी थाना क्षेत्र के कंडाबेर गांव के रहने वाले थे। केरेडारी की खावा नदी के पास कई अवैध खदानें और सुरंगें हैं, जहां हर रोज सैकड़ों लोग जान जोखिम में डालकर खनन करने उतरते हैं। ये खदानें कोयला माफिया द्वारा चलाई जाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि 13 दिन पहले बारिश की वजह से खावा नदी की तेज धार में तीन मजदूर बहकर खदान के अंदर चले गए थे। इसके बाद से ही उनकी तलाश के लिए अभियान चल रहा था। एनडीआरएफ के अभियान के बाद भी जब सफलता नहीं मिली थी, तो लापता मजदूरों के घरवालों ने उनके जीवित बचने की आस छोड़ दी थी। सोमवार रात जब उनके बाहर निकाले गए तो पूरे गांव में चीख-पुकार मच गई।

## फोरलेन में स्पंज लदा हाइवा ट्रक पलटा, आवाजाही बाधित

**भुरकुंडा।** रामगढ़-पतरातू फोरलेन में भदानीनगर बनगड़ा गांव के समीप मंगलवार को हादसा हुआ। भुरकुंडा रेलवे साईडिंग से स्पंज आयरन लेकर वेंकटेश फैक्ट्री जा रहा हाइवा ट्रक (जेएच24एल-6706) सुबह करीब साढ़े 8 बजे बनगड़ा गांव के समीप अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में हाईवा चालक के चोटिल होने की खबर है, लेकिन दुर्घटना के बाद वो उसी अवस्था में मौके से फरार हो गया। इधर दुर्घटना के बाद हाईवा में लदा स्पंज आयरन सड़क पर पसर गया, जिससे एक लेन की आवाजाही प्रभावित हो गई। इसके बाद उक्त लेन को बंद कर भदानीनगर पुलिस ने सड़क पर पसरे स्पंज आयरन और दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को जेसीबी व हाइड्रा की मदद से हटवाया।

## प्रवासी मजदूर का शव गांव पहुंचते ही बिलख पड़े लोग,1 माह पूर्व ही कार्य करने निकला था पुणे



**बरकट्ठा।** प्रखंड के गैड़ा निवासी प्रवासी मजदूर सुरेन्द्र यादव 32 वर्ष पिता सुखदेव यादव का पूणे में बीते रविवार की रात में आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। वह पूणे के बारामती में पोकलेन मशीन के ऑपरेटर का कार्य कर रहा था। उनका पार्थिव शरीर मंगलवार को गांव पहुंचते ही परिजनों की चित्कार से उपस्थित लोगों की आंखों से आंसू टपक पड़ा। बताया जाता है कि मृतक एक माह पूर्व घर से बारामती काम करने गया था। मृतक मजदूर के दो पुत्र आर्या यादव 6 वर्ष और आरव कुमार 2 वर्ष का है। इसकी मौत से माता-पिता, पत्नी और बच्चे के साथ पूरा परिवार का रो रोकर बेहाल है। लोंगो के मुताबिक मृतक मजदूर शांत, सामाजिक और सरल स्वभाव का व्यक्ति था। इसकी मौत से गैड़ा गांव के नवयुवकों और गांव के ही रहने वाले पूणे में प्रवासी मजदूरों के आर्थिक सहयोग से उसके शव को लाया गया।उपमुखिया चंद्रदीप पांडेय ने बताया कि दो तीन वर्ष पहले भी गैंड़ा गांव के मजदूर की मौत हो चुकी है। इनमें अशोक ठाकुर पिता चेतलाल ठाकुर, राजू पंडित पिता भोला पंडित, पप्पू ठाकुर पिता महावीर ठाकुर तीनों ग्राम गैंड़ा निवासी शामिल है।

## गिद्दी भुरकुंडा दामोदर पुल बचाओ संघर्ष समिति ने भिक्षाटन कार्यक्रम किया

**गिद्दी।** गिद्दी भुरकुंडा दामोदर पुल बचाओ संघर्ष समिति ने मंगलवार को भिक्षाटन कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में शामिल समिति के नेताओं ने गिद्दी दामोदर पुल के निर्माण को लेकर झारखंड सरकार और सीसीएल प्रबंधन की उपेक्षा पर रोष प्रकट किया। भिक्षाटन कार्यक्रम में शामिल लोगों ने कहा गिद्दी दामोदर पुल काफी जर्जर हो गई है। यह कभी दुर्घटना का कारण बन सकता है। इसे बनाने के लिए काफी दिनों से आंदोलन कर झारखंड सरकार और सीसीएल प्रबंधन से मांग की जा रही है। इसके बाद भी इस पुल निर्माण को लेकर सरकार और प्रबंधन गंभीर नहीं है। इसलिए पुल निर्माण को लेकर अब वे लोग भिक्षाटन कार्यक्रम किया है। नेताओं ने बताया पुल निर्माण को लेकर यह कार्यक्रम नियमित चलाया जाएगा और भिक्षाटन में आए पैसा को झारखंड सरकार के पास भेजा जाएगा।

### पर्व को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

# बीडीओ ने दोनों समुदायों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



आगामी सात जून को प्रखंड क्षेत्र में बकरीद पर्व मनायी जायेगी। इस निमित मंगलवार को बरकट्ठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बुलायी गयी। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ रोशमा डुंगडुंग ने की। वहीं थाना प्रभारी ने पर्व को लेकर सरकारी गाइडलाइन से लोगों को अवगत कराया। कहा कि बकरीद में नमाज के बाद बकरे की कुर्बानी दी जाती है। इस दौरान किसी भी प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं देनी है, जिससे बेवजह विवाद हो। दोनों धर्मों के लोगों को पारस्परिक सौहार्द बनाते हुए पर्व को शांतिपूर्वक मनाएं।वहीं बैठक में मौजूद कई लोगों को अपनी बातों को रखा। इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी ने कहा कि पर्व के मद्देनजर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी को गलत करने नहीं दिया जाएगा। बैठक में उप प्रमुख प्रतिनिधि उत्तिम महतो,पूर्व जिप प्रतिनिधि केदार साव, इंद्रजीत प्रसाद, पूर्व मुखिया बसंत साव, तुईयो मुखिया शंकर रविदास, समाजसेवी अर्जुन राणा, मुमताज अंसारी, मो० रेयाज, सरयू प्रसाद, मकबूल अंसारी, वसीर अंसारी, अरशद, सरफुद्दीन, कासिम मियां, कलीम अंसारी, रमजान मियां, सुभान अली समेत दर्जनों लोग शामिल थे।

## जलयात्रा में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता हुई शामिल



**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्रखण्ड के ग्राम रोमी में आयोजित मां सर्व सिद्धिदात्री देवी मंडप का जीर्णोद्धार सह शिव परिवार एवं हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के जलयात्रा में मुख्य रूप से भाजपा नेत्री सह ओम आरोहणम् संस्थान के संस्थापिका शेफाली गुप्ता शामिल हुई। यज्ञ समिति एवं कलश यात्रियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में सम्मिलित होकर आध्यात्मिकता का एहसास हुआ। कलश यात्रियों के कदम से कदम मिलाकर चलकर हौसला बढाया तथा ईश्वर से उनकी मनोकामना पूर्ण होने की कामना की। उन्होंने सभी की जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की मंगलकामना की। मौके पर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली का संचार होता है। साथ ही भक्तिभाव का महोल पूरे क्षेत्र में बना रहता है। मौके पर अध्यक्ष अजय राणा, सचिव सुरज यादव, कोषाध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति, बिरू राणा, सुबोध कुमार, सुरेश साव सहित बड़ी संख्या में जलयात्री एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सूरज कुमार को झारखंड प्रदेश सचिव बनाए जाने पर हर्ष



**हजारीबाग।** बहुजन समाज पार्टी के जुझारू नेता सूरज कुमार को झारखंड प्रदेश सचिव बनाया गया। पार्टी को मजबूत करने के लिए केंद्रीय अध्यक्ष मायावती के निर्देश पर झारखंड प्रभारी श्रीकांत ने सूरज कुमार को प्रदेश सचिव और जिला प्रभारी रंजीत कुमार कुशवाहा को नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि सूरज कुमार को प्रदेश सचिव बनने से संगठन में तेजी से मजबूती आएगी। वरिष्ठ नेता शीला देवी ने आशीर्वाद देते हुए कहा सूरज कुमार को प्रदेश सचिव बनाए जाने से पार्टी में खुशी का माहौल बना हुआ है। मौके पर अनीता गुप्ता, इंद्रदेव पासवान, तारा रजक, आरती सिंह ,सौरभ गुप्ता, देवाशीष गुप्ता, श्रुति गुप्ता, नंदू साहू, विनय रविदास राकेश सेठ ,पप्पू खान, वीरेंद्र साहू, सोनू वर्मा, नीता पासवान इत्यादि उपस्थित थे।

### जिप सदस्या ने नवपदस्थापित उपायुक्त से की शिष्टाचार मुलाकात

# क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत अविलंब समाधान का मिला आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



बरकट्ठा दक्षिणी जिप सदस्या प्रेरणा प्रिया ने मंगलवार को हज़ारीबाग जिला के नवपदस्थापित उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की और शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र की समस्याओ एवं जरुरी विकास कार्यों को लेकर मांग पत्र सौंपा।अपने मांगपत्र में उन्होंने लिखा है कि शिलाडीह पंचायत के बेलाटांड में किसी भी कीमत पर पत्थर खदान खोलने की अनुमति नहीं दी जाय। बताया कि पत्थर खदान खुलने से वायु प्रदुषण ,ब्लास्टिंग के दौरान ध्वनि प्रदूषण के साथ साथ अनेकों जनक्षति और नुक्सान हो सकती है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में सर्प दंश का इलाज हेतु इंजेक्शन उपलब्ध कराई जाय एवं सर्प दंश से होने वाली मौत के बाद उनके परिजन को अविलंब मुआवजा दी जाय। साथ ही एशिया के सबसे गर्म जल कुंड और धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुण्ड से सबंधित आवश्यक विकास कार्यों को लेकर अवगत कराया है। उन्होंने बिजली और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है । साथ ही शिलाडीह, पहाड़पुर एवं अलपिटो में सड़क एवं पुल निर्माण को लेकर याचनाएं की है। वहीं उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने मामले को संज्ञान में लेते हुए अविलंब समाधान की बात कही है।

### कोनरा पंचायत में आज होगी विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक, उपस्थिति की अपील



**बरही ।** आज बुधवार को कोनरा पंचायत भवन में पंचायत में संचालित प्रखंड के विभिन्न योजनाओ की अद्यतन स्थिति को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक बुलाई गई है. बैठक में मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, सभी वार्ड सदस्य आदि उपस्थित रहेंगे. बैठक के दौरान पंचायत में संचालित/आवंटित अबुआ आवास, पीएम आवास, बिरसा आवास, बागवानी योजना, मनरेगा योजना, 15वीं वित्त सहित जियो टैग, भुगतान आदि विषयों पर समीक्षात्मक चर्चाऐं होगी. इसके साथ ही अधूरे और लंबित योजनाओ को पूर्ण करने या आने वाले समस्याओं पर विचार विमर्श किया जायेगा. बैठक का समय पूर्वाहन 11 बजे से निर्धारित किया गया है. उक्त जानकारी पंचायत सचिव ललिता कुमारी ने देते हुए सबों से निर्धारित समय पर उपस्थिति की अपील किया है. ज्ञात हो कि हाल हीं में प्रखंड में संपन्न एक बैठक में बीडीओ ने प्रत्येक बुधवार व गुरुवार को प्रत्येक पंचायत में समीक्षात्मक बैठक का निर्देश दिया था, यह बैठक उक्त आदेश के आलोक में हो आहूत की गई है.

# हाथियों ने पांच घरों को ध्वस्त कर घरों के अनाज को किया चट

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**



प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत ग्राम बाराटांड के कोलवरिया में मंगलवार सुबह लगभग चार बजे हाथियों के द्वारा मुनिया देवी पति मुन्ना कोल,सावित्री देवी पति वासुदेव कोल,संझवा देवी पति दासो कोल ,कदमी देवी पति पुनीत कोल,गुजरी देवी पति चंद्रिका कोल के घर में घुसकर दीवार को तोड़ दिया और सभी के घरों को काफी नुकसान पहुंचा ।वहीं हाथियों ने घरों में रखे अनाज को चट किया।इस दौरान मुनिया देवी के घर में एक बोरा चावल ,50 किलो गेहूं तथा आलू को चट कर गया। मौके मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल,डॉक्टर कुंजलाल महतो, पंचायत समिति प्रतिनिधि राजकुमार गिरी घटना स्थल पर पहुंचे और जायजा लिया। छोटन कॉल ने कहा हाथियों के द्वारा इन पांच आदिवासियों के घर को नुकसान पहुंचाया गया है ।यह लोग काफी गरीब परिवार से है ।इन्हें मुआवजा मिलना चाहिए। वहीं समाजसेवी डॉक्टर कंजलाल महतो ने कहा हाथियों के द्वारा बीते एक सप्ताह से बरकट्ठा के विभिन्न स्थानों में आतंक मचाया जा रहा है जिससे ग्रामीण भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। इन हाथियों को प्रशासन के द्वारा दूर भगाया जाए ।वही पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने कहा इन लोगों को जांच कर इन्हें तत्काल राशन तथा आवास की व्यवस्था किया जाए ।

### उपायुक्त के जनता दरबार में एक दर्जन फरियादियों ने किया आवेदन

# समस्याओं के त्वरित समाधान का अधिकारियों को दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग।**



समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में शिक्षकों की पुनः नियुक्ति, फर्जी प्रमाण-पत्रों की जांच, भूमि पर अवैध अतिक्रमण,विद्यालय में नामांकरण, भूमि पर्चा (एलपीसी) निर्गत करना, रंगदारी मांगने, भूमि हड़पने, भू-मुआवजा, नियुक्ति, रसीद निर्गत करना, बीपीएल सूची में नामांकन, मारपीट, चिकित्सा अनुदान तथा रोजगार दिलाने जैसी शिकायतें शामिल रहीं।

## शिवकुमार बने समाजवादी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पटेलनगर निवासी शिवकुमार यादव को समाजवादी पार्टी झारखंड प्रदेश का नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें पार्टी के प्रति उनकी दीर्घकालिक निष्ठा, समाज सेवा में सक्रिय योगदान और जनसरोकारों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण को देखते हुए सौंपी गई है। पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव ने स्वयं मनोनयन पत्र सौंपते हुए कहा कि शिवकुमार यादव लंबे समय से ज़मीनी स्तर पर समाजवादी सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे रहे हैं। वे न केवल एक समर्पित कार्यकर्ता हैं, बल्कि सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों पर भी मुखर रहते हैं।

# डीसी की सीएम से मुलाकात कर विकास योजनाओं पर चर्चा की



**सिमडेगा।** सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान जिले में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति और आदिवासी समुदाय के समग्र विकास पर चर्चा हुई।मुख्यमंत्री ने उपायुक्त को निर्देश दिया कि सरकार की सभी योजनाएं, विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाएं जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने आदिवासी समुदाय के वन अधिकारों को सुरक्षित रखने और उनके लिए कानूनी सहायता, आवास, जमीन के पट्टे और आजीविका के साधनों की व्यवस्था पर जोर दिया।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सिमडेगा जैसे पिछड़े आदिवासी जिलों में विकास की गति तेज होनी चाहिए ताकि वहां के लोगों को बेहतर जीवन स्तर मिल सके। उपायुक्त कंचन सिंह ने जिले में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी और विश्वास दिलाया कि सरकार के निर्देशों के अनुरूप कार्य किया जाएगा। यह मुलाकात राज्य सरकार की आदिवासी हितैषी नीति को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## एसपी की सीएम से मुलाकात, अपराध नियंत्रण पर चर्चा



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जिले में बढ़ती मानव तस्करी, साइबर क्राइम, अवैध शराब कारोबार जैसी गंभीर समस्याओं की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सीमावर्ती और आदिवासी क्षेत्र होने के कारण सिमडेगा में मानव तस्करी और साइबर अपराध के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिनसे निपटने के लिए विशेष रणनीति की आवश्यकता है। उन्होंने इन अपराधों पर कड़ी निगरानी और समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया।मुख्यमंत्री ने जिले में हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार सिमडेगा को अपराध मुक्त और विकसित जिला बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार पुलिस प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगी ताकि विकास योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कानून व्यवस्था मजबूत करने और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा, जिससे जिले का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके।

# डीसी से अंजुमन प्रतिनिधियों ने मजार जीर्णोद्धार की मांग की

- **मरम्मत कार्यों का विवरण दो दिन में देने और संबंधित अधिकारियों को डीपीआर सहित उपस्थित रहने का निर्देश**




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** अंजुमन इस्लामिया फलाहुल मुस्लिमन नावाटोली कोलेबिरा एवं अंजुमन फैजूर रजा सिमडेगा के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मंगलवार को सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर कमेटी के प्रतिनिधियों ने उपायुक्त को बुके भेंट कर सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कोलेबिरा थाना परिसर स्थित अनजान शाह बाबा मजार की जर्जर स्थिति की जानकारी दी और उसके जीर्णोद्धार की मांग की। उन्होंने कहा कि यह मजार क्षेत्र के लोगों की आस्था से जुड़ा हुआ है और उसकी मरम्मत व सौंदर्यीकरण आवश्यक है।इस पर उपायुक्त कंचन सिंह ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए आश्वासन दिया कि वह स्वयं मजार का भौतिक निरीक्षण करेंगी और आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने मजार में वर्तमान में चल रहे मरम्मत कार्यों का ब्यौरा दो दिनों के भीतर संबंधित विभाग से प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही डीपीआर सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित होने को कहा है। उपायुक्त ने कमेटी को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन मजार के जीर्णोद्धार में यथासंभव सहयोग करेगा।इस मौके पर कोलेबिरा सदर मोहम्मद मुमताज आलम, सिमडेगा से मोहम्मद रुस्तम सदर, मजार के खादिम बारीक हसन शाह, खजमुद्दीन मियां समेत अंजुमन फैजूर रजा व इस्लामिया कमेटी के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## जलडेगा में कांग्रेस की संगठन सृजन बैठक में जनता से जुड़ाव पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** सिमडेगा जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डेविड तिर्की एवं कोलेबिरा विधायक नमन विकसल कोंगाडी की उपस्थिति में प्रखंड कांग्रेस कमिटी, जलडेगा में संगठन सृजन 2025 को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया ने की। बैठक में रोजगार सृजन 2025 विषय पर बोलते हुए विधायक नमन विकसल कोंगाडी ने कहा कि गुजरात अधिवेशन में कांग्रेस के नेता राहुल गांधी द्वारा प्रस्तुत न्याय पथ के मूल मंत्र को संगठन के हर कार्यकर्ता को समझना और आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन से जुड़े हर व्यक्ति को संकल्प, समर्पण, संघर्ष और अनुशासन से गुजरना होता है। जब आप विपक्ष से सवाल करते हैं, तो झूठ और नीचता का सहारा लेने की जरूरत नहीं होती। कांग्रेस का गौरवशाली इतिहास अपने आप में जनता के प्रति सेवा का प्रतीक है।जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं। चुनाव जीतने से कहीं अधिक जरूरी है संगठन को मजबूत बनाना। जनता के छोटे-छोटे कार्यों में भागीदारी कर उनके विश्वास को अर्जित करना चाहिए।इस दौरान ग्रामीणों ने पीडीएस राशन दुकानदारों द्वारा कम मात्रा में राशन देने की शिकायत की। इस पर विधायक ने आश्वस्त किया कि यह मामला सिमडेगा उपायुक्त के समक्ष रखा जाएगा और जल्द समाधान किया जाएगा।बैठक में जोनसन मिंज, कृष्णा नाग, सुनील सुरीन, अमर टोपनो, अनिल प्रकाश डांग, कोनिलुस, समद हिलेरियस सुरीन, मसीह दास टोपनो, अवध कुमार साहू, वारिस राजा, जोसेफ लुगुन, गैब्रियल समद, अनमोल टोपनो, अगस्ति लुगुन, दिब्या लुगुन, अनिता टेटे सहित बड़ी संख्या में प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सदर थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने की। बैठक में अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद, प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर रौनियार, खलखो नगर परिषद के प्रशासक समीर बोदरा, जिला परिषद सदस्य शांति वाला, थाना प्रभारी रोहित कुमार रजक सहित शांति समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस वर्ष बकरीद का त्योहार 7 जून शनिवार को मनाया जाएगा। नमाज के लिए दो स्थान निर्धारित किए गए हैं जामा मस्जिद में प्रातः 6:50 बजे और ईदगाह में 7:30 बजे। बारिश होने की स्थिति में नमाज अलग-अलग मस्जिदों में अदा की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि नमाज के समय सभी मस्जिदों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों का प्रवेश नमाज तक प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही त्योहार के दौरान सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जाएगी।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने सभी से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का आग्रह किया। केंद्रीय कंज्यूमर इस्लामिया के सदस्यों ने निर्वाण बिजली तथा मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई और अन्य समस्याओं का उल्लेख किया, जिस पर नगर परिषद प्रशासक ने समाधान का आश्वासन दिया।अंचल अधिकारी ने विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन के समन्वित प्रयासों पर जोर दिया। शांति समिति के सदस्य एवं अंजुमन फैजुर राजा ने भी अपनी बात रखी, जिन पर समाधान निकालने का भरोसा दिया गया।

## बानो थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण त्योहार पर जोर

**बानो।** थाना परिसर में बकरीद पर्व और आगामी त्योहारों को लेकर मंगलवार को बानो शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी सोनू कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी ने त्योहारों को शांति, आपसी प्रेम भाव और भाईचारे के साथ मनाने पर जोर दिया। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने कहा कि त्योहार सभी धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए मनाने चाहिए क्योंकि ये आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं।इस अवसर पर थाना प्रभारी ने बकरीद पर्व के दौरान क्षेत्र में त्योहार मनाने वाले स्थानों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर प्रकार के सहयोग के लिए तत्पर है। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक सूचना से सावधानी बरतने और किसी भी पोस्ट को बिना जांचे-परखे आगे न बढ़ाने की सलाह दी। साथ ही किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तुरंत पुलिस प्रशासन को सूचित करने का आग्रह किया।थाना प्रभारी ने सभी से सड़क सुरक्षा का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें। उन्होंने साइबर क्राइम और मानव तस्करी से बचाव के लिए भी सतर्क रहने को कहा और किसी भी अनहोनी की संभावना होने पर त्वरित पुलिस संपर्क करने की हिदायत दी।बैठक में जीआरपी, आरपीएफ के पदाधिकारी, बानो थाना के पुलिस अधिकारी, एसआई विनय कुमार, एसआई अजित कुमार, एएसआई सत्यानारायण कुमार सिंह, एएसआई शंकर बाखला, एएसआई मुरारी धर प्रधान, एएसआई सतिश चंद्र महतो, मुंशी सत्येंद्र सिंह, एएसआई अशोक कुमार, सदर, विकास मघैया, सजहर खान, साबिर अंसारी, शांति समिति के मो अंजुम अंसारी, फिरू बड़ाइक, मो फैज आलम, मो शाबीर, बाल मुकुंद सिंह, विशम्बर सिंह सहित सभी प्रबुद्ध सदस्य उपस्थित रहे।

## नशामुक्ति अभियान को लेकर मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित कर आम जनता तक नशामुक्ति का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाना था।कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु ने की। उनके साथ मंच पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो, शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश केरकेट्टा सहित अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।प्रशिक्षण सत्र में वक्ताओं ने नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों, उनके स्वास्थ्य व सामाजिक परिणामों तथा रोकथाम के प्रभावी उपायों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नशा उन्मूलन के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय बनाकर एकजुट प्रयास करने होंगे ताकि समाज को नशा मुक्त बनाया जा सके।कार्यक्रम में जिला जन-संपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने बताया कि जिले के 94 पंचायतों में नुक्कड़-नाटक टीम द्वारा स्थानीय भाषाओं में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही एलईडी वाहन जागरूकता रथ के माध्यम से गांव-गांव प्रचार किया जाएगा। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ-साथ सोशल मीडिया के माध्यम से भी जागरूकता फैलाई जाएगी। यह कार्यक्रम नशामुक्त समाज की स्थापना हेतु एक सकारात्मक एवं सशक्त पहल के रूप में देखा जा रहा है। प्रशिक्षण से प्रेरित होकर मास्टर ट्रेनर्स आम जनता तक नशा विरोधी संदेश पहुंचाने के लिए अब सक्रिय भूमिका निभाएंगे। अंत में उप विकास आयुक्त द्वारा नशामुक्त भारत एवं नशामुक्त झारखंड बनाने के लिए शपथ दिलाई।

# प्यारा केरकेट्टा जयंती समारोह में शिक्षण और समाजसेवा की मिसाल दी गई

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** प्यारा केरकेट्टा फाउंडेशन के द्वारा लोकप्रिय शिक्षक, साहित्यकार, समाजसेवी और राजनीतिज्ञ प्यारा केरकेट्टा की 122वीं जयंती का भव्य आयोजन उनके नाम पर स्थापित चौक पर मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त किए और प्यारा केरकेट्टा के अमूल्य योगदान को याद किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनूप लकड़ा ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्यारा केरकेट्टा 'कलम के सिपाही' थे, जो आज के समय में सबसे महत्वपूर्ण हथियार है। वे दूरदर्शी थे जिन्होंने शिक्षा के जाल को फैलाया और एक ऐसा समाज बनाने का सपना देखा जहाँ हर हाथ में कलम हो, जो समाज को जागरूक कर सके, अधिकारों के लिए लड़ सके और विकास की ओर बढ़ सके।पूर्व शिक्षक साधो मालवा ने कहा कि प्यारा केरकेट्टा एक कठिन समय में जन्मे और विपरीत परिस्थितियों से लड़कर तपकर सोने की तरह चमके। उन्होंने शिक्षा और राजनीति के क्षेत्र में जो काम किया वह अनुकरणीय है।जिप सदस्य अजय एक्का ने कहा कि प्यारा केरकेट्टा ने शिक्षा का अलख जगाया, साहित्य की नींव डाली और समाज को साहित्य के माध्यम से जीवित रखा। उन्होंने स्कूल खोले जहां से असंख्य लोग लिख-पढ़ कर समाज में सेवा दे रहे हैं।सत्यब्रत ठाकुर ने कहा कि प्यारा केरकेट्टा ने शिक्षा, साहित्य और भाषा के क्षेत्र में जो प्रयास किए, उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। जीप सदस्य शांतिबाला ने कहा कि उनके विचार ऐसे दीपक हैं जिनकी रौशनी में हमें एकजुट होकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।समारोह में अतिथियों का स्वागत परंपरागत तरीके से हाथ धोकर, गमछा ओढ़ाकर और पौधा देकर किया गया। फाउंडेशन की सदस्य अलीशा टेटे ने अतिथियों को गमछा ओढ़ाकर एवं पौधा देकर सम्मानित किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत खड़िआ मुंडारी और नागपुरी भाषाओं में गीत प्रस्तुत किए गए। खड़िया में अनुपमा बिलुंग और मोनिका बिलुंग ने, मुंडारी में जीरेन होरो तथा नागपुरी में साधो मालवा ने गीत प्रस्तुत किए। स्वागत गीत झिमूटोली गर्जा के बच्चों ने गाया।ड्राइंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए।पुरखा स्मरण कार्यक्रम अटूट संतोष एवं चिराग सोरेंग ने किया। समारोह के अंत में डॉक्टर रोज केरकेट्टा और प्रतिमा बरवा को श्रद्धांजलि दी गई।

# युवाओं में सेवा और अनुशासन की बढ़ रही है भावना: विधायक भूषण बाड़ा

- **बाघडेगा स्थित जीईएल चर्च मंडली में कोनजोबा पाद्रीपन स्तरीय तीसरा युवा सम्मेलन का आयोजन किया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** केरसई के बाघडेगा स्थित जीईएल चर्च मंडली में रविवार को कोनजोबा पाद्रीपन स्तरीय तीसरा युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवा-युवतियों और मसीही विश्वासियों ने भाग लिया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उनके साथ पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी शामिल हुई। मौके पर विधायक ने युवाओं को प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र के युवाओं में सेवा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों की जो भावना है, वह पूरे समाज के लिए उदाहरण है। ऐसे सम्मेलन आत्मिक विकास के साथ-साथ सामाजिक चेतना का भी माध्यम बनते हैं। उन्होंने युवाओं को समाज और देश के विकास में अपना योगदान निभाने की अपील की। उन्हों ने कहा कि युवा वर्ग नशापान से दूर रहें। समाज में बुराईओं को पनपने न दें। सम्मेलन की अध्यक्षता अर्पित कुल्लू ने की। सचिव श्रेया केरकेट्टा तथा कोषाध्यक्ष विमल कुजूर ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम में पादरी ओहमा लकड़ा, पादरी ईमानी बुढ़, पादरी संजय डुंगडुंग, पेरिस सचिव विनोद बारला आदि उपस्थित थे।

### युवा सही दिशा में कदम बढ़ाएं तो समाज में आएगा बदलाव : जोसिमा खाखा

वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि मुझे गर्व है कि आज युवा अपनी आस्था, संस्कृति और समाज के प्रति जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने विधायक भूषण बाड़ा के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि विधायक हमेशा महिलाओं, युवाओं, बुर्जगों के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं। इनका मार्गदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि युवा अगर सही दिशा में कदम बढ़ाएं तो समाज में बड़ा परिवर्तन संभव है।

# न्यूज बॉक्स

## सदर अस्पताल में पीने के पानी की व्यवस्था बदहाल, मरीजों को हो रही परेशानी

**सिमडेगा।** सिमडेगा के सदर अस्पताल में पीने के पानी की व्यवस्था बेहद लचर स्थिति में है। अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज और उनके परिजन आते हैं, लेकिन यहां पीने के पानी के लिए केवल एक चिल्लर की व्यवस्था है, जिसमें लगा एकमात्र आरओ फिल्टर भी खराब पड़ा हुआ है। इस वजह से मरीजों और उनके साथ आए लोगों को साफ और सुरक्षित पानी नहीं मिल पा रहा है।अस्पताल के लैब, कैंटीन और महिला वार्ड के बाहर लगे सभी पानी के उपकरण खराब हालत में पड़े हैं। इस गंभीर समस्या के कारण लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन को इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया है। मरीजों और परिजनों की सुविधा को देखते हुए आवश्यक है कि सदर अस्पताल में शीघ्र ही पीने के पानी की पर्याप्त और सही व्यवस्था की जाए। साफ और स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना अस्पताल प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है, जिसे तुरंत पूरा किया जाना चाहिए ताकि मरीजों को राहत मिल सके।उपाधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने कहा कि मामला को संज्ञान में लिया गया है समाधान की जाएगी।

## स्टूडेंट प्रोग्रेसशन कार्ड को लेकर बीपीओ ने की समीक्षा बैठक, दिए कई निर्देश

**जलडेगा।** मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र जलडेगा में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी की अध्यक्षता में शिक्षकों एवं सीआरपी के साथ स्टूडेंट प्रोग्रेसशन की समीक्षा की गई। जानकारी देते हुए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन कुमार गोस्वामी ने बताया कि स्टूडेंट प्रोग्रेशन 2025-26 एक ऐसा दस्तावेज है जो छात्रों की ऑनलाइन एंट्री यू डायस पोर्टल पर की जाती है , शिक्षा के दौरान उनकी प्रगति का एक रिकॉर्ड रखता है। यह कार्ड छात्रों की पढ़ाई, स्कूल में उनकी गतिविधियों और अगले वर्ग में पोनंनती ऑनलाइन जानकारी प्रदान करता है। समीक्षा बैठक का उद्देश्य है कि सभी विद्यालय अपने छात्रों का ऑनलाइन एंट्री ससमय करें और वे छात्रों की प्रगति को बेहतर ढंग से ट्रैक कर सकें।

## साहुबेड़ा चर्च में 88 बच्चों का दृढ़करण संस्कार समारोह संपन्न



**बानो।** बानो प्रखण्ड के अंतर्गत साहुबेड़ा स्थित आर० सी० काथोलिक चर्च में मंगलवार को दृढ़करण संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में कुल 88 बच्चे-बच्चियों ने दृढ़करण संस्कार प्राप्त किया। समारोह अति मान्यवर विशप विन्सेन्ट बरवा के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ।विशप विन्सेन्ट बरवा ने अपने संदेश में कहा कि सभी को चाहिए कि वे बुराई से दूर रहकर सच्चाई और प्रेम की राह पर चलें। यही मार्ग हमें ईश्वर के समीप ले जाता है। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।इस समारोह को सफल बनाने में फादर बिमल जोजो, डोमनिक किड़ो, आइंस्टीन होरो, निर्मला होरो और कामिल डांग सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में साहुबेड़ा पंचायत की मुखिया सुसाना जड़िया, प्रचारक विजय कंडुलना, डोमनिक किड़ो, निर्मला होरो सहित बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित थे।पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक वातावरण, प्रार्थना, और भक्ति गीतों से चर्च परिसर गूंजता रहा, जिससे श्रद्धालुओं में गहरी आध्यात्मिक अनुभूति हुई।

## सांप के डंसने से बहन की मौत भाई की हालत गंभीर

**सिमडेगा।** जिले में एक बार फिर जहरीले सांप का कहर देखने को मिला है। ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के छुरिया ओड़िया बासा गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां सांप के डंसने से 9 वर्षीय पुष्पा कुमारी की मौत हो गई, जबकि उसका भाई दिनेश पातर गंभीर रूप से घायल हो गया है।जानकारी के अनुसार, मंगलवार को पुष्पा कुमारी को जहरीले सांप ने डंस लिया। परिवार के लोग उसे तुरंत अस्पताल नहीं ले जा सके, जिससे उसकी मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद परिजनों ने सांप को मार डाला, लेकिन दिनेश पातर ने अधमरे सांप को अनजाने में जेब में रख लिया। तभी सांप ने उसे भी डंस लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।दिनेश को तुरंत सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, उसकी हालत गंभीर है लेकिन प्रयास जारी हैं। पुष्पा के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है।यह घटना क्षेत्र में सर्पदंश जागरूकता और त्वरित इलाज की आवश्यकता को उजागर करती है।

## सिमडेगा पुलिस ने कार से डेढ़ करोड का गांजा किया बरामद, तस्कर फरार



**सिमडेगा।** जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए सिमडेगा पुलिस ने 126.4 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया सिमडेगा पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक नीले रंग की कार रजिस्ट्रेशन संख्या OD02BX-8748 में गांजा भरकर बिरमित्रापुर से सिमडेगा की ओर लाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सिमडेगा एवं पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया।टीम ने जोराम चेकपोस्ट के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया। लगभग 11:30 बजे एक संदिग्ध वाहन वहां पहुंचा, जिसे रोकने का इशारा किया गया। चालक ने पुलिस को देखकर वाहन की गति बढ़ा दी और भागने का प्रयास किया। टीम द्वारा पीछा किए जाने पर वाहन को गड़गड़बहार पुलिया के पास रोका गया, जहां चालक सहित तीन लोग कार छोड़कर पास के जंगल की ओर भाग गए। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन सभी आरोपी फरार हो गए। कार में आपत्तिजनक वस्तु पाए जाने पर अंचलाधिकारी, ठेठईटांगर को मौके पर बुलाया गया। उनकी उपस्थिति में वाहन की तलाशी ली गई, जिसमें खाकी रंग की प्लास्टिक में लपेटे गए 78 पैकेट गांजा बरामद हुए। कुल वजन 126.4 किलोग्राम आंका गया। इसके अतिरिक्त कार से दार्जिंग टोल प्लाज़ा की रसीद भी बरामद हुई, जिससे यह पुष्टि होती है कि वाहन हाल ही में ओडिशा से झारखंड में दाखिल हुआ था।पुलिस ने जब्त गांजा को विधिवत सील करते हुए टी.टांगर थाना कांड संख्या 38/2025, के तहत एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 20(b)(ii)(C), 22(C), 27 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। छापामारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), थाना प्रभारी ठेठईटांगर सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। फरार आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

## 33 हजार हैवी लाइन के चपेट में आने से 02 गायों की मौत

**कोलेबिरा।** प्रखंड क्षेत्र के नवा टोली टिंबर के पीछे 33000 हैवी लाइन के चपेट में आने से नावाटोली निवासी मंगरु खड़िया का दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई वहीं नावाटोली निवासी रितेश प्रधान घायल हो गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अशोक इंदवार को दी सूचना मिलते ही वे घटनास्थल पहुंचे तो देखा की दो गए मृत अवस्था में पड़े हुए हैं और एक व्यक्ति घायल है। घायल को तुरंत इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया गया। अशोक इंदवार ने बताया कि 33000 तार काफी नीचे होने के कारण गे संपर्क में आ गए और यह घटना घटी जिससे दो गायों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के लापरवाही के कारण यह घटना घटी है बताया कि पिछले एक सप्ताह से बिजली का तार झूल रहा है लेकिन विभाग मौन है।घटना के तुरंत बाद बिजली कटवाया गया तत्पश्चात ग्रामीणों के सहयोग से दोनों गायों का अंतिम संस्कार किया गया।घायल रितेश प्रधान खतरे से बाहर है वहीं किसान मंगरु खड़िया ने बिजली विभाग और प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# बोकारो स्टील प्लांट में एक बड़ा हादसा, स्टील मेल्टिंग में हॉट मेटल गिरने से पांच मजदूर झुलसे

नवीन मेल संवाददाता। बोकारो



बोकारो स्टील प्लांट में एक बड़ा हादसा हुआ। स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में हॉट मेटल गिरने से पांच मजदूर झुलस गए। सभी घायल मजदूरों को बोकारो जनरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। एक मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद सुरक्षा इंतजामों पर सवाल उठ रहे हैं। स्टील मेल्टिंग एसएमएस शॉप-2 में सोमवार को अचानक से हॉट मेटल नीचे गिर पड़ा, जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारियों में भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसकी चपेट में आने से पांच मजदूर बुरी तरह से झुलस गए। आनन-फानन में सभी घायल मजदूरों को प्लांट मेडिकल यूनिट ले जाया गया। लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद मजदूरों की स्थिति को देखते हुए सभी मजदूरों को बोकारो जनरल हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है।

**एक घायल मजदूर की हालत गंभीर :** प्लांट में झुलसे मजदूरों की पहचान नंदकिशोर, रुपलाल गोराई, आनंद मंडल, समर कुमार और छोटेलाल मांझी के रूप में हुई है। फिलहाल सभी का इलाज बीजीएच में चल रहा है और एक मजदूर की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**सुरक्षा इंतजाम में लापरवाही बरतने का आरोप :** सुरक्षा इंतजामों की लापरवाही पर प्लांट के कर्मचारियों ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि इस प्रकार की घटनाएं लगातार हो रही हैं, लेकिन बीएसएल प्रबंधन सुरक्षा की ओर से अनदेखी कर रहा है, कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही बीएसएल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेते हुए अस्पताल के डॉक्टरों को बेहतर इलाज का निर्देश दिया है। बोकारो स्टील प्लांट में हुई इस घटना ने एक बार फिर से औद्योगिक सुरक्षा मानकों पर कई सवाल उठ खड़े हुए है।

## पर्यावरण संरक्षण पर बच्चों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत किया



**रांची।** पर्यावरण जागरण अभियान के तहत ग्राम सेरका में विकास भारती बिशनपुर के द्वारा संचालित ज्ञान निकेतन के बालक बालिकाओं ने पर्यावरण संरक्षण संबंधित गीत नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक कर ग्रामीणों के बीच जंगल बचेगा तब जीवन बचेगा का संदेश दिया। इस अवसर पर विकास भारती बिशनपुर के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत ने कहा कि पहले गांव के सभी परिवार जंगल, चूआ ,डांरि आदि को बचाने का सामूहिक प्रयास करते थे। रथ के दिन सभी पुरुष आम, कटहल व करंज आदि का बीज एवं मूंगा , फुटकल, कोएनार आदि के पेड़ का रोपन किया करते थे। ऐसे में इस परंपरा को पुनः जीवित करना होगा। इस अवसर पर कुमकुम मैत्री, शिप्रा सिंह, कौशल किशोर, ज्ञान निकेतन के प्राचार्य नितेश खेरवार , आश्रम प्रभारी अभय कुमार, पुनीता कुमारी, विमला देवी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बकरीद पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक की ने बैठक, शांतिपूर्ण त्योहार मनाने की अपील



**रामगढ़।** आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो द्वारा सभी प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन तथा इस दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर की गई तैयारियों की जानकारी ली जिसके उपरांत उन्होंने सभी को पर्व के दौरान सतर्क रहकर अपने अपने क्षेत्रों में हर गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने पीसीआर एवं पैंथर की टीम को संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह सामने आने पर त्वरित इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देने एवं अफवाहों को दूर करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों को पूरे पर्व के दौरान अलर्ट मोड पर रहकर कार्य करने का निर्देश दिया। पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सोशल मीडिया एवं विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर नजर रखने का निर्देश दिया वहीं किसी भी व्यक्ति के द्वारा सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा आपत्तिजनक पोस्ट करने/ शेयर करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में गस्ती कर अवैध शराब एवं नशीला पदार्थ बेचने वाले पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## नोवामुंडी साप्ताहिक हाट बाजार में 184 लोगों का अवैध कब्जा

**नोवामुंडी।** नोवामुंडी साप्ताहिक हाट प्रांगण के 3.27 एकड़ कृषि बाजार समिति की जमीन पर 184 दुकानदारों ने कब्जा किया है। इसमें आवासीय दुकान व मकान से संबंधित जमीन भी शामिल है। मामले का खुलासा सोमवार को चिह्नित कार्यक्रम के दौरान हुआ है। इन दुकानदारों पर अवैध तरीके से कृषि बाजार समिति के जमीन पर टीन शेड बनाकर दुकान लगाने, बाजार शेड पर स्थायी तौर पर कब्जा करने, आवासीय दुकान कर जमीन पर दुकान लगाने व आवंटित सरकारी जमीन का दायरा बढ़ाकर मकान बनाने का आरोप है। यह कार्रवाई नोवामुंडी अंचल के सीओ मनोज कुमार व बीडीओ पप्पू रजक के निर्देश पर शुरू की गई है। नोवामुंडी सीओ व बीडीओ के निर्देश पर महुदी राजस्व गांव के मुंडा अजय लागुरी की उपस्थिति थी।

### जनसुनवाई में राष्ट्रीय महिला आयोग ने सुने 35 मामले

# प्री मैरिज काउंसलिंग सेंटर की होगी शुरुआत : ममता कुमारी

नवीन मेल संवाददाता। धनबाद




आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार में जनसुनवाई का आयोजन कर 35 मामलों की सुनवाई की। साथ ही छह नए मामले भी सुने। सुनवाई करने के बाद उन्होंने सभी मामलों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान झरिया के एक वृद्ध दंपति का मामला भी आयोग के सामने आया। वृद्ध ने बताया कि वह धनबाद प्रखंड कार्यालय से वर्ष 2009 में सेवानिवृत हुए थे। उनके पुत्र द्वारा पेंशन में से हिस्सा देने के लिए विभिन्न तरह से प्रताड़ित किया जा रहा था। जब उन्होंने झरिया थाना में शिकायत की तब झरिया थाना ने सहायता प्रदान कर उन्हें प्रताड़ना से मुक्ति दिलाई। दंपति ने पुलिस के कार्य की भूरी - भूरी पशंसा की। तत्पश्चात आयोग सदस्य ने समाहरणालय के सभागार में पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने धनबाद मंडल कारा, वन स्टॉप सेंटर, सबलपुर स्थित वृद्धा आश्रम, सदर अस्पताल के सुदृढ़ीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए। वहीं तलाक के बढ़ते मामलों पर चिंता प्रकट करते हुए माननीय सदस्य ने कहा कि शीघ्र ही सभी जिलों में प्री मैरिज काउंसलिंग सेंटर की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि तलाक के बढ़ते मामलों के कारण समाज की नींव कमजोर होती जा रही है।

## पंचतत्व में विलीन हुई पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष अनिता सुम्बरुई

**चाईबासा।** प.सिंहभूम जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष सह कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष अनिता सुम्बरुई हुई पंचतत्व में विलीन हुई।मंगलवार को भूता गांव स्थित आवास में उनका अंतिम संस्कार किया गया । कांग्रेसियों ने स्व.सुम्बरुई के आवास पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की । जगन्नाथपुर के विधायक सह उप मुख्य सचेतक सत्तारुढ़ दल सोनाराम सिंकु ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी को सहन करने की शक्ति दें।

## कुदामसदा के दंपति से अपराधियों ने लूटे 30 हजार

**नोवामुंडी।** कुदामसदा में एक दंपति से बाइक सवार अपराधियों द्वारा 30 हजार रुपये लूटने का मामला प्रकाश में आया है। बैंक ऑफ इंडिया से निकालकर 30 हजार रुपये कैश लेकर जा रहे कुदामसदा गांव के मुंडासाई टोला निवासी दंपति से बाइक सवार अपराधी लूट कर फरार हो गया। 30 हजार रुपये निकासी करके रेलवे लाइन पार करके पैदल ही बस पकड़ने के लिए नोवामुंडी थाना की ओर जा रहे थे।

# क्षेत्र में पशुपालकों को प्रोत्साहित कर उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है : ममता



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड के अंतर्गत होहद गांव में मंगलवार को मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत पशु वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कुल 19 लाभुकों के बीच बकरियों एवं आवश्यक दवाईयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को प्रोत्साहित कर उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाना है। मुख्य अतिथि ममता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि यह योजना राज्य सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को स्वरोजगार से जोड़ना और उनकी आय में वृद्धि करना है। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन को बढ़ावा मिलेगा और पशुपालक आत्मनिर्भर बनेंगे। मौके पर प्रखंड पशु चिकित्सक पदाधिकारी डॉ शशि सिन्हा , करदीप महतो, धनंजय महतो, विक्रम कुमार, अजय करमाली, महेंद्र ओहदार, हेमलाल महतो, राजकुमार महतो, सुनील कुमार, ललित कुमार सहित ग्रामीण व लाभुक उपस्थित रहे।

### सीता सोरेन ने अपने पीए पर लगाया गंभीर आरोप

# चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर निकाले लाखों रुपए, एफआईआर दर्ज

नवीन मेल संवाददाता। दुमका



● सीता सोरेन का कहना है कि जब हमने अपना चेकबुक मांगा तो उसने शुरू में आनाकानी की और बाद में जब चेक दिया तो उसने मेरा जाली हस्ताक्षर कर रखा था.

जिले के जामा विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुकीं सीता सोरेन जो शिबू सोरेन की पुत्र वधू है, उन्होंने अपने निजी सहायक रह चुके देवाशीष मनोरंजन घोष पर चेक बुक में फर्जी हस्ताक्षर कर लाखों रुपए निकासी करने का आरोप लगाया है. इस बाबत सीता सोरेन ने दुमका नगर थाने में एफआईआर दर्ज करायी है. गौरतलब है कि सीता सोरेन 2009 से 2024 तक लगातार जामा की एमएलए रही हैं. वर्ष 2024 के विधान सभा चुनाव में वह भाजपा के टिकट पर जामताड़ा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरी थीं. भाजपा नेत्री सीता सोरेन ने दुमका नगर थाना में आवेदन दिया है, उसके अनुसार 2024 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जामताड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ा था. इस दौरान देवाशीष मनोरंजन घोष जो जगन्नाथपुर थाना, जिला - रांची , को उन्होंने अपने व्यक्तिगत सहायक के रूप में रखा था. देवाशीष मनोरंजन घोष सीता सोरेन का सारा कामकाज देखने लगा था. विधान सभा चुनाव का भी सारा हिसाब वही रख रहा था. चुनाव संपन्न होने के बाद जब सीता सोरेन ने मार्च 2025 में उससे हिसाब मांगा तो उसने कहा कि सारा हिसाब आपको दे देंगे. परंतु काफी दिनों तक उसने हिसाब नहीं दिया. इस पर सीता सोरेन को शंका हुई तब अपने स्तर पर उन्होंने इसकी जांच की तो पता चला कि चुनाव में जो रकम पार्टी द्वारा दिया गया था उसमें काफी घपला हुआ है. सीता सोरेन का कहना है कि जब हमने अपना चेकबुक मांगा तो उसने शुरू में आनाकानी की और बाद में जब चेक दिया तो उसने मेरा जाली हस्ताक्षर कर रखा था.

## प्रबंधक समस्याओं का समाधान करें नहीं तो चक्का जाम किया जाएगा : रणविजय सिंह



धनबाद। कतरास एरिया कार्यालय में बिहार जनता खान मजदूर संघ के 14 सूत्री मांगों पर वार्ता हुई। जिसकी अध्यक्षता छोटू सिंह एवं रमेश सिंह ने की। वार्ता में मुख्य रूप से उपस्थित हिंद मजदूर सभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह उपस्थित हुए। श्री सिंह का स्वागत सत्येंद्र सिंह और उनके साथियों ने किया एवं महाप्रबंधक ने भी श्री सिंह का स्वागत सम्मेलन कक्ष में बुके एवं शॉल देकर किया। मौके पर श्री सिंह के समक्ष कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक राज कुमार अग्रवाल एवं सभी पदाधिकारियों के साथ सकारात्मक वार्ता हुई। रणविजय सिंह ने कहा कि संघ द्वारा मांगी गई सभी मांगे जायज है। प्रबंधक 15 दिनों के अंदर सभी मांगों के ऊपर संज्ञान लेकर समस्या का समाधान करें, अन्यथा संघ मैनेजमेंट के कार्य को बाधित करेगी। मौके पर महेश कुमार साव, पंचू सिंह, बृज बिहारी सिंह, रवि सिंह, आनंद सिंह,आलम अंसारी, सुदर्शन चौहान, पवन प्रसाद एवं सैकड़ो पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महिला आयोग के आपके द्वार कार्यक्रम में 35 मामलों की सुनवाई

**धनबाद।** धनबाद जिला समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार में मंगलवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी की अध्यक्षता में 'आयोग आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत जनसुनवाई का आयोजन हुआ. इस दौरान 35 मामलों की सुनवाई की गई. वहीं, 6 नए मामलों को भी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया गया. जनसुनवाई में घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, पारिवारिक कलह से जुड़े कई मामले आए. आयोग ने इन गंभीर विषयों पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि हर महिला को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है. आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया. तलाक के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए कहा कि समाज की नींव को मजबूत बनाए रखने के लिए विवाह पूर्व परामर्श आवश्यक है. उन्होंने कहा सभी जिलों में प्री मैरिज काउंसलिंग सेंटर की शुरुआत की जाएगी. जहां दंपतियों को विवाह के वास्तविक अर्थ और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी जाएगी.

# कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष की अपराधियों ने गोली मारकर की हत्या

नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा



जिला के पोड़ैयाहाट प्रखंड में कांग्रेस के पंचायत अध्यक्ष की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या दी. अज्ञात अपराधियों ने सोमवार को महेंद्र टुडू जो पूर्व मुखिया और सीएसपी संचालक भी थे उनको गोली मारी थी. इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें देवघर और फिर हालत में सुधार न होने पर दुर्गापुर रेफर कर दिया गया, जहां उनकी मौत हो गयी. मामला पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के पास का है, जहां महेंद्र टुडू अपने घर के पास थे. मरने से पहले उनके दिए बयान के अनुसार चार की संख्या में अपराधी आये थे संभवतः उनकी लूटपाट की मनसा थी. घटना उस वक्त घटी जब पोड़ैयाहाट प्रखंड क्षेत्र के ठाकुर नाहन पंचायत के पूर्व मुखिया महेंद्र टुडू अपने कार्य को लेकर तिलाटाड़ गए थे, तभी अज्ञात अपराधियों ने पूर्व मुखिया पर गोली चला दी. वहीं गोली लगने से पूर्व मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गए. मुखिया को गोली मारकर अपराधी हवा में फायर करते हुए फरार हो गए. घटना की सूचना मिलने के बाद गोड्डा एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी व पोड़ैयाहाट थाना प्रभारी दल-बल के साथ वहां पहुंचे और मामले की तफ्तीश शुरू कर दी.

### एसडीपीओ ने घटना की पुष्टि की

एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने घटना की पुष्टि करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है. पुलिस सभी बिंदुओं पर काम कर रही है. जहां एक ओर इस घटना को लूटपाट की आशंका से देखा जा रहा है, वहीं मृतक व उसकी पत्नी दोनों पूर्व में मुखिया रह चुके हैं. ऐसे में राजनीतिक रंजिश जैसे बिंदुओं पर भी पुलिस तहकीकात कर रही है. इधर इस पूरे मसले पर स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि ये दुखद है और पुलिस अपराधियों के विरुद्ध त्वरित करवाई कर उन्हें सजा दे.

## नानी के अंतिम संस्कार में गए दो भाई नदी में डूबे, एक की मौत



नवीन मेल संवाददाता। धनबाद

धनबाद जिले के सुदामडीह थाना क्षेत्र के बिरसा पुल के समीप मंगलवार को नहाने के दौरान दामोदर नदी में दो युवक डूब गए. इनमें से एक युवक लक्की चौहान को स्थानीय लोगों की मदद से बचा लिया गया. वहीं उसके भाई राजकुमार चौहान की मौत हो गई. लक्की चौहान अपने भाई राजकुमार चौहान के साथ झरिया के सहाना पहाड़ी से अपनी नानी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए मोहलबनी घाट आया था. अंतिम संस्कार के बाद दोनों भाई नदी में नहाने उतरे. पानी की गहराई का अंदाजा न होने के कारण दोनों डूबने लगे. एक युवक को स्थानीय लोगों ने तो बचा लिया लेकिन दूसरा युवक लापता हो गया. मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने पास के थाना को दी. जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से लापता युवक की तलाश शुरू की गई. कई घंटे की खोजबीन के बाद गोताखोरों ने राजकुमार का शव नदी से बरामद कर लिया.गौरतलब है कि इसी स्थान पर दो दिन पहले भी दो युवकों की डूबने से मौत हो गई थी. जिससे इलाके में दहशत और चिंता का माहौल है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से घाट पर सुरक्षा उपायों की मांग की है.


## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं. 10/2025–26

**Head :- Civic Amenities**

| Sl. No. | Particulars | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period for construction |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of new P.C.C Road from Chop ra Medical to H/o Archana Verma & new R.C.C Cover Drain from Chhath Talab Chowk to Ganga place and to Shivg eet Sewa sadan to Sree Lether and H/o Pramod Singh to Neeraj Lal house in Bangali Tola near NH-100 under Municipal Corporation, Hazaribag | 6,97,300.00 | 14,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 2. | Supply Fitting Fixing & Installation of M.S Yatri Shed at Five Places under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,94,000.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 3. | Construction of New R.C.C Cover Drain for SDPO RESIDENCE at Head post office chowk Under Municipal Corporation Hazaribag. | 3,69,000.00 | 6,000.00 | 1,180.00 | 30 days |
| 4. | Beautification of I Love Hazaribag and Repair & Installation of Steel Stairs at Four (04) Diffident Chowks Under Municipal Corporation Hazaribag. | 4,56,100.00 | 10,000.00 | 1,180.00 | 30 days |
| 5. | Construction of Shahid Smarak at Paigodda chowk & SheelaPat near Suresh Colony entry (Opposite of LIC office) Under Municipal Corporation Hazaribag. | 4,73,300.00 | 10,000.00 | 1,180.00 | 30 days |
| 6. | Construction of RCC Drain, Repair of Drain & Laying of Paver Block opposite of Suresh Colony entry gali (near LIC office gate) Under Municipal Corporation Hazaribag. | 8,34,100.00 | 18,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 7. | Construction of New R.C.C. Drain from H/o Shaba Karim to H/o Rustam Khan in ward no 02 (Two) Under Municipal Corporation Hazaribag | 8,98,400.00 | 18,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 8. | Construction of New R.C.C Cover Drain from H/o Mintu Murga Dukan to PCC Main Road in Millat Colony in ward no. 02 (Two) under Municipal Corporation, Hazaribag | 3,95,400.00 | 8,000.00 | 1,180.00 | 30 days |
| 9. | Construction of R.C.C. Drain opposite to cold storage from main BT ROAD Mandai Ram Parwesh ji in Kolghatti in ward no :- 02 (Two) Under Municipal Corporation,Hazaribag | 9,98,300.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 10. | Construction of new PCC Road from H/O Manoj yadav to Daval yadav and construction of new RCC Drain from H/O Manoj Yadav to Prabhu Mehta IN SAURAV NAGAR sharley dipugada in ward no 05 (Five) under Municipal Corporation Hazaribag. | 9,98,200.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 11. | Construction of new PCC Road in front of H/O Sukhdeo Ram prajapati , construction of new rcc drain from H/O Sukhdeo Ram prajapati to nearest drain (Genious shop) and repair of drain from H/O Manoj yadav to H/O Deval yadav in ward 05 (Five) dipugarha under Municipal Corporation Hazaribag. | 9,98,600.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 12. | Construction of R.C.C. Drain and Laying of Paver Block in Krishnapuri Pond to H/o Bateshwar Mehta in ward no 07 (Seven) Under Municipal Corporation Hazaribag. | 9,95,800.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 13. | Construction of R.C.C. Drain and P.C.C Road NH -100 in Boundary of C.B Singh House & Repair of Drain in Construction of Slab in Shyamdundar Nagar in ward no 07 (Seven) Under Municipal Corporation Hazaribag. | 9,96,100.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 14. | Construction Of R.C.C Drain from H/o Rameshwar Chaudhary to main road In Ward No. 07 (Seven) Under Municipal Corporation Hazaribag | 4,39,800.00 | 10,000.00 | 1,180.00 | 30 days |
| 15. | Construction of New R.C.C. Drain with Cover Slab from H/o Vishal kashyap to H/O Late vasudev ram and Construction of New R.C.C. Drain with Cover Slab fro H/O Shiva kumar to H/O Lalo ram in ward no 10 (Ten) Under Municipal Corporation Hazaribag | 7,39,200.00 | 16,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 16. | Construction of R.C.C Drain, cross drain and new pcc road from H/O Shaligram singh to H/O Bhola singh and Construction of new PCC Road from H/O Nirmal Mahato to H/O Shiv Chandra azad in ward no. 12 (Twelve) under Municipal Corporation, Hazaribag | 7,67,700.00 | 16,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 17. | Construction of R.C.C Drain with cover slab from Ravindra Chowk to incomplete Drain near H/o Shatrudhan Ji and from Pani Dukan to H/O Dubey Ji in suresh colony ward no. 12 (Twelve) under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,98,500.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 18. | Construction of New R.C.C. Drain with Cover Slab from H/O Shambhu yadav to H/o Yogendra Prasad in ward no 13 (Thirteen) Under Municipal Corporation Hazaribag | 9,74,100.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 19. | Construction of New R.C.C. Drain with Cover Slab from H/o Shridhar Mishra to H/o S.N.Singh in ward no 13 (Thirteen) Under Municipal Corporation Hazaribag | 6,76,000.00 | 14,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 20. | Construction of New R.C.C. Drain with Cover Slab from Birsa Chowk to SDPO awas in ward no 13 (Thirteen) Under Municipal Corporation Hazaribag | 9,50,00.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 21. | Construction of R.C.C Drain & P.C.C Road from H/o Gautam Ram to H/o Ashok Ram in ward no. 14 (Fourteen) under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,90,000.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 22. | Construction of R.C.C Drain with cover slab in Nemi Chand Gali & Kali Bari Mandir Nala Road Gali no. 2 from H/o Manohar Rana to near H/o Rakesh Gupta under ward no. 17 (Seventeen) under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,99,000.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |
| 23. | Construction of R.C.C Drain with cover slab from Bansi lal Chowk towards Kali Badi Chowk via Anandita Restaurant in ward no. 17 (Seventeen) under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,99,000.00 | 20,000.00 | 5,900.00 | 60 days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
   तिथि एवं समय : दिनांक 21.06.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
   तिथि एवं समय : दिनांक 23.06.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
   तिथि एवं समय : दिनांक 24.06.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न
4. विज्ञापन दाता का पदनाम : नगर आयुक्त सह प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :–निविदा से संबंधित शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग।

PR 354180 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरुषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पाएगी। **- श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# नया पाक बनता बांग्लादेश

कपड़े का सबसे बड़ा निर्यातक बांग्लादेश जिसे पूरब का मैनचेस्टर कहा जाता था में तख्तापलट के दस महीने बीत चुके हैं और उसका भविष्य गर्त में जा चुका है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। 2006 में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में योगदान की वजह से यूनुस को नोबेल शांति पुरस्कार मिला था, लेकिन वह जब से सत्ता पर काबिज हुए हैं, तब से उनका कट्टरपंथी एवं लोकतंत्र विरोधी चेहरा सबके सामने आ चुका है। यूनुस जल्द चुनाव के पक्ष में नहीं हैं। वह अमेरिका, पाकिस्तान और चीन के हाथों की कठपुतली बन चुके हैं। पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था भी पटरी से उतर चुकी है। बांग्लादेश का लक्ष्य था कि 2031 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बनना, लेकिन मौजूदा राजनीतिक अस्थिरता और अशांति अर्थव्यवस्था को नीचे की ओर ले जा रही है। बांग्लादेश ने ऐतिहासिक रूप से आर्थिक लचीलापन दिखाया है, लेकिन मौजूदा संकट वित्तीय जोखिमों को बढ़ा रहा है, जिसमें विदेशी भंडार पर दबाव, क्रेडिट रेटिंग में गिरावट और परिधान निर्यात जैसे प्रमुख उद्योगों में व्यवधान शामिल हैं। मुद्रास्फीति 10 फीसदी के करीब पहुंच रही है, निर्यात कमजोर हो रहा है, ऊर्जा संकट और बेरोजगारी बढ़ रही है, तेजी से घटती टाका की कीमत के कारण आयात लागत बढ़ रही है, जिससे अर्थव्यवस्था में विश्वास बहाल करने के लिए संघर्ष कर रही अंतरिम सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। यूनुस अर्थव्यवस्था को 'सुधारने' के लिए चीन से लगातार कर्ज ले रहे हैं, लेकिन इससे बांग्लादेश को मदद नहीं मिलने वाली, बल्कि पाकिस्तान की तर्ज पर उसके चीन का गुलाम बनने की आशंकाएं बढ़ेंगी, जो भारत की चिंता का कारण बन सकती हैं। हाल ही में बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने जमात-ए-इस्लामी, जोकि एक कट्टरपंथी, पाकिस्तान-परस्त एवं भारत विरोधी संगठन है, का रजिस्ट्रेशन बहाल कर दिया है, जबकि 2013 में इसी अदालत ने जमात-ए-इस्लामी पार्टी को राष्ट्रीय चुनाव में भाग लेने के लिए अयोग्य माना था और उसका पंजीकरण रद्द कर दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में इसकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के चलते प्रतिबंध लगाया गया था। बीते साल शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद जमात ने अदालत के फैसले की समीक्षा की मांग की थी। इस पर मोहम्मद यूनुस ने पार्टी से प्रतिबंध हटाया, तो अब सुप्रीम कोर्ट ने पंजीकरण बहाल कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कुछ ही दिन पहले जमात के एक शीर्ष नेता और मृत्युदंड प्राप्त दोषी अजहरुल इस्लाम को भी बरी कर दिया था।

*मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।*

अजहरुल इस्लाम पर मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तानी सेना का साथ देकर मानवता के खिलाफ अपराध करने का आरोप था। अंतरिम सरकार के कानूनी सलाहकार आसिफ नजरुल ने इस्लाम की रिहाई का स्वागत भी किया। जमात ने 1971 में बांग्लादेश की पाकिस्तान से स्वतंत्रता का विरोध किया था। ऐसे में उसका चुनाव लड़ना बांग्लादेश के भविष्य के लिए एवं सुरक्षा के मद्देनजर भारत के लिए भी ठीक नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें अब और भी बढ़ गई हैं, क्योंकि बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी-बीडी) ने हसीना और दो अन्य व्यक्तियों पर पिछले वर्ष हुई हिंसा के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति दी है। वहीं, यूनुस ने शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को भंग कर दिया है। अवामी लीग की अनुपस्थिति में उसकी प्रमुख प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी), जिसकी अगुवाई पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया कर रही हैं, देश की राजनीति में प्रमुख भूमिका में उभर आई है।

# युद्ध की बर्बरता व सीज फायर का औचित्य



मानव जाति के लंबे इतिहास में रक्ताक्त युद्धों की अनगिनत रोमांचक कहानियां अंकित हैं।इधर ही नार्वे के एक प्राध्यापक ने गणना यंत्र की सहायता से यह बताया है कि 5560 वर्षों के लिखित इतिहास में कुल 14,531 युद्ध हुए हैं, अर्थात् प्रत्येक वर्ष ढाई सौ से भी अधिक। चाहे देवासुर संग्राम हो या पाषाण युग के बर्बर मनुष्यों का संघर्ष या आधुनिक साधनों से संपृक्त भीषण रण-मेरी दृष्टि में सभी युद्ध हैं।चाहे उसे धर्मयुद्ध या क्रूसेड जैसा पवित्र नाम दें या किसी अन्य विशेषण से शून्य या युक्त युद्ध कहें -कुछ बहुत अंतर नहीं आता।मानव के भीतर का खूनी पिशाच ही उसे युद्ध के लिए प्रेरित करता है।

प्राचीन काल में जो युद्ध होते थे , उनमें इतना भीषण नरसंहार नहीं होता था, क्योंकि पहले मनुष्य एक दूसरे से पत्थर, गदा,भाले और धनुष वाण से लड़ता था। प्राचीन काल और आधुनिक काल के युद्ध में एक भारी अंतर यह है कि पहले युद्ध में भाग लेने वाले ही हताहत होते थे,अन्य नहीं। प्राचीन काल में भीषण युद्ध होता रहता था और उससे कुछ ही दूर पर सामान्य नागरिक अपने कामों में जुटे रहते थे,किंतु आज तो स्थिति सर्वथा भिन्न है।आज तो वस्तुतः युद्ध छेड़ने वाले दूर ही बैठे रहते हैं और एक बटन दबाते ही हजारों मील पर रहने वाले असंख्य नागरिक भयानक बम विस्फोट के ग्रास बन जाते हैं। प्राचीन काल में युद्धों के निश्चित नियम थे, युद्ध का समय निश्चित होता था। सूर्योदय से सूर्यास्त तक, सूर्यास्त होते ही युद्ध बंद हो जाता था। दिन-भर कुरुक्षेत्र में रथ संचालन के पश्चात् सायंकाल में भगवान श्रीकृष्ण अपनी पीताम्बरी में दाने लिए अपने घोड़ों के बीच निकल पड़ते थे। शत्रु -मित्र सब एक दूसरे की चिकित्सा -संवेदना में तत्पर रहते थे,किंतु आज युद्ध अखंड रूप से रात -दिन चलता रहता है और चिकित्सालयों तक पर बम गिराये जाते हैं। अस्तु युद्ध कभी मानव और मानवता के लिए वरेण्य नहीं हो सकता।

आज की बात



**डा जंग बहादुर पाण्डेय**
पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग
रांची विश्वविद्यालय, रांची

अभी हाल ही में पाकिस्तान के द्वारा की गई निर्मम हत्या की पूरी दुनिया में भर्त्सना हुई।इसके जबाव में भारत के द्वारा किया गया आपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान की नींद उड़ाई दी और पाकिस्तान का मन ठंडा कर दिया। दुनिया ने भारत के इस कदम की भरपूर सराहना की। लेकिन अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा बीच बचाव कर सीज फायर कराया गया।यह कदम बहुत हद तक मानव और मानवता के पक्ष में कहा जा सकता है। महाभारत के एक प्रसंग के माध्यम से मैं सीज फायर के औचित्य पर अपनी बात रखना चाहता हूं।जब द्रौपदी के पांचों पुत्र महाभारत के युद्ध में मार दिए गए, तब उनको समझ में आया कि युद्ध क्या होता है? उसके पहले वे युद्ध के लिए सबसे अधिक लालायित थीं, सबसे अधिक युद्ध के लिए पांडवों को ललकारती थीं- कृष्ण के युद्ध रोकने के हर प्रयास का सबसे अधिक विरोध द्रौपदी करती थीं।

महाभारत युद्ध को हर कीमत पर रोकने के लिए कृष्ण सभी तरह का प्रयास कर रहे थे, जो लोग कृष्ण के युद्ध रोकने के प्रयासों का सबसे अधिक विरोध कर रहे थे, उसमें द्रौपदी पहले नंबर थीं। जब युद्ध रोकने या समझौते की कोई बात शुरू होती, वे कहतीं कि मेरे इन खुले बालों का क्या होगा? जो दुशासन के रक्त के प्यासे हैं, वे कहतीं भीम की उस प्रतिज्ञा का क्या होगा, जो उन्होंने दुर्योधन की जंघा तोड़ने के लिए लिया है। उस कर्ण को मैं जीवित कैसे देख सकती हूं, जिसने मुझे भरी सभा में वेश्या कहा। कृष्ण हर बार उन्हें डांटते हुए कहते कि तुम्हारे खुले बालों , तुम्हारे बदले की भावना , दुशासन के रक्त, तुम्हारे मन की शांति के लिए दुर्योधन की टूटी जंघा और कर्ण की हत्या तक युद्ध सीमित नहीं है। तुम्हारी प्रतिज्ञा टूट भी जाए और महाभारत का युद्ध रूक जाए,तो इसे सस्ता ही समझना, क्योंकि तुम्हारी प्रतिज्ञा की तुलना में मानव और मानवता का कल्याण श्रेयस्कर है। अगर यह युद्ध हुआ, तो लाखों निर्दोष लोग मारे जाएंगे, लाखों बच्चे अनाथ होंगे, लाखों महिलाएं विधवा और लाखों मांओं की गोद सूनी हो जाएगी। युद्ध में मारे जाने वाले और अपने को खोने वाले वे लोग होंगे, जिनका कुछ भी इस युद्ध में दांव नहीं लगा है। चाहे वे पांडव की सेना में हों या कौरव की सेना में उनका कोई हित-अहित या लाभ-हानि इस युद्ध से नहीं जुड़ा हुआ है। वे सिर्फ सैनिक के तौर पर अपनी रोजी-रोटी या वफादारी साबित करने के लिए इस या उस पक्ष में युद्ध में शामिल होंगे। मुझे तुम्हारे निजी बदले की भावना की नहीं, उन लोगों की चिंता है, जो बिना किसी वजह के इसमें मारे जाएंगे। द्रौपदी तुम इसे याद रखना।कृष्ण के सारे प्रयास असफल हुए और महाभारत का युद्ध हुआ। लाखों लोग मारे गए। युद्ध के अंतिम दौर में द्रौपदी के पांचों पुत्र एक साथ मारे गए। सुभद्रा का लड़का अभिमन्यु पहले ही मारा जा चुका था।

> *बजे रहा बिगुल निनादित घोष,*
> *फूंक दो फिर बंसी के श्वास।*
> *युद्ध और शांति यही दो गीत,*
> *आजतक मानव का इतिहास।*
> -रांगेय राघव

जब अपने पांचों बच्चों के मारे जाने पर द्रौपदी विलखने लगीं, हाय-तौबा मचान लगीं तो, कृष्ण ने दो टूक कहा, तुम तो हर हालात में युद्ध चाहती थी, युद्ध रोकने के हर प्रयास का सबसे अधिक विरोध कर रही थी, हर तरह से शांति की किसी भी कोशिश के खिलाफ थी।

अब क्यों विलख रही हो, क्यों हाय तौबा मचा रही हो, तुम क्या सोचती थी कि युद्ध में दूसरों के बेटे मारे जाएंगे और तुम युद्ध का तमाशा देखोगी, तुम्हें नहीं कुछ खोना पड़ेगा। तुम्हारे बच्चे,तुम्हारे बदले की मानसिकता की बलि चढ़े, इसके बाद भी तुम्हे राज मिलेगा, शासन मिलेगा। तुम पटरानी बनोगी। उनके बारे में भी तनिक विचार करो, जिन्होंने अपने बेटों, पतियों, भाइयों और पिता को अकारण खो दिया, जिन्हें इस युद्ध से कुछ नहीं मिला। जिनका इस युद्ध से कोई लेना-देना नहीं था। युद्ध के लिए ललकारने वालों को तब तक युद्ध की कीमत नहीं पता चलती, जबतक कि इस युद्ध की बलिवेदी पर उनके अपने नहीं चढ़ते हैं, द्रौपदी की तरह।

राष्ट्रवादी युद्ध अंतिम विकल्प होना चाहिए और एक सीमित उद्देश्य के लिए होना चाहिए और जब उद्देश्य की प्राप्ति हो जाये तो सम्मानजनक समझौता करके युद्ध से बाहर निकल आना ही श्रेयस्कर होगा। इसलिए सीज फायर एक सुलझा हुआ निर्णय था। जो लोग सीज फायर का विरोध कर रहें हैं,उनका कोई बच्चा फौज में लड़ाई में नहीं है। एतदर्थ भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी बधाई के पात्र हैं।भारत सत्य और अहिंसा का पुजारी रहा है। मोदी जी का कहना है कि परमाणु शक्ति का उपयोग मानव कल्याण में हो,किसी दूसरे राष्ट्र के आंतरिक कार्यों में हस्तक्षेप न किया जाए, आतंकवाद को विश्व पटल से निर्मूल किया जाए तथा अहिंसा और शांति का ऐसा मंत्र फूंका जाए कि मनुष्य के भीतर बैठा हिंस्र सिंह भी खुशी की चौकड़ी भरने लगे और आज के युद्ध की काल रात्रि का तूफान कल के प्रभात को स्वर्णिम शांति का ताज पहना जाए।

### राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के शब्दों में हम कहना चाहेंगे कि

सबकी नसों में पूर्वजों का पुण्य रक्त प्रवाह हो,
गुण शील साहस बल तथा सबमें भरा उत्साह हो।
सबकी नसों में सर्वदा संवेदना की दाह हो,
हमको तुम्हारी चाह हो,तुमको हमारी चाह हो।

# प्रकृति जीवन रेखा है इसकी रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए

झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रांतीय प्रवक्ता सह हिंदी साहित्य भारती के उपाध्यक्ष संजय सर्राफ ने कहा है कि हर वर्ष 5 जून को पूरी दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह दिन न केवल हमें पर्यावरण के महत्व का स्मरण कराता है, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों को भी जागरूकता के रूप में प्रस्तुत करता है। इसकी शुरुआत 1972 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा की गई थी, जब स्टॉकहोम (स्वीडन) में आयोजित "मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन" में इस दिन को विशेष रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद 1974 से इसकी विधिवत शुरुआत हुई और तब से हर साल यह दिन किसी एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस का उद्देश्य लोगों को पर्यावरणीय संकटों के प्रति जागरूक करना और उन्हें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रेरित करना है। आज वैश्विक स्तर पर वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता का क्षरण, प्लास्टिक प्रदूषण, वायु और जल प्रदूषण जैसी समस्याएं गंभीर रूप धारण कर चुकी हैं। ऐसे में पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि प्रकृति हमारी जीवनरेखा है और इसकी रक्षा करना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। हर साल किसी एक देश को मेजबान बनाकर एक विशेष थीम के साथ यह दिवस मनाया जाता है। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम "विश्व स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण का अंत" है। यह थीम प्लास्टिक कचरे की गंभीर समस्या से निपटने का एक वैश्विक संकल्प है। हर साल सैंकड़ों मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है, जिसमें से लगभग दो-तिहाई केवल एक बार उपयोग के लिए होता है और जल्दी ही फेंक दिया जाता है. यह प्लास्टिक नदियों और महासागरों को प्रदूषित करता है, हमारी फूड चेन में प्रवेश कर जाता है, और माइक्रोप्लास्टिक के रूप में हमारे शरीर में भी जमा हो जाता है। प्लास्टिक से हो रहे पर्यावरणीय नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित करता है। इसी तरह, हर वर्ष एक नई चुनौती और समाधान को लेकर कार्यक्रमों, रैलियों, वृक्षारोपण अभियानों, शिक्षण कार्यशालाओं और सफाई अभियानों का आयोजन होता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह दिन विशेष महत्व रखता है।

आपकी बात



**संजय सर्राफ**



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# दुनिया को सब दिखाया, पर खुद से क्या छिपाया?

यदि सब कुछ उजागर कर दिया जाए, तो बचेगा क्या? यह सवाल एक धारदार खंजर है, जो हमारे समय के दिल को चीरता है और हमें उस खोए हुए 'मैं' की तलाश में भटकने को मजबूर करता है, जो कभी हमारी आत्मा की आवाज था। सोशल मीडिया का यह युग हमें एक ऐसी भूलभुलैया में ले आया है, जहाँ हर कदम पर हम अपनी निजता, अपनी संवेदनाओं और अपने वजूद को बेचकर बस एक चमकती छवि बनकर रह गए हैं। यह चकाचौंध हमें लुभाती है, लेकिन हर बार जब हम अपनी जिंदगी का एक टकडा दनिया के सामने परोसते हैं, हम अपने भीतर की उस अनमोल शांति को, उस 'मैं' को, थोड़ा और गँवा देते हैं। हर सुबह अब सूरज की किरणों से नहीं, स्मार्टफोन की नीली रोशनी से शुरू होती है। आँखें खुलते ही हम इंस्टाग्राम की रील्स, ट्विटर के ट्रेंड्स और व्हाट्सएप के स्टेटस में डूब जाते हैं। स्टेटिस्टा (2023) के अनुसार, भारत में 50 करोड़ से अधिक लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, और औसतन हर व्यक्ति दिन के 2.5 घंटे से ज्यादा इस आभासी दुनिया में बिताता है। हमारी जिंदगी अब एक परफेक्ट पोस्ट, एक वायरल रील या एक ट्रेंडिंग हैशटैग बनकर रह गई है। हम क्या खाते हैं, क्या पहनते हैं, कहाँ घूमते हैं-यह सब दुनिया को दिखाना जरूरी हो गया है, लेकिन हमारी आत्मा की चुप्पी, हमारे भीतर का खालीपन, वह कहीं गुम हो गया है। हमारी भावनाएँ अब कैमरे के लेंस से छनकर ही सामने आती हैं, और हमारा सच एक फिल्टर के पीछे छिप जाता है। सोशल मीडिया ने हमें यह सिखाया है कि हमारी कीमत हमारी छवि में है, न कि हमारे वास्तविक होने में। एक परफेक्ट सेल्फी, सही कैप्शन और सैकड़ों लाइक्स—यही अब हमारी पहचान बन गई है। प्यू रिसर्च सेंटर (2022) की एक स्टडी बताती है कि 64% किशोरों का आत्मसम्मान सोशल मीडिया पर उनकी छवि से प्रभावित होता है। हमारी खुशियाँ अब लाइक्स की गिनती पर टिकी हैं, और हमारा दुख तब तक अधूरा है, जब तक वह दुनिया की सहानुभूति न बटोर ले। रिश्ते, जो कभी दो दिलों की फुसफुसाहट में बसते थे, अब स्टोरीज और प्रोफाइल पिक्चर्स की कैद में हैं। प्यार, दोस्ती, दुख-सब कुछ अब एक 'पोस्ट' बनकर रह गया है। यह सिर्फ युवाओं की कहानी नहीं। बच्चे, जो अभी दुनिया को समझने की उम्र में हैं, टिकटॉक और यूट्यूब शॉर्ट्स के ट्रेंड्स में खोए हैं। बुजुर्ग, जो पहले परिवार की चौपाल पर कहानियाँ सुनाते थे, अब व्हाट्सएप ग्रुप्स में फॉरवर्ड्स भेजने में उलझे हैं। जर्नल ऑफ सोशल एंड क्लिनिकल साइकोलॉजी (2021) में प्रकाशित एक शोध बताता है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग चिंता, अवसाद और आत्मसम्मान में कमी का कारण बनता है। फिर भी, हम इस मायाजाल से बाहर निकलने को तैयार नहीं। हम सब इस आभासी दुनिया के कैदी बन चुके हैं, जहाँ हर कोई 'ट्रेंड' करना चाहता है, लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि इस दौड़ में हम अपनी आत्मा को कहाँ छोड़ आए हैं। हमारी संस्कृति में एकांत को सदा से एक मूल्य माना गया है। गीता में कहा गया है, "आत्मा का साक्षात्कार एकांत में ही संभव है।" लेकिन आज एकांत को कमजोरी समझा जाता है। अगर कोई अपनी भावनाओं को निजी रखे, तो उसे 'एंटी-सोशल' का तमगा दे दिया जाता है। हर दुख को स्टोरी बनाना, हर खुशी को रील में ढालना, हर पल को दुनिया के सामने परोसना—यह अब जरूरी हो गया है। लेकिन क्या हर आंसू को कैमरे में कैद करना जरूरी है? क्या हर हँसी तभी पूरी है, जब उसे हजारों लोग देख लें? निजता वह अनमोल खजाना है, जो हमें हमारी आत्मा से जोड़ता है। जब हम अपनी हर बात को सार्वजनिक कर देते हैं, तो वह खजाना धीरे-धीरे खाली होता जाता है। सोशल मीडिया ने हमें एक स्क्रिप्टेड जिंदगी जीना सिखाया है। दुख को 'एस्थेटिक' होना चाहिए, खुशी को 'इंस्टाग्रामेबल'। हम जैसे हैं, वैसे दिखना अब कमजोरी माना जाता है। हम अपने असली चेहरे को छिपाकर एक ऐसा 'वर्जन' जीने लगे हैं, जो ज्यादा लाइक्स बटोरे, ज्यादा शेयर हो। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी (2024) का एक अध्ययन कहता है कि सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताने वाले लोग अपनी वास्तविक पहचान से कट रहे हैं, जिससे 'आइडेंटिटी क्राइसिस' की समस्या बढ़ रही है। हम अपनी मौलिकता, अपनी संवेदनाएँ, और अपनी आत्मा को इस चकाचौंध में गिरवी रख चुके हैं। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

तस्वीरें मुस्कराती हैं, पर भीतर कोई रोता है

देश की बात



**प्रो. आरके जैन**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

हमको फलता देखकर, बाहर कई विभोर।
हम अपने ही सामने, सिद्ध हुए कमजोर।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# पाकिस्तान भारत के दम को आजमाने की भूल न करें

भारत ने पहलगाम के नृशंस एवं बर्बर आतंकी हमले का जिस पराक्रम एवं शौर्य से बदला लिया, लेकिन विडम्बना है कि उस एकदम स्पष्ट सन्देश से पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं लिया, पाकिस्तान की ऐसे सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक से भी अक्ल नहीं आयी। पाकिस्तान ऐसे कुत्ते की दूम है, जिसे चाहे कितना ही तरोड़ों-मरोडो वह टेढ़ी की टेढ़ी ही रहने वाली है। लेकिन इस बार भारत ने एक बड़ा सबक लिया है कि पाक के किसी भी झांसे एवं घड़ियाली आंसुओं में वह नहीं आयेगा। इसीलिये भारत हर मोर्चे पर सतर्क एवं सावधान है। भारत ने गैर-सामरिक एवं सामरिक मोर्चे पर सर्तकता दिखाते हुए तमाम समीकरण ही नहीं बदले हैं बल्कि भारत की सुरक्षा एवं आतंकवाद के खिलाफ सख्ती को तीक्ष्ण धार दी है। अब कोई भी आतंकी हमला युद्ध की चुनौती के रूप में लिया जाएगा और उसकी कड़ी एवं विध्वंसक प्रतिक्रिया ही होगी। भारत किसी परमाणु ब्लैकमेलिंग का शिकार नहीं होगा। आतंकियों और उनके समर्थकों में कोई भेद नहीं किया जाएगा। भारत आतंकवाद एवं कश्मीर के मामले में किसी भी महाशक्ति की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करेगा। भारत ने हाल की स्थितियों में जो भी निर्णय लिये स्व-विवेक से लिये, अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं रही। पाक भारत के दम को कमतर न आंके और उसे आजमाने की भूल न करें। भारत के कतिपय राजनीतिक दल एवं कुछ लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब भारत विजयी स्थिति में आगे बढ़ रहा था तब उसने शांति की पहल क्यों स्वीकार की? भारत ने बड़ी जीत हासिल कर ली थी और उससे भी बड़ी जीत के लिये उसकी तैयारी थी तो संघर्ष विराम क्यों किया? इसका जवाब भारत के शीर्ष नेतृत्व ने एकदम सरल तरीके से दिया है कि भारत ने अपने सभी लक्ष्य हासिल किए। भारतीय सेना को छह-सात मई की रात पाकिस्तान के आतंकी अड्डों को नष्ट करने के बाद उसके प्रमुख एयरबेस इसलिए नष्ट करने पड़े, क्योंकि उसने अपने यहां के आतंकी अड्डों को निशाना बनाए जाने से चिढ़कर भारत पर मिसाइल और ड्रोन दागने शुरू कर दिए थे। लाहौर और सियालकोट के एयर डिफेंस ध्वस्त कर दिए गए। 11 पाकिस्तानी एयरफील्ड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए। इनमें रावलपिंडी स्थित सामरिक महत्व वाला नूर खान बेस, सरगोधा में मुशाफ बेस और जैकबाबाद में शाहबाज बेस प्रमुख हैं। चूंकि भारतीय सेना की अभूतपूर्व जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान बुरी तरह पस्त पड़ गया, इसलिए उसने सैन्य कार्रवाई रोकने की गुहार लगाई-भारत से भी और अमेरिका से भी। लेकिन यह स्पष्ट है कि अमेरिका की सैन्य कार्रवाई रोकने में कोई भूमिका नहीं थी। भारत आपरेशन सिंदूर इस शर्त पर स्थगित करने को तैयार हुआ कि इसके आगे की कार्रवाई में पाक की जनता को ही अधिक नुकसान एवं परेशानी झेलनी थी। भारत ऐसा नहीं चाहता था कि पाक आकाओं की नासमझी का शिकार आम-जनता हो। भारत ने आतंकी ढांचे को ध्वस्त कर दिया और जब पाकिस्तान ने भारतीय नागरिकों को निशाना बनाया तब भी भारतीय प्रतिक्रिया संयमित एवं उचित दायरे में रही। पाक दुष्प्रचार की पोल खोलने के लिए खुद प्रधानमंत्री आदमपुर एयरबेस गए। वह जिस सी-130जे सुपर हरक्युलिस से उतरे वही पाक के दावों को झुठलाने के लिए बहुत था। पाक के झूठे दावे अनेक बार तार-तार हुए है। अब भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प व्यक्त किया है कि आतंकियों और उनके आकाओं की कोई भी हरकत के परिणाम उनकी कल्पनाओं से भी परे होंगे। भारत कभी झूकेगा नहीं, युद्ध जैसी स्थितियां अस्तित्व बचाने के लिये ही है, किसी पर आधिपत्य करने के लिये नहीं। भारत-पाक के बीच सैन्य टकराव रुक जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह श्रेय लेने में देर नहीं लगाई कि उनके हस्तक्षेप के कारण दोनों देश हमले रोकने को राजी हुए। यह दावा झूठा ही नहीं, बल्कि बेबुनियाद था। ट्रंप ने इसे संघर्ष विराम की संज्ञा देते हुए कहा कि मैंने व्यापार का हवाला देकर दोनों देशों की लड़ाई रोकी। इस पर भारत ने साफ कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति से व्यापार को लेकर कोई बात नहीं हुई। ट्रंप का दावा उस समय थोथा भी साबित हो गया, जब अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने उनकी इस दलील को ठुकरा दिया कि उन्होंने ट्रेड की बात करके ही भारत और पाक के बीच सैन्य टकराव थामा। न्यूयार्क स्थित इस संघीय अदालत ने उनकी टैरिफ नीति को भी अवैध बता दिया। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**ललित गर्ग**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



### आयोजन का स्थान और अवसर

- स्थान: बंधवा (प्रयागराज) स्थित लेटे हुए हनुमान जी का मंदिर।
- अवसर: ज्येष्ठ माह का चौथा मंगलवार (बुढ़वा मंगल), जो विशेष रूप से हनुमान जी की पूजा के लिए जाना जाता है।
- बड़े मंगल की शुरुआत 13 मई से हुई थी, और 10 जून को समाप्त होगी।

### धार्मिक गतिविधियाँ और श्रद्धालु

- ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गई थीं।
- मंदिर परिसर "जय श्रीराम" और "जय-जय हनुमान" के जयकारों से गूंजता रहा।
- श्रद्धालु तुलसी की माला, लड्डू, और अन्य प्रसाद चढ़ाने के लिए उमड़े।
- मंदिर में बैठकर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया गया।

## ज्येष्ठ माह का चौथा मंगलवार

# प्रयागराज में लेटे हनुमान जी की पूजा कर श्रद्धालुओं ने की सुख-शांति की कामना

**प्रयागराज (आईएएनएस)**

ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार के दिन प्रयागराज के बंधवा स्थित लेटे हुए हनुमान जी के मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त से ही भक्तों की कतार लगी रही। हनुमान जी का दर्शन-पूजन करने के दौरान मंदिरों का परिसर जय श्रीराम, जय-जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा। बड़े मंगल की शुरुआत 13 मई से हुई है और 10 जून को समाप्त हो जाएगी।

इस दौरान तुलसी की माला, लड्डु चढ़ाने के लिए होड़ लगी रही, मंदिर परिसर में बैठकर भक्त हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते रहे। इस दौरान सुरक्षा के भी विशेष इंतजाम किए गए थे, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार से दिक्कत ना हो सके और दर्शन पूजन करके सुरक्षित अपने गंतव्य को जा सके। ज्येष्ठ माह के सभी मंगलवार को बड़ा या बुढ़वा मंगल कहते हैं। इस दिन विशेष रूप से भगवान हनुमान जी की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन बजरंगबली की उपासना व उपवास रखने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। दर्शन के लिए आईं श्रद्धालु रीता ने बताया कि आज ज्येष्ठ माह का चौथा मंगल है, इसलिए यहां दर्शन करने के लिए हम आए हैं, इसका बड़ा ही महत्व है। बजरंगबली के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। श्रद्धालु अंकित पांडे ने बताया कि हमने दर्शन कर अपने अच्छे भविष्य की कामना के लिए बजरंगबली से प्रार्थना की है। मैं अभी पढ़ाई कर रहा हूं और सरकारी नौकरी की तैयारी भी कर रहा हूं। भगवान से जल्द नौकरी की याचना की है।

सुधाकर मिश्रा ने बताया कि यहां दर्शन करने के लिए लोग दूर दराज से आते हैं। उन्होंने पूजा कर परिवार में सुख शांति की कामना की है। संजय ने बताया कि आज ज्येष्ठ माह का चौथा मंगल है जिसको बुढ़वा मंगल भी कहा जाता है। संगम पर लेटे हनुमान जी का बहुत ही महत्व है। यहां पर पूजा अर्चना करने के बाद की गई कामना सफल होती है। हम हर मंगलवार को यहां दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन आज के दिन का महत्व ज्यादा है। एक अन्य श्रद्धालु ने बताया कि संगम नगरी बड़े हनुमान महाराज के दरबार में आए हैं, दर्शन कर परिवार के स्वास्थ्यऔर सुख-शांति की कामना की है।

## तरनतारन से आईएसआई के लिए जासूसी करने वाला गिरफ्तार

**तरनतारन (आईएएनएस)**

पंजाब पुलिस ने काउंटर-इंटेलिजेंस के साथ मिलकर एक बड़ी कार्रवाई में तरनतारन से गगनदीप सिंह उर्फ गगन को गिरफ्तार किया है। गगनदीप पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के लिए जासूसी करने का आरोप है। वह ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा कर रहा था। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि गगनदीप तरनतारन के मोहल्ला रोडूपुर, गली नज़र सिंह वाली का निवासी है। वह पिछले पांच साल से पाकिस्तान स्थित खालिस्तानी समर्थक गोपाल सिंह चावला के संपर्क में था। चावला के जरिए उसका संपर्क आईएसआई के संचालकों से हुआ। गगनदीप ने सेना की तैनाती और रणनीतिक स्थानों की गोपनीय जानकारी साझा की, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा थी।पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया, जिसमें आईएसआई के 20 से अधिक संपर्कों का विवरण और साझा की गई खुफिया जानकारी मौजूद थी। डीजीपी ने बताया कि गगनदीप को आईएसआई से पैसे भी मिले थे।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 51.1 करोड़ की कोकीन बरामद, विदेशी नागरिक हुआ गिरफ्तार

**मुंबई (हि.स.)**

मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग की एयर इंटेलिजेंस यूनिट की टीम ने मंगलवार को एक विदेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 52 करोड़ रुपये कीमत की कोकीन बरामद हुई है। उसने यह कोकीन अपने शरीर के अलग-अलग हिस्से में छिपा रखी थी। इस मामले की गहन छानबीन कस्टम टीम कर रही है।

कस्टम सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि उनकी एयर इंटेलीजेंस यूनिट को विदेश से ड्रग सहित तस्कर के आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर कस्टम टीम मुंबई एयरपोर्ट पर निगरानी कर रही थी। जैसे ही संदिग्ध विदेशी एयरपोर्ट पर पहुंचा, तो उसे पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने उसकी तलाशी ली। उस शख्स ने कमरबंद (ऑर्थो वेस्ट बेल्ट) और पैर के सहारे (काफ सपोर्टर) में कुल 5194 ग्राम कोकीन छिपा रखी थी। सफेद पाउडर जैसे दिखने वाले इस पदार्थ की फील्ड टेस्टिंग की गई, जिसमें यह कोकीन साबित हुई। इस कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 51.94 करोड़ रुपये आंकी गई है। इसके बाद कस्टम टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है।

## 'नुकसान नहीं, नतीजे मायने रखते हैं'

# सीडीएस अनिल चौहान बोले, 8 घंटे में पाकिस्तान को घुटने पर लाया

### ऑपरेशन सिंदूर पर स्थिति

- ऑपरेशन सिंदूर अभी समाप्त नहीं हुआ है, यह जारी है
- वर्तमान में स्थिति को केवल "शत्रुता का अस्थायी विराम" बताया गया है

**नई दिल्ली । एजेंसी**



भारतीय सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने मंगलवार को कहा कि भारत असफलताओं पर ध्यान नहीं दे सकता है और उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ देश के 'ऑपरेशन सिंदूर' की सराहना की। महाराष्ट्र के पुणे में 'भविष्य के युद्ध और युद्ध' पर एक विशेष व्याख्यान देते हुए सीडीएस चौहान ने कहा कि किसी भी कार्रवाई का परिणाम महत्वपूर्ण होता है। जनरल अनिल चौहान ने कहा कि जब मुझसे हमारे पक्ष में हुए नुकसान के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि ये महत्वपूर्ण नहीं हैं। परिणाम और आप कैसे कार्य करते हैं, ये महत्वपूर्ण है। नुकसान के बारे में बात करना बहुत सही नहीं होगा। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने आगे कहा कि मान लीजिए कि आप एक क्रिकेट टेस्ट मैच में जाते हैं, और आप एक पारी से हार जाते हैं, तो कितने विकेट, कितनी गेंदें और कितने खिलाड़ी हैं, इसका कोई सवाल ही नहीं है। उन्होंने कहा कि तकनीकी मापदंडों के आधार पर, हम यह विशेष डेटा निकालेंगे और आपके साथ साझा करेंगे। हम आपको बताएंगे कि हमने कितने विमान नष्ट किए और हमने कितने रडार नष्ट किए। हम इसका एक मोटा आकलन करेंगे और जल्द ही इसके बारे में बताएंगे।

अनिल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह जारी है। यह शत्रुता का अस्थायी विराम है। हमें अपनी चौकसी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमारी तरफ से, हम लंबे समय तक संघर्ष में नहीं पड़ना चाहते थे। हमने ऑपरेशन प्रकरम में अपना अनुभव देखा है। हम लगभग नौ महीने तक वहां रहे। इसमें बहुत अधिक खर्च होता है, सब कुछ बाधित होता है। हमने बालाकोट के बाद कुछ हद तक यह देखा था, वहां एक तैनाती थी जिसे हमने जुटाया था। इस विशेष मामले में, जो हुआ वह यह था कि इस जुटाव को पूरा करने से पहले, ऑपरेशन रोक दिया गया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह जारी है। यह शत्रुता का अस्थायी विराम है। हमें अपनी चौकसी बनाए रखने की जरूरत है। जहां तक पाकिस्तानी पक्ष का सवाल है, मैं दो अनुमान लगा सकता हूं। एक, वे बहुत लंबी दूरी पर तेजी से चीजें खो रहे थे, और उन्होंने सोचा कि अगर यह कुछ और समय तक जारी रहा, तो वे और अधिक खोने की संभावना है, और इसलिए उन्होंने फोन उठाया।

अनिल चौहान ने कहा कि 10 मई को लगभग 1 बजे, उनका (पाकिस्तान का) उद्देश्य 48 घंटों में भारत को अपने घुटनों पर लाना था। कई हमले किए गए और किसी तरह से, उन्होंने इस संघर्ष को बढ़ा दिया, जिसमें हमने वास्तव में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन जिसके बारे में उन्होंने सोचा था कि यह 48 घंटों तक चलेगा, लगभग 8 घंटों में बंद हो गया और फिर उन्होंने टेलीफोन उठाया और कहा कि वे बात करना चाहते हैं।

## पर्यटकों की गिरती संख्या पर बोले फारूक अब्दुल्ला

# हमें माता वैष्णो देवी जाना पड़ेगा, लोगों को बुलाना पड़ेगा

**जम्मू-कश्मीर । एजेंसी**



नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को खीर भवानी मेला और हजरत मीर सैयद अली हमदानी के उर्स दोनों के जश्न का स्वागत किया और इसे कश्मीर में सांप्रदायिक सद्भाव का प्रतीक बताया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रगति के लिए एकता के महत्व पर जोर दिया। एएनआई से बात करते हुए फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि यह खुशी की बात है कि खीर भवानी का मेला और हजरत मीर सैयद अली हमदानी का उर्स आज मनाया जा रहा है। घाटी में हमेशा भाईचारा रहा है। हम इस भाईचारे को पूरे देश में देखना चाहते हैं। अगर हम एकजुट रहेंगे, तो हम तरक्की करेंगे।

खीर भवानी मेला कश्मीरी पंडित समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण वार्षिक धार्मिक उत्सव है। यह गंदेरबल जिले के तुल्ला मुल्ला गांव में खीर भवानी मंदिर में आयोजित किया जाता है। यह मंदिर देवी दुर्गा के एक रूप देवी रागन्या देवी को समर्पित है और इसे कश्मीरी हिंदुओं के लिए सबसे पवित्र स्थलों में से एक माना जाता है। अब्दुल्ला ने पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद तीर्थयात्रियों की संख्या में आई गिरावट पर चिंता जताते हुए श्रद्धालुओं से कटरा में माता वैष्णो देवी मंदिर जाने की अपील की।

अब्दुल्ला ने एएनआई से कहा कि हमें कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने जाना चाहिए और लोगों से वहां जाने की अपील करनी चाहिए। माता वैष्णो देवी के दर्शन करने वालों की संख्या में कमी आई है। हाल ही में हुए युद्ध की त्रासदी के बाद लोग डरे हुए हैं। पहलगाम की घटना का असर पूरे देश में देखने को मिला। इससे पहले अब्दुल्ला ने पर्यटकों से जम्मू-कश्मीर लौटने का आग्रह किया था और इस बात पर जोर दिया था कि यह क्षेत्र हिंसा नहीं बल्कि शांति चाहता है। उन्होंने पहलगाम जैसे स्थानों पर पर्यटन और लोगों की आजीविका पर आतंकवादी हमलों के नकारात्मक प्रभाव पर चिंता व्यक्त की, खासकर वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले।

## आतंकियों के मददगार 3 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

**नई दिल्ली** । जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम) के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया। संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई यह कार्रवाई राज्य के संस्थानों में आतंकवाद और उसके समर्थन नेटवर्क पर प्रशासन की चल रही कार्रवाई का हिस्सा है। बर्खास्त किए गए तीन कर्मचारी - मलिक इश्फाक नसीर, जम्मू-कश्मीर पुलिस में कांस्टेबल; एजाज अहमद, स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक; और वसीम अहमद खान, सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में जूनियर असिस्टेंट है।

## देश में 4,000 से ज्यादा लोग कोरोना संक्रमित, 24 घंटे में पांच की मौत

**नई दिल्ली (हि.स.)**। भारत में कोरोना की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। देश में मंगलवार तक कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 4,000 को पार कर गई। पिछले 24 घंटों में पांच लोगों की मौत हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने केरल में एक, महाराष्ट्र में दो, तमिलनाडु में एक और पश्चिम बंगाल में एक व्यक्ति की कोरोना की वजह से मौत की पुष्टि की है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना संक्रिमत लोगों की संख्या 4026 है। सबसे ज्यादा संक्रमित लोग केरल में मिले हैं। इनकी संख्या 1416 है। महाराष्ट्र में संक्रमित लोगों की संख्या 494, गुजरात में 397 और दिल्ली में 393 है। हालांकि पिछले 24 घंटे में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में संक्रमित लोगों की संख्या में 90 की कमी आई है।

# ऑपरेशन सिंदूर की तारीफ करना शर्मिष्ठा पनोली को बहुत भारी पड़ गया?

## कंटेंट क्रिएटर के मुंह से निकला एक शब्द जिंदगी बर्बाद कर रहा

**कोलकाता । एजेंसी**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को इंस्टाग्राम कंटेंट क्रिएटर शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया और कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी व्यक्ति को 'दूसरों को चोट पहुँचाने की इच्छा' नहीं देती है। इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर और कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली ने ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर एक समुदाय के खिलाफ कथित तौर पर विवादास्पद बयान देने के लिए खुद को विवादों के केंद्र में पाया। पिछले हफ्ते उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद कोलकाता पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। मामले की सुनवाई कर रहे न्यायमूर्ति पार्थ सारथी चटर्जी ने अंतरिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा, "देखिए, हमारे पास अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप दूसरों को चोट पहुँचाते रहेंगे। ये जानकारी लाइव लॉ ने रिपोर्ट की है।

**शर्मिष्ठा पनोली विवाद :** शर्मिष्ठा पनोली ने "ऑपरेशन सिंदूर" की पृष्ठभूमि में इंस्टाग्राम और एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो साझा किया था, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर अपनी अपमानजनक टिप्पणी के साथ पैगंबर मोहम्मद का अपमान किया था। विरोध के बाद उन्होंने सामग्री को हटा दिया और एक्स पर सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगी। हालाँकि 15 मई, 2025 को उनके खिलाफ़ एक प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उन्हें गुरुग्राम में गिरफ़्तार कर लिया गया था। दो दिन बाद 17 मई को कोलकाता पुलिस ने गिरफ़्तारी वारंट जारी किए। वीडियो वायरल होने के बाद, भी X पर ट्रेंड करने लगा। सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं ने शर्मिष्ठा के इंस्टाग्राम पोस्ट के कमेंट सेक्शन में बाढ़ ला दी, जिसके बाद उन्हें वीडियो हटाने और सार्वजनिक रूप से माफ़ी मांगने के लिए मजबूर होना पड़ा। गिरफ्तारी के बाद पनोली को शनिवार को कोलकाता के अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

**शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ आरोप :** पुलिस सूत्रों के अनुसार, पनोली के खिलाफ धारा 196 (1) (ए) धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा, जाति या समुदाय के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना, 299 (नागरिकों के किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर किया।



### शर्मिष्ठा पनोली के वकील ने क्या तर्क दिया?

मामले की सुनवाई के दौरान, शर्मिष्ठा पनोली के वकील ने तर्क दिया कि उनकी गिरफ्तारी गैरकानूनी थी क्योंकि एफआईआर में उल्लिखित आरोप गैर-संज्ञेय थे, और उन्हें कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई थी - जो कि नए बीएनएसएस कानूनों के तहत अनिवार्य होता।

# हरिद्वार जमीन घोटाले को लेकर धामी सरकार की बड़ी कार्रवाई

## डीएम-एसडीएम समेत दर्जन भर अधिकारी सस्पेंड

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पुष्कर सिंह धामी सरकार ने मंगलवार को भूमि घोटाले के सिलसिले में हरिद्वार के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम), उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) और नगर आयुक्त को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। यह मामला कथित तौर पर 14 करोड़ रुपये की कीमत वाली जमीन के एक टुकड़े को 54 करोड़ रुपये में खरीदने से जुड़ा है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी द्वारा जांच के आदेश के बाद पहली बार सभी वरिष्ठ अधिकारियों को एक साथ निलंबित किया गया। उत्तराखंड प्रशासन के सचिन रणवीर के नेतृत्व में एक जांच के बाद सरकार को एक व्यापक 100-पृष्ठ की रिपोर्ट सौंपी गई, जिसमें दो आईएएस अधिकारियों और एक राज्य सिविल सेवा अधिकारी सहित 12 अधिकारियों को दोषी ठहराया गया था, जिसके बाद यह अभूतपूर्व प्रशासनिक फेरबदल हुआ। मामले को राज्य सतर्कता विभाग को सौंप दिया गया है, जिसे सरकारी अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के मामलों की जांच करने का काम सौंपा गया है।



# आज का राशिफल

**मेष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मिथुन :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कर्क :** किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी।

**सिंह :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे।

**तुला :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**धनु :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**मकर :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है।

**कुंभ :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा।

## यूपी सरकार का बड़ा फैसला

# पुलिस और पीएसी की भर्ती में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण

**लखनऊ (आईएएनएस)**



उत्तर प्रदेश सरकार ने अग्निवीरों के लिए बड़ा फैसला लिया है। यूपी पुलिस और पीएसी की भर्ती में 20 प्रतिशत का आरक्षण की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया है। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि भारत सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू की गई है, जो देशभक्त और प्रेरित युवाओं को सशस्त्र बलों (भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना) में सेवा करने का अवसर देती है। इसके तहत अग्निवीरों का पहला बैच 2026 में सेवा से बाहर आएगा, जिसमें 25 प्रतिशत अग्निवीरों को सशस्त्र बलों में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा और 75 प्रतिशत अग्निवीर सशक्त और कार्यकुशल होकर समाज की मुख्यधारा में पुनः शामिल होंगे। पूर्व अग्निवीरों की भर्ती के लिए रिक्तियों के आरक्षण के संबंध में उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी, पीएसी, आरक्षी घुड़सवार एवं फायरमैन की सीधी भर्ती में पूर्व अग्निवीरों को (4 साल की सेवा के पश्चात) 20 प्रतिशत पद को आरक्षित रखते हुए क्षैतिज आरक्षण प्रदान किए जाने का प्रस्ताव है। भूतपूर्व सैनिक की तरह अग्निवीर के रूप में की गई सेवा अवधि को घटाते हुए अधिकतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी।

इसके अलावा उत्तर प्रदेश में अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगी। इसके तहत जो राशन की दुकानें गली या संकरी सड़कों पर हैं, उनके लिए ऐसी जगह भवन बनेगा, जहां आसानी से ट्रक जा सके। नए भवन में गोदाम और वितरण स्थल दोनों होंगे। इसके लिए 200 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन्हें मनरेगा से बनाया जाएगा। जिलों में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण होगा। इसके साथ ही, इन भवनों के अनुरक्षण की व्यवस्था का भी प्रावधान किया गया है।

### उत्तर प्रदेश होम स्टे नीति

- कैबिनेट बैठक में नई नीति को मंजूरी मिली है।
- धार्मिक स्थलों के आसपास होम स्टे की सुविधा विकसित की जाएगी।
- 1 से 6 कमरों तक की व्यवस्था की जा सकेगी (अधिकतम 12 बेड तक)।
- श्रद्धालु 7 दिन तक एक साथ रुक सकेंगे।

# विराट कोहली ने 35 गेंद में बनाए 43 रन



**एजेंसी। अहमदाबाद**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) का फाइनल मैच पंजाब किंग्स और आरसीबी के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में पंजाब की टीम ने टॉस जीतकर आरसीबी को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। दोनों ही टीमें बिना किसी बदलाव के इस महामुकाबले में उतरी हैं। इस सीजन में हमें एक नया चैंपियन मिलेगा। दोनों ही टीमों ने 2008 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में अब तक कभी खिताब नहीं जीता है। आरसीबी की टीम पहले बैटिंग के लिए उतरी थी( आरसीबी ने 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए. कोहली के बल्ले से 43 रन आए. वहीं जेमिसन और अर्शदीप ने 3-3 विकेट झटके. जवाब में पंजाब किंग्स ने 5 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 43 रन बना लिए हैं।

**ऐसी रही आरसीबी की पारी**

फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी आरसीबी की शुरुआत विराट कोहली और फिल साल्ट ने की. साल्ट ने कुछ दर्शनीय शॉट जरूर लगाए. लेकिन दूसरे ही ओवर में जेमिसन ने साल्ट को आउट कर दिया. साल्ट के बल्ले से 16 रन ही निकले. इसके बाद मयंक अग्रवाल और कोहली ने पारी को संभाला. मयंक-विराट ने 6 ओवर यानी पहले पावरप्ले के बाद आरसीबी का स्कोर 50 के पार पहुंचा दिया था. लेकिन 7वें ओवर में ही चहल ने मयंक को आउट कर दिया. मयंक के बल्ले से केवल 24 रन ही आए. चहल ने अपने खाते की दूसरी ही गेंद पर विकेट चटकाया. लेकिन इसके बाद कोहली और कप्तान रजत पाटीदार के बीच अच्छी साझेदारी पनपी और दोनों ने आरसीबी को स्कोर 10 ओवर के बाद 89-2 पर पहुंचा दिया. लेकिन 11वें ओवर में ही जेमिसन ने कप्तान रजत पाटीदार को आउट कर दिया. लेकिन कोहली एक छोर पर टिके रहे.12वें ओवर में आरसीबी का स्कोर 100 रन के पार पहुंचा. लेकिन 15वें ओवर में आरसीबी को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब विराट कोहली को उमरजई ने आउट कर दिया. कोहली के बल्ले से 43 रन आए. इसके बाद लिविंग्स्टन और जितेश शर्मा ने तूफानी बल्लेबाजी की. खासकर जितेश शर्मा अलग अंदाज में दिखे. लेकिन 17वें ओवर में लिविंगस्टन को जैमिसन ने आउट कर दिया।

## इंडोनेशिया ओपन में सिंधु ने रोमांचक मुकाबले में दर्ज की जीत, लक्ष्य सेन बाहर



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन के पहले दौर (राउंड ऑफ 32) में जापान की नोजोमी ओकुहारा को हराते हुए तीन गेमों के रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की और लक्ष्य सेन को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा। सिंधु ने यह मुकाबला 22-20, 21-23, 21-15 से अपने नाम किया, जो कुल 1 घंटा 19 मिनट तक चला। पहला गेम जीतने के बाद लग रहा था कि सिंधु मुकाबला सीधे गेमों में निपटा लेंगी, लेकिन ओकुहारा ने जोरदार वापसी करते हुए मैच को तीसरे गेम तक खींच लिया। तीसरे गेम में सिंधु ने लगातार बढ़त बनाए रखी और ओकुहारा को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। इसके साथ ही सिंधु बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। पुरुष सिंगल्स में लक्ष्य सेन को सीजन की यह पांचवीं बार पहले राउंड में हार मिली। उन्हें चीन के शी यू की के खिलाफ 11-21, 22-20, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। अन्य मुकाबलों में अनुपमा उपाध्याय को साउथ कोरिया की किम गा युन के खिलाफ सीधे गेमों में हार का सामना करना पड़ा।

## एक नजर

### केन विलियमसन ने फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ठुकराया



**वेलिंगटन।** पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने फिर से न्यूजीलैंड क्रिकेट का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट ठुकरा दिया है और संभावना है कि वे अगले महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टेस्ट सीरीज में नहीं खेलेंगे। विलियमसन ने पिछले साल भी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट स्वीकार नहीं किया था ताकि वे दुनिया भर में टी20 और अन्य लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र रहें। इसके बजाय उन्होंने पिछले साल एक कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट किया था और 2024 में न्यूजीलैंड के 13 टेस्ट में से नौ में खेलते हुए 1,000 से ज्यादा रन बनाए। न्यूजीलैंड क्रिकेट की ओर से मंगलवार को जारी 20 खिलाड़ियों की कॉन्ट्रैक्ट सूची में विलियमसन का नाम नहीं था। इसके साथ ही डेवोन कॉनवे, फिन एलन, टिम सिफर्ट और लॉकि फर्ग्यूसन भी शामिल नहीं थे क्योंकि ये खिलाड़ी भी विदेशी टी20 लीग में हिस्सा ले रहे हैं।

### इंडोनेशिया ओपन: मालविका बंसोड़ पहले दौर के मैच के दौरान हुईं रिटायर



**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर मालविका बंसोड़ को इंडोनेशिया ओपन 2025 के राउंड ऑफ 32 में मंगलवार को स्थानीय खिलाड़ी पूतरी कुसुमा वर्दानी के खिलाफ मैच के बीच में चोट लगने के कारण रिटायर होना पड़ा। बंसोड़ 21-16, 16-15 की बढ़त बनाए हुए थीं, तभी उनके घुटने में चोट लगने के कारण उन्होंने 54 मिनट के खेल के बाद मैच छोड़ दिया। भारतीय लेफ्ट हैंडर कोर्ट के पीछे से शॉट वापस करने की कोशिश कर रही थीं, तभी उनका बायां पैर फिसला और वह गिर पड़ीं। उन्हें दर्द में बायें घुटने को पकड़ते देखा गया। उन्होंने मेडिकल सहायता ली और वापसी की कोशिश की, लेकिन कोर्ट में हिलने-डुलने पर काफी दर्द महसूस होने के कारण खेल जारी नहीं रख पाईं। 23 वर्षीया मालविका इस सीजन थाईलैंड ओपन, मलेशिया ओपन और ऑल इंग्लैंड ओपन में तीन बार राउंड ऑफ 16 तक पहुंच चुकी हैं, लेकिन अभी तक इस साल किसी भी टूर्नामेंट में क्वार्टरफाइनल तक का सफर तय नहीं कर पाई हैं।

### विराट-रोहित को शानदार विदाई देने की योजना बना रहा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और विराट कोहली पिछले 12 महीनों के भीतर टेस्ट और टी20आई से संन्यास ले चुके हैं। वह अब भारत के लिए केवल वनडे फॉर्मेट खेलते नजर आएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग को उम्मीद है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में आखिरी बार खेलने पर एक यादगार विदाई दी जाएगी। भारत को 19-25 अक्टूबर तक पर्थ, एडिलेड और सिडनी में तीन वनडे मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। इसके बाद 29 अक्टूबर से 8 नवंबर तक पांच टी20आई मैच खेले जाएंगे।

## पांच जुलाई को होगा नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 का आयोजन




**नई दिल्ली।** नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 प्रतियोगिता का आयोजन अब 5 जुलाई को बेंगलुरु के श्री कांतीरवा स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पहले यह इवेंट 24 मई को होना तय था, लेकिन सुरक्षा कारणों और देश के प्रति एकजुटता के भाव के चलते इसे पुनः निर्धारित किया गया है। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने मंगलवार को जानकारी दी कि यह भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक टूर्नामेंट होगा, जो नीरज चोपड़ा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह भारत में अब तक का सबसे उच्च स्तर का अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स मुकाबला होगा। प्रतियोगिता की अगुवाई ओलंपिक चैंपियन और मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा करेंगे। नीरज चोपड़ा क्लासिक टूर्नामेंट का उद्देश्य दुनिया भर की शीर्ष प्रतिभाओं को भारत में लाना और देश के नए एथलीट्स को प्रेरणा देना है।

## इंडोनेशिया के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर की तैयारी के लिए जकार्ता पहुंची चीनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम

**एजेंसी। बीजिंग**



चीनी पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम 2 जून की शाम को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंची, जहां 5 तारीख को आयोजित 2026 विश्व कप एशियाई क्वालीफायर के 9वें दौर में इंडोनेशिया के खिलाफ महत्वपूर्ण लड़ाई में भाग लेने की तैयारी है।

चीन के मुख्य कोच इवानकोविच ने कहा कि शांगहाई में चीनी टीम की तैयारियां सुचारू रूप से चल रही हैं और सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं। उन्होंने कहा, "मैं हमेशा आशावादी रहा हूं। चाहे इंडोनेशिया के खिलाफ हो या किसी अन्य टीम के खिलाफ, हम जीतने के लिए प्रेरित रहेंगे।" चीनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम शांगहाई में प्रशिक्षण शिविर पूरा करने के बाद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया पहुंची। उस दिन प्रस्थान से पहले, चीनी टीम ने 25 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

2026 विश्व कप एशियाई क्वालीफायर में केवल दो राउंड बचे हैं। चीनी टीम ग्रुप में चौथे स्थान पर मौजूद इंडोनेशिया से 3 अंक पीछे है। यदि चीनी टीम को ग्रुप में शीर्ष चार में पहुंचना है और विश्व कप क्वालीफाइंग प्ले-ऑफ में पहुंचना है, तो उसे लगातार दो मैच जीतने का प्रयास करना होगा।

## स्मृति मंधाना मई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

**एजेंसी। दुबई**



भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को पिछले महीने श्रीलंका में एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के बाद मई के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित किया गया है। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और दक्षिण अफ्रीका की ऑलराउंडर क्लो ट्रायोन को भी सीमित ओवरों के प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए महिला वर्ग में नामित किया गया है।

पुरुष वर्ग में, स्कॉटलैंड के ऑलराउंडर ब्रेंडन मैकमुलेन और संयुक्त राज्य अमेरिका के मिलिंद कुमार और संयुक्त अरब अमीरात के सलामी बल्लेबाज मुहम्मद वसीम को सफेद गेंद के प्रारूप में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद नामित किया गया है।

## रुब्लेव पर जीत के साथ सिनर रौलां गैरो के क्वार्टरफाइनल में



**पेरिस।** शीर्ष वरीयता प्राप्त जानिक सिनर ने 17वें वरीयता प्राप्त आंद्रेई रुब्लेव को 6-1, 6-3, 6-4 से हराकर अपने करियर के 11वें ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल और रौलां गैरो में तीसरे क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में सिनर की यह लगातार 18वीं जीत थी। सिनर ने अब तक पेरिस में 12 सेटों में केवल 30 गेम गंवाए हैं - और ग्रैंड स्लैम इवेंट्स में अपनी जीत की लय को 18 तक बढ़ाकर, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने ओपन युग में नौवें सबसे लंबे समय तक अपराजित रहने के लिए आंद्रे अगासी, बोरिस बेकर और मैट्स विलेंडर की बराबरी कर ली है। चार और जीत से उन्हें न केवल पहला रौलां गैरो खिताब मिलेगा।

## डी. गुकेश ने नॉर्वे शतरंज के 7वें राउंड में अर्जुन एरिगैसी को हराकर दूसरी जीत दर्ज की

**एजेंसी। स्टावेंगर**



नॉर्वे शतरंज 2025 के सातवें राउंड में सभी बोर्ड्स पर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। इस दौर की सबसे चर्चित भिड़ंत मौजूदा विश्व चैम्पियन डी गुकेश और भारत के ही ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी के बीच हुई। दोनों खिलाड़ियों के बीच तेज़ मुकाबला हुआ, जहां गुकेश ने धैर्य बनाए रखते हुए कड़ी मेहनत के बाद इस टूर्नामेंट में दूसरी जीत हासिल की। इससे पहले छठे राउंड में डी गुकेश ने और वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन के बीच मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की थी। अर्जुन ने ओपनिंग में शानदार शुरुआत करते हुए तेज आक्रामक चालों से गुकेश पर दबाव बनाया, लेकिन गुकेश ने जबरदस्त डिफेंसिव कौशल दिखाते हुए खेल को जटिल एंडगेम तक पहुंचाया। समय की कमी में दोनों खिलाड़ियों के बीच तेज़ मुकाबला हुआ, जहां गुकेश ने धैर्य बनाए रखते हुए कड़ी मेहनत के बाद जीत हासिल की। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फबियानो कारुआना ने चीनी ग्रैंडमास्टर और बर्थडे बॉय वे यी के खिलाफ शुरुआती बढ़त बनाई और लंबे एंडगेम में शानदार जीत दर्ज की।

दिन का आखिरी मुकाबला विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और हिकारु नाकामुरा के बीच खेला गया, जो क्लासिकल गेम में जल्दी ड्रॉ हो गया। हालांकि, अर्मागेडन गेम में कार्लसन ने जीत दर्ज कर अतिरिक्त अंक हासिल किए।

# व्यापार/लाइफ व

## रेपो रेट में एक और कटौती से किफायती रियल एस्टेट में आएगी तेजी : विशेषज्ञ



**नई दिल्ली।** उद्योग विशेषज्ञों ने मंगलवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में ब्याज दरों में कटौती का असर कम उधारी लागत पर पड़ना, आवासीय रियल एस्टेट की मांग को बनाए रखने के लिए जरूरी है। खास तौर पर किफायती हाउसिंग सेगमेंट में, जो कि ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील है। मौजूदा सौम्य मुद्रास्फीति के माहौल और वित्त वर्ष 2025 में दर्ज 6.5 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि को देखते हुए, रिजर्व बैंक इस शुक्रवार (6 जून) को 25-बीपीएस रेपो दर में कटौती कर सकता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमेन और मैनेजिंग डायरेक्टर शिशिर बैजल ने कहा, "3.6 लाख करोड़ रुपए के सरप्लस के साथ लिक्विडिटी की स्थिति में सुधार होना ब्याज दर में कटौती को मजबूत बनाता है, जो मौद्रिक ट्रांसमिशन की प्रभावशीलता को बढ़ाता है। इसके अतिरिक्त, जी-सेक यील्ड में नरमी आरबीआई के मुद्रास्फीति और लिक्विडिटी मैनेजमेंट में बॉन्ड बाजार के विश्वास को दर्शाती है और दरों में ढील के औचित्य को मजबूत करती है।" अनुमानित दर कटौती के साथ इस चक्र में नीति दर में संचयी कमी 75 आधार अंक होगी। हालांकि, अब ध्यान ट्रांसमिशन की गति और व्यापकता पर केंद्रित होना चाहिए।

## नीति आयोग ने राज्यों के साथ स्ट्रक्चर्ड एंगेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए वर्कशॉप किया आयोजित

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि राज्यों के साथ स्ट्रक्चर्ड एंगेजमेंट को बढ़ावा देने के लिए देहरादून में स्टेट सपोर्ट मिशन के अंतर्गत एक दिवसीय रिजनल वर्कशॉप आयोजित की गई। इस वर्कशॉप का आयोजन नीति आयोग ने उत्तराखंड सरकार के स्टेट इंस्टीट्यूट फॉर एम्पावरिंग एंड ट्रांसफोर्मिंग उत्तराखंड आयोग के सहयोग से किया था। इस वर्कशॉप का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एसएसएम पहलों पर अपने अनुभव साझा करने और एक-दूसरे से सीखने के लिए एक साथ एक मंच पर लाना है। उद्घाटन सत्र में नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी.के. सारस्वत, सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राज शेखर जोशी, उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद वर्धन, सेतु आयोग के सीईओ शत्रुघ्नसिंह और नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

## 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारत की अर्थव्यवस्था: ओईसीडी

**एजेंसी**




**नई दिल्ली।** वैश्विक अर्थव्यवस्था के धीमेपन के बीच भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। ओईसीडी के ताजा 'इकोनॉमिक आउटलुक' में मंगलवार को कहा गया कि देश की अर्थव्यवस्था 2025 में 6.3 प्रतिशत और 2026 में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। रिपोर्ट में बताया गया कि मजबूत घरेलू मांग, सर्विसेज और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर्स का मजबूत प्रदर्शन और सरकार द्वारा इन्फ्रास्ट्रक्चर में भारी निवेश के कारण देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। रिपोर्ट में यह भी चेतावनी दी गई है कि बाहरी जोखिम, विशेष रूप से वैश्विक व्यापार तनाव, निर्यात केंद्रित क्षेत्रों के लिए चिंता पैदा कर सकता है। एक तरफ भारत की वृद्धि दर में इजाफा हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर चीन की विकास दर कम हो रही है। चीन की वृद्धि दर 2025 में 4.7 प्रतिशत और 2026 में 4.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि 2024 में 5 प्रतिशत थी। आउटलुक में बताया गया कि वैश्विक वृद्धि दर 2024 में 3.3 प्रतिशत से घटकर 2025 और 2026 दोनों में 2.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है, "मंदी सबसे अधिक अमेरिका, कनाडा, मैक्सिको और चीन में केंद्रित होने की उम्मीद है, जबकि अन्य अर्थव्यवस्थाओं में नीचे की ओर छोटे समायोजन होंगे।" अमेरिका में जीडीपी वृद्धि 2024 में 2.8 प्रतिशत से घटकर 2025 में 1.6 प्रतिशत और 2026 में 1.5 प्रतिशत होने का अनुमान है। कुछ अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति का दबाव फिर से उभर आया है।

टैरिफ बढ़ाने वाले देशों में उच्च व्यापार लागत से मुद्रास्फीति में और वृद्धि होने की उम्मीद है, हालांकि इसका प्रभाव कमजोर कमोडिटी कीमतों से आंशिक रूप से कम हो जाएगा। जी20 अर्थव्यवस्थाओं में वार्षिक हेडलाइन मुद्रास्फीति सामूहिक रूप से 2025 में 6.2 प्रतिशत से 3.6 प्रतिशत और 2026 में 3.2 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है।

## तुर्की की कंपनी सेलेबी का मध्यस्थता आवेदन भारत में खारिज

**नई दिल्ली।** तुर्की की ग्राउंड हैंडलिंग कंपनी सेलेबी का भारत में मध्यस्थता आवेदन खारिज हो गया है। यह जानकारी तुर्की की प्रवर्तक कंपनी की ओर से एक्सचेंज फाइलिंग में दी गई। सेलेबी ने अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट द्वारा कंपनी से करार रद्द किए जाने के बाद मध्यस्थता आवेदन अहमदाबाद की वाणिज्यिक अदालत में दायर किया था। सेलेबी ग्राउंड हैंडलिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में 61 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली सेलेबी एयरपोर्ट होल्डिंग ने कहा, "अहमदाबाद वाणिज्यिक अदालत में अदाणी अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के विरुद्ध 27 मई को दायर मध्यस्थता आवेदन को 02 जून को खारिज कर दिया गया था।"

## सोने की कीमत बढ़कर करीब 97,000 रु हुई

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली और 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर करीब 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत एक लाख रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गई है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत 187 रुपए बढ़कर 96,867 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार को 96,680 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,730 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,559 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,650 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,510 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सोने के साथ चांदी की कीमत में भारी इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में चांदी की कीमत 2,669 रुपए बढ़कर 1,00,460 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 97,761 रुपए प्रति किलो थी। एलकेपी सिक्योरिटीज के जतिन त्रिवेदी ने कहा कि 2000 रुपए की रैली के बाद गोल्ड का प्रदर्शन एमसीएक्स पर 97,700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर करीब सपाट रहा। अमेरिकी में अहम आर्थिक आंकड़ों से पहले सोना कंसोलिडेशन फेस में है। उन्होंने आगे कहा कि सोने आने वाले समय में 95,000 रुपए प्रति 10 ग्राम से लेकर 99,500 रुपए प्रति 10 ग्राम की रेंज में रह सकता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। सोना 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,384 डॉलर प्रति औंस और चांदी 0.67 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 34.46 डॉलर प्रति औंस पर था। 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 20,705 रुपए या 27.18 प्रतिशत बढ़कर 96,867 रुपए पर पहुंच गया है।

## आईसीईए ने टेक्नोलॉजी और एआई इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए उद्योग-व्यापी पहल की शुरू

**एजेंसी। नई दिल्ली**



इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) ने मंगलवार को भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए टेक्नोलॉजी और एआई इनोवेशन को सहयोगात्मक रूप से बढ़ावा देते हुए एक यूनिक उद्योग-व्यापी पहल की घोषणा की।

यह कार्यक्रम कंपनियों को एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, एनर्जी एफिसिएंसी, मटीरियल साइंस जैसे डोमेन में ट्रांसफोर्मेटिव इनोवेशन से जोड़ेगा।

आईसीईए ने वेंचर कैपिटल फंड कैरेट कैपिटल के सहयोग से एक टेक्नोलॉजी इनोवेशन एक्सेस प्रोग्राम 'वेंचर एक्सेस लैब्स' लॉन्च किया।

इस पहल का उद्देश्य भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण विनिर्माण कंपनियों को दुनिया भर से कटिंग एज टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की खोज, क्यूरेट और अडॉप्शन में सक्षम बना कर सशक्त बनाना है।



## आंगनबाड़ी केंद्र में कुआं का दूषित पानी पीने को विवश हैं बच्चे

**धुरकी।** धुरकी प्रखंड मुख्यालय के समीप आंगनबाड़ी केंद्र कोड स0 01 जर्जर भवन में संचालित हो रही है वहीं बच्चे कुआं का दूषित पानी पीने को विवस हैं। आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका लीला देवी सहायिका जिलेबनी देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र में दो-दो पुराने चापाकल मौजूद है लेकिन दोनों में केवल मात्र सुबह में दो से तीन बाल्टी तक ही पानी देता है बाकी दैनिक कार्यों के लिए बगल के कुएं से दूषित पानी से ही बच्चों के लिए भोजन बनाया जाता है। साथ ही ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यहां जलमिनार भी लगा हुआ है लेकिन यह हाथी का दांत साबित हो रहा है।

### उपयाजक नेलशन कुजूर आईएमएस का पावन पुरोहिताभिषेक संत जोसेफ चर्च में हुआ

# जो मुझे बल प्रदान करते हैं, मैं उनकी सहायता से सब कुछ कर सकता हूं : फादर नेलशन

- बिशप थियोडोर ने सेवा, नम्रता और ईश्वर व उसके लोगों के प्रति समर्पण का संदेश दिया

**नवीन मेल संवाददात**



**महुआडांड़।** मंगलवार को संत जोसेफ चर्च प्रांगन में आज एक दिव्य और भावपूर्ण वातावरण में उपयाजक का पुरोहिताभिषेक सम्पन्न हुआ। यह पावन अनुष्ठान बिशप थियोडोर मास्करेनहास की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें 50 पुरोहित, हजारों धार्मिक जन, परिवारजन और प्रभु भोज समारोह सुबह 7 बजे पारंपरिक आदिवासी संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ आरंभ हुआ। अपने प्रवचन में बिशप थियोडोर ने पुरोहिताई के गहरे अर्थ पर प्रकाश डालते हुए सेवा, नम्रता और ईश्वर व उसके लोगों के प्रति समर्पण का संदेश दिया। उन्होंने नव अभिषिक्त फादर नेलशन कुजूर से आग्रह किया कि वे यीशु के समान एक सच्चे चरवाहे बनें। विशेषकर गरीबों और वंचितों के लिए। फादर नेलशन कुजूर महुआडांड़ के गांव रेगाई टॉकाटोली के मूल निवासी हैं। अपनी सादगी, निष्ठा और आध्यात्मिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं। उनके पुरोहित बनने को स्थानीय कलीसिया के लिए एक विशेष आशीर्वाद और गौरव का क्षण माना जा रहा है। हाथों के रखे जाने और अभिषेक की प्रार्थना के बाद, फादर दिगेशवर भोगता के पुरोहितीय वेशभूषा (स्टोल और चासुबुल) पहनाई गई, जो उनके नए उत्तरदायित्व का प्रतीक है। इसके पश्चात उन्होंने अपने प्रथम मिस्सा बलिदान में भाग लिया और अपने माता-पिता, बिशप थियोडोर और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रथम आशीर्वाद प्रदान किया। पूरे समारोह को आयोजन करने में महुआडांड़ पल्ली के विश्वासियों में महुआडांड़ के पल्ली पुरोहित फादर सुरेश किंडो, पल्ली के कैथोलिक सभा, महिला संघ, यूथ संघ और पूरे पल्ली के विश्वासी गण ने किया। इस पवित्र बेला में सोसायटी ऑफ इंडियन मिशनरी के प्रदीप कुमार, संजय गिद्ध,डीन फादर मोरिस टोप्पो, मंच का संचालन फादर रौशन केरकेट्टा ने किया।वही कोयल दल का नेतृत्व फादर दिलीप और होलीकॉस की धर्म बहन ने किया। नाव अभिशिक्त फादर नेलशन कुजूर को उनके आने वाले जीवन की शुभकामनाएं सभी फादरों ने दी। पूरे पल्ली में सुबह से ही लोगों में चहल पहल और जोश देखा गया। सात बजे पल्ली के माता पिता और भाई बहन उपयाजक नेलशन कुजूर को नाचते गाते हुए मिस्सा के लिए स्वागत करते पवित्र वेदी तक लाऐ। जहां नेलशन कुजूर के मां और चाचा ने विशप थियोडोर मस्कारेन्हास के हाथों में पवित्र कलीसिया की सेवा के लिए सौपा। पवित्र मिस्सा के बाद नये फादर और विशप के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

## लातेहार में महिला की गोली मारकर हत्या

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के परसही गांव स्थित भगनटोला में एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक महिला की पहचान सुलेखा देवी (30) के रूप में हुई है। सुलेखा देवी सदर थाना क्षेत्र के गौरीखाड़ की रहने वाली थी। भगनटोला में उसका मायका था। महिला का पति सत्येंद्र उरांव नक्सली है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह गांव वालों ने एक सुनसान खेत में महिला का शव पड़ा हुआ देखा। ग्रामीणों ने उसकी पहचान करते हुए इसकी सूचना महिला के परिजनों को दी। सूचना मिलने के बाद महिला के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में ले लिया। महिला के परिजनों ने बताया कि मृतक महिला कुछ दिन पूर्व ही अपने मायके आई थी। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों की ओर से जानकारी मिली कि सुलेखा का शव खेत में पड़ा हुआ है। उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है घटनास्थल पर एक चटाई और कुछ खाने पीने की वस्तुएं भी मिली है।

# हथियार के साथ दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददात**

**पलामू।** पलामू जिले की लेस्लीगंज पुलिस ने अवैध दो देसी कट्टा के साथ दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। एक के पकड़े जाने पर दूसरे का राज खुला और फिर उसकी भी गिरफ्तारी हुई। दोनों के पास से एक-एक देसी कट्टा एवं एक-एक गोली बरामद की गयी है।

लेस्लीगंज थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भकासी गांव के सुनील कुमार के पास अवैध हथियार है और वह गांव में संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है। हथियार लेकर चलते नजर आता है।

एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर गठित टीम ने कार्रवाई की। पुलिस सुनील के घर पहुंची तो वह पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। सुनील (22) की तलाशी में उसकी कमर से एक देसी कट्टा और 8 एमएम की जिंदा गोली मिली। साथ ही एक वन प्लस स्मार्टफोन भी बरामद हुआ।

पूछताछ में सुनील ने अपने दोस्त करण कुमार (22) के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने ग्राम चनैगिर स्थित करण के घर से भी एक देसी कट्टा और आठ एमएम की जिंदा गोली बरामद की। करण की उम्र भी 22 वर्ष है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से दो देसी कट्टे, दो जिंदा कारतूस और एक स्मार्टफोन बरामद किया है। दोनों के खिलाफ अवैध हथियार रखने का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। दोनों किसी बड़ी घटना के अंजाम देने की तैयारी में थे। गिरफ्तारी टीम में लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता दल बल के साथ शामिल थे।

### पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार, गया जेल



**पलामू।** पिस्टल लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के डाली गांव में कार्रवाई की गयी। युवक की पहचान डाली गांव के तौफीक अंसारी (20) के रूप में हुई है। एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने इसकी पुष्टि की। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि डाली में हथियार लेकर घूम रहा है और लहराते हुए लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन की ओर से अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में तौफीक अंसारी को गिरफ्तार कर अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया, जिसके बाद त्वरित करवाई करते हुए पिस्टल लहराने वाला युवक तौफीक अंसारी को एक देशी कट्टा और एक जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में गिरफ्तार तौहीद ने बताया कि उसने उक्त पिस्टल को एक व्यक्ति से पांच हजार रुपया में खरीदा था और अगल बगल और अपने क्षेत्र में अपनी अपराधी प्रवृति वाली पहचान बनाने के उद्देश्य से चमकाते रहता था। हथियार के साथ अपनी तस्वीर खींच कर सोशल मीडिया में वायरल करने का शौक था, इसलिए हथियार निकाल कर लोगों को दिखा और लहरा रहा था। डीएसपी ने बताया इस कांड में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस अभियान में थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, राहुल कुमार, सुशील उरांव, राजीव कुमार सहित अन्य शामिल थे।

## हुसैनाबाद अस्पताल में नवविवाहिता की इलाज के करम में हुई मौत

**हुसैनाबाद।** अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान प्रियंका कुमारी नामक एक 25 वर्षीय नवविवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। मृतका बिहार के नाउर गांव निवासी राकेश पाल की पत्नी हैं। बताया जाता हैं कि उसकी शादी 22 मई 2025 को ही उसकी शादी हुई थी। उसके हाथों की मेंहदी भी नहीं छुटी थी कि मंगलवार को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि सुबह में अचानक उल्टी होने लगा, आनन फानन मे उसे हुसैनाबाद अस्पताल लेकर आये, जहां उसकी मौत हो गई, पुलिस को सूचना दी गई। परंतु पुलिस के नहीं पहुचने पर शव लेकर परिजन चले गये। जपला धरहरा मे उसकी मौसेरी बहध रहती हैं। चिकित्सक के अनुसार जहरीला पदार्थ खाने से ही मौत होना बताया है। थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि इस मामले में लिखित सूचना नहीं मिली हैं, आवेदन के आलोक में कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गैरमजुरआ भूमि को चिन्हित कर सीओ ने लगाया बोर्ड



**नवीन मेल संवाददात**

**बारियातू।** अंचल अंतर्गत बारिखाप स्थित गैरमजूरआ भूमि पर सीमांकन कर सीओ नन्द कुमार राम, अमीन संजय यादव ने बोर्ड लगा दिया। उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी नन्द कुमार ने बताया की गैरमजुरआ भूमि को चिन्हित कर बोर्ड लगाना है। ताकि भूमि को खरीद बिक्री दखल कब्जा, अतिक्रमण, निर्माण कार्य, व दखल कब्जा नहीं किया जा सके। लगाए गए बोर्ड मे खाता 220 मे प्लॉट संख्या 2381 रकबा 45.82 एकड़,194 मे 14.60 एकड़,455 मे 0.60 डिसमिल व 568 मे 0.22 डिसमिल सीमांकन कर बोर्ड लगा दिया गया है। लगाए गए बोर्ड मे गैरमजूरआ भूमि का संकेत किया गया है और उक्त भूमि पर अतिक्रमण करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की भी बात लिखी गई है। गैर-मजुरआ सरकारी भूमि का सीमांकन कर उस पर बोर्ड लगाया गया। बोर्ड पर स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि यह सरकारी भूमि है, जिस पर किसी प्रकार का अतिक्रमण, दखल या निर्माण कार्य करना प्रतिबंधित है। प्रशासन का यह कदम उन लोगों को चेतावनी देने के लिए है जो वर्षों से इस भूमि पर अवैध कब्जा करने या निर्माण कार्य करने की फिराक में थे। सीमांकन के दौरान राजस्व विभाग की टीम अमीन संजय यादव सहित समाजसेवी दिगम्बर टाना भगत, सिबला पंचायत मुखिया सुरेश उरांव सहित अन्य लोग मौजूद थे। सीओ नन्द कुमार राम ने बताया कि "गैर-मजुरआ भूमि पर किसी भी प्रकार की निजी गतिविधि, कब्जा या निर्माण कार्य अवैध है। सीमांकन कर बोर्ड लगाए जाने से अब यह भूमि चिन्हित हो चुकी है, और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पेज एक के शेष

### बैंक ऋण वसूली...

के लिए साझा सेवाएं प्रदान करती है। नई इकाई का काम मुख्य रूप से पांच करोड़ रुपए से कम खुदरा और एमएसएमई ऋण की वसूली पर ध्यान देना होगा। कहा जा रहा है कि इस मॉडल को नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड से प्रेरणा मिली है। यह बड़े कॉरपोरेट ऋणों की वसूली के लिए काम करती है। सरकारी बैंकों द्वारा साथ मिलकर बनाई जा रही इस यूनिट का लक्ष्य छोटे ऋणों की वसूली प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है, ताकि बैंक अपने मुख्य गतिविधियों पर जैसे ऋण, जमा पर ध्यान दे सके और यह नई इकाई ऋण वसूली पर ध्यान देगी। इसके पहले भी बैंकों द्वारा कई क्षेत्रों में सहयोग शुरू किया जा चुका है। इनमें बैंकनेट- डिजिटल नीलामी मंच, डोर स्टेप बैंकिंग- ग्राहकों के लिए घर पर बैंकिंग सेवाएं, सामान्य क्लाउड अवसंरचना- बैकएंड परिचालनों के लिए साझा तकनीकी ढांचे शामिल हैं। पीएसबी अलायंस ने लक्ष्य रखा है कि इस रिकवरी इकाई को वित्त वर्ष 2026 (मार्च 2026) से पहले शुरू किया जा सकता है। हालांकि, बैंकों की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस बारे में कहा जा रहा है कि एक बार यह पूरी तरह तैयार हो जाएगी, तो सभी सरकारी बैंकों की इसमें हिस्सेदारी होगी। एक अधिकारी के अनुसार, अभी केवल तीन से चार सरकारी बैंक ही अपने छोटे लोन की वसूली बाहरी एजेंसी के जरिए कराते हैं। लेकिन, नई कंपनी के जरिए वसूली का यह अलग कदम होगा। तर्क दिया जा रहा है कि नई बनने वाली इकाई के जरिए सभी सरकारी बैंक पुराने फंसे लोन पर ज्यादा फोकस कर पाएंगे। वित्त मंत्रालय की तरफ से देश के शीर्ष-20 बैंकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने टॉप-20 सबसे बड़े डूबे हुए लोन की नियमित समीक्षा करें। पीएसबी अलायंस के एक अधिकारी ने बताया उम्मीद की जा रही है कि लोन वसूली के लिए बनाई जाने वाली कंपनी इसी फाइनेंशियल ईयर में काम शुरू कर देगी। पीएसबी अलायंस सरकारी बैंकों की तरफ से बनाई गए एक कंपनी है, जो कि बैंकों को सर्विस देती है। लेकिन, आगे यह लोन वसूली के लिए बाउंसर भी हायर करेगी, इस सवाल पर अफसर चुप्पी साध ले रहे हैं।

### एमएसएमई से कैसे...

इस नई इकाई के माध्यम से नॉन परफॉर्मिंग एसेट घोषित किया जा चुके छोटे ऋणों की भी वसूली की कोशिश की जाएगी। यदि ऐसे खातों की वसूली संभव नहीं होती, तो खातों को एनएआरसीएल जैसी परिसंपत्ति पुनर्गठन कंपनियों को हस्तांतरित किया जा सकता है।

बैंकों द्वारा छोटे ऋणों की वसूली के काम में एक इकाई को सौंपने के बाद बैंक अपने मुख्य सेवा जैसे ग्राहक सेवा,ऋण वितरण पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगे। बैंकिंग ग्राहकों को भी बेहतर अनुभव प्राप्त होंगे।

### स्वास्थ्य व्यवस्था को..

कुछ अस्पताल कार्ड को स्वाइप कर पूरा पैसा निकाल लेते हैं और मरीज को रिम्स रांची रेफर कर देते हैं, यह पूरी तरह अस्वीकार्य है। गरीबों को उनके हक का इलाज मिलना चाहिए और योजना का पूरा लाभ भी। ऐसा कोई भी व्यवहार कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य व्यापार नहीं, सेवा है। इसे समझना होगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ अंसारी ने सभी अस्पताल प्रबंधकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और इस पर सख्त रुख अपनाते हुए विभाग को जल्द से जल्द लंबित बकाया बिलों के भुगतान का निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि नेशनल एंटी फ्रॉड यूनिट द्वारा चिह्नित 212 अस्पतालों की जांच के चलते कुछ भुगतान में देरी हुई है। अन्य 350 अस्पतालों के भुगतान में नई पोर्टल प्रणाली के कारण तकनीकी अड़चनें सामने आई हैं, जिन्हें दूर करने के लिए विभाग की टीम लगातार एनएचएम से संपर्क में है। समाधान जल्द सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ राजेश कुमार, सैयद अहमद अंसारी, डॉ सतीश ठाकुर, डॉ अनंत सिन्हा, डॉ अजय सिंह, डॉ शंभू, डॉ प्रदीप सिंह, मंजूर अंसारी, अनवर अहमद अंसारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी एवं चिकित्सक मौजूद थे।

### विनय चौबे की...

विनय चौबे की ओर से उनके वकील ने एसीबी कोर्ट से रिम्स में उनसे मिलने की अनुमति मांगी। याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने अनुमति प्रदान कर दी। इससे पहले, एसीबी की टीम ने विनय कुमार चौबे और गजेंद्र सिंह को दो दिनों की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एसीबी कोर्ट में प्रस्तुत किया था। इसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया था। बीमार रहने के कारण विनय चौबे रिम्स में इलाजरत है। ज्ञात हो कि एसीबी की टीम ने विगत 20 मई को विनय चौबे और तत्कालीन संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को करीब 38 करोड़ रुपए के शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था। छत्तीसगढ़ में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद रांची एसीबी ने मामले में वर्ष 2024 में प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज करते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी। राज्य में वर्ष 2022 में नई उत्पाद नीति बनी थी। यह छत्तीसगढ़ के मॉडल तर्ज पर बनाई गई थी। राज्य में छत्तीसगढ़ के सिंडिकेट हावी हो गए थे। थोक शराब की बिक्री पर छत्तीसगढ़ के सिंडिकेट का कब्जा था। लाभ पहुंचाने के लिए देसी और विदेशी शराब का ठेका किसी खास सिंडिकेट को दिया गया था, जिसके एवज में अधिकारियों को मोटी कमीशन मिली थी। इससे झारखंड सरकार को करीब 38 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था। इस मामले में अबतक पांच लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उनमें विनय कुमार चौबे, गजेंद्र सिंह और झारखंड स्टेट बिवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड के जीएम (वित्त) सुधीर कुमार दास, पूर्व जीएम (वित्त) सुधीर कुमार एवं मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के लोकल प्रतिनिधि नीरज कुमार शामिल हैं।

### एनसीसी का देश...

एक मजबूत प्लेटफॉर्म है। उन्होंने बताया कि अब पूर्व सैनिकों को भी एनसीसी में ट्रेनर के तौर पर शामिल किया जाएगा, जिससे उन्हें रोजगार मिलेगा और उनका अनुभव युवाओं तक पहुंचेगा। रक्षा राज्य मंत्री ने एनसीसी कैडेटों की समाज सेवा की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान, नशा मुक्ति अभियान और नया सवेरा योजना जैसे कई कार्यक्रमों में एनसीसी की भूमिका शानदार रही है। इस मौके पर उन्होंने एनसीसी के पर्वतारोहण दल को भी बधाई दी, जिन्होंने 18 मई 2025 को माउंट एवरेस्ट फतह किया। संजय सेठ ने इसे कैडेटों की हिम्मत और तैयारी का बेहतरीन उदाहरण बताया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्यों से अपील की कि वे एनसीसी के इस ऐतिहासिक विस्तार में स्टाफ, इंफ्रास्ट्रक्चर और फंडिंग के जरिए सहयोग करें, ताकि संगठन और मजबूत हो सके और देश के युवाओं का भविष्य संवारा जा सके। कार्यक्रम में एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने भी एनसीसी की उपलब्धियों और आगे की योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि अब शिविरों और ट्रेनिंग सेंटरों को बेहतर किया जाएगा और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को एनसीसी से जोड़ा जाएगा।

### लापुंग में पुलिसकर्मियों...

लापुंग थाना प्रभारी के सिर में चोट लगी है। उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है। इस बीच पुलिस और ग्रामीण के बीच हुई झड़प में दो ग्रामीणों को भी गोली लगने की खबर है। ग्रामीणों के अनुसार पुलिसकर्मियों की ओर से की गई फायरिंग में बिरसा देवी और जतरु मुंडा घायल हो गए हैं। दोनों को इलाज के लिए पहले भरनो अस्पताल ले जाया गया था, जहां से बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची रेफर कर दिया गया है। आईजी मनोज कौशिक ने कहा कि फायरिंग में घायल लोगों के बयान लेकर कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि आत्मरक्षा में पुलिस ने हवाई फायरिंग की है। एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। यह जरूरी नहीं है कि गोली पुलिस की ओर से ही चलाई गई है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। इससे पहले बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अशोक राम ने बताया था कि लापुंग में जमीन विवाद को लेकर चल रहे ग्राम सभा में कुछ असामाजिक तत्वों के मौजूद रहने की सूचना पर लापुंग थाना प्रभारी संतोष यादव ग्राम सभा में पहुचे थे। इसी दौरान पुलिस की टीम पर हमला किया गया। इस हमले में थाना प्रभारी को सिर में चोट लगी है, जबकि एक अन्य जवान घायल हुआ है। घायल थाना प्रभारी का लापुंग में ही प्राथमिक उपचार करवाने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया था कि मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है । ग्रामीण पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्रवीण पुष्कर सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद हैं। पुलिस को आशंका है कि ग्रामीणों को कुछ बाहर से आए लोग भड़का रहे हैं।

डीआईजी सह रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मंगलवार को दिन में घायल थाना प्रभारी से अस्पताल में मुलाकात की थी और स्वास्थ्य का जानकारी ली थी। एसएसपी ने डॉक्टर से बातचीत कर घायल थाना प्रभारी और जवान का बेहतर इलाज करने का अनुरोध किया था। मौके पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय सहित कई अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि इसी सप्ताह रांची के बेड़ो थाने पर भी हमला किया गया था। इस मामले की जांच में बाहरी लोगों का ही हाथ सामने आया था। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ से लोग बेड़ो पहुंचे थे। उन्होंने ग्रामीणों को उकसा कर थाना में हमला कराने की घटना को अंजाम दिलवाया था। आशंका जताई जा रही है कि बेड़ो की घटना में शामिल लोग ही लापुंग में भी थे। पुलिस कई बिंदुओं पर जांच कर रही है।

### झारखंड बंद आज...

रक्षा की मांग को लेकर मंगलवार शाम जयपाल सिंह मुंडा मैदान से मशाल जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस में शामिल लोग पैदल मार्च करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पर पहुंचे। मशाल थामे लोगों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए चेतावनी दी कि अब और अन्याय नहीं सहेंगे। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि चार जून के झारखंड बंद में राज्यभर के आदिवासी समुदाय अपनी भागीदारी प्रदर्शित करेंगे। आरोप लगाया कि हेमंत सरकार न केवल उनकी धार्मिक आस्था से जुड़े सिरम टोली स्थित केंद्रीय सरना स्थल को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि आदिवासी जमीन भी छीनी जा रही है। आदिवासी संगठनों ने राज्य के सरकारी स्कूलों की जर्जर हालत को भी मुद्दा बनाते हुए कहा कि यहां शिक्षक नहीं हैं, सुविधाएं नहीं हैं। आदिवासी बच्चों का भविष्य अंधेरे में है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच महीनों से लगातार आंदोलन जारी है, लेकिन सरकार मौन है। वहीं, रांची में आदिवासी बचाओ मोर्चा और केंद्रीय सरना स्थल सिरमटोली बचाओ मोर्चा से जुड़ीं राज्य की पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, पूर्व विधायक देवकुमार धान एवं प्रेम शाही मुंडा ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि बंद के दौरान सिर्फ आपातकालीन मेडिकल सेवाएं ही चालू रहेंगी।

### सार्वजनिक स्थानों पर...

(सीएस) को निर्देश जारी किए हैं। झारखंड में कोरोना के किस वैरिएंट से लोग संक्रमित हुए हैं, इसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। रिम्स का जेनेटिक एंड जीनोमिक्स विभाग जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए तैयार है, लेकिन अभी तक कोई सैंपल नहीं पहुंचा है। रांची के सिविल सर्जन प्रभात कुमार के अनुसार, कोरोना के आठ सैंपल के जांच किए गए थे। इसमें एक कोरोना का मरीज मिला है। वहीं, जिले में छह कोरोना के सक्रिय मरीज हैं।

### सड़क नहीं है...

जब देश आधुनिक तकनीक, डिजिटल हेल्थ और सबका साथ, सबका विकास की बात करता है। गांव में न सड़क है, न पुल-पुलिया। गाड़ी तो दूर की बात है, लोगों को पैदल चलना तक दूभर है। बरसात के मौसम में हालात और भी बदतर हो जाते हैं। स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी डलियामरचा जैसे गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। यह कोई पहली घटना नहीं है, एक दिन पहले भी इसी प्रखंड के एक अन्य गांव में गर्भवती महिला को खटिया पर लादने की घटना सामने आई थी, जिस पर सुधार का आश्वासन दिया गया था। लेकिन, नतीजा आज भी वही है, न सड़क, न सुविधा, सिर्फ खटिया का सहारा। अबुआ सरकार में सरकार की दूरगामी सोच की यह पोल खोलती यह तस्वीर अपने आप में बहुत ही दुखद है। यह स्थिति न केवल स्वास्थ्य विभाग, बल्कि जिला प्रशासन और सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करती है। सरकारी योजनाएं कागजों में चलती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। जब तक इन समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाएगा, तब तक सबका विकास सिर्फ एक नारा ही बना रहेगा। डलियामरचा की यह घटना एक बार फिर से यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर कब तक ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर खटिया पर इलाज के लिए जाना पड़ेगा? अब वक्त है कि प्रशासन इस दिशा में ठोस कदम उठाए और गांवों को सड़क, स्वास्थ्य और सम्मान देने की ओर अग्रसर हो।

## बाराती वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, दूल्हा दुल्हन समेत 4 घायल



**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य मार्ग के कारीमाटी ग्राम के समीप मंगलवार को एक बाराती वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया .जिस वाहन में सवार दूल्हा-दुल्हन समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मो.सलमान,जबैरा अंसारी, ताहिर अंसारी, मो.दिलशाद सभी रांची निवासी शादी समारोह से पांकी से वापस रांची लौट रहे थे ।इसी दौरान कारीमाटी ग्राम के समीप अनियंत्रित होकर बाराती वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया । जिससे सभी लोग घायल हो गए घटना के बाद हेरहंज पुलिस के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया । इस घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत

**केतार।** केतार थाना से महज दो सौ मीटर की दूरी पर पचाडूमर गांव स्थित परती कुशवानी मोड़ पर सोमवार की रात तेज रफ्तार बाइक से गिरकर 15 वर्षीय गोलू चौहान की मौत हो गई। उसने सबसे पहले राहगीर जोखन मेहता को धक्का मारा। उसके बाद अनियंत्रित होकर सड़क पर गिरकर घायल हो गया। सूचना मिलने परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले गए। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मंगलवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। उधर घायल जोखन मेहता का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल बंशीधर नगर में चल रहा है।

# वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ सुस्त होगी : जापानी फर्म नोमुरा

ब्यूरो




● जीडीपी की वृद्धि दर घटकर 6.2% रह जाएगी

**नई दिल्ली।** जापानी ब्रोकरेज फर्म नोमुरा का अनुमान है कि भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 2025-26 में घटकर 6.2% रह जाएगी। जो पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में 6.5% रही थी । नोमुरा की इस नई रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी कलेक्शन, वाहन बिक्री व बैंक क्रेडिट ग्रोथ जैसे हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर्स में अंतर नजर आ रहा है। यही 'डाइवरजेंस' आने वाले समय में आर्थिक ग्रोथ को थोड़ा धीमा कर सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 2023-24 में जीडीपी ग्रोथ 9.2% थी जो 2024-25 में घटकर 6.5% रह गई। आरबीआई का भी मानना है कि ग्रोथ फिलहाल 6.5% के आसपास बनी रह सकती है। नोमुरा ने हालांकि मार्च 2026 के लिए निफ्टी का टारगेट बढ़ाकर 26,140 कर दिया है, जो पहले 24,970 तय किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह संशोधन मैक्रोइकोनॉमिक ट्रेंड्स के आधार पर किया गया है। इस बीच, अमेरिकी ब्रोकरेज हाउस बोफा सिक्योरिटीज ने शेयर बाजार के मौजूदा वैल्यूएशन को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की सलाह दी है। कंपनी के मुताबिक, निकट भविष्य में बाजार अपनी ऊपरी सीमा के करीब है।

# पाकिस्तान को मिटा देंगे तुर्की बीच में आया तो उसे भी

## भारत पर यूरोपीय देश का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली ।** यूरोप के एक ताकतवर देश ने भारत का नाम लेकर पाकिस्तान और तुर्की की धज्जियां उड़ा दी हैं। यूरोप का ये देश भारत के दुश्मन तुर्की और पाकिस्तान से बहुत परेशान है। पाकिस्तान के लोगों ने तो इस यूरोपीय देश को बर्बाद कर रखा है। इसलिए यूरोप के इस देश ने भारत को एक जबरदस्त आइडिया दिया है। दरअसल, बात यहां पर ग्रीस की हो रही है। ग्रीस का कहना है कि हमारे लिए भी पाकिस्तान और तुर्की बड़ा खतरा है। ये दोनों वो देश हैं जिन्होंने मिलकर भारत पर हमला किया था। ग्रीस का मानना है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्की ने खुलकर पाकिस्तान की मदद की।

# वसुधैव कुटुम्बकम पर जोर टेरर से ट्रेड होगा इग्नोर

**नई दिल्ली ।** भारत द्वारा आतंकवाद के विरुद्ध अपने वैश्विक अभियान को तीव्र करने के बीच, भाजपा नेता और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के ग्रुप 4 की सदस्य बांसुरी स्वराज ने संयुक्त अरब अमीरात, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, सिएरा लियोन और लाइबेरिया की अपनी राजनयिक यात्रा के समापन के दौरान शांति और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए देश की अटूट प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। स्वराज ने कहा कि व्यापार और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। खून और व्यापार एक साथ नहीं बह सकते। उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम (पूरी दुनिया एक परिवार है) में भारत के विश्वास और वैश्विक मित्र के रूप में कार्य करने के इसके निरंतर प्रयासों पर जोर दिया।

## पाकिस्तान ने माना

# ऑपरेशन 'सिंदूर' से हुआ हमारा भारी नुकसान

नई दिल्ली (हि.स.)



## सीमापार किए बिना सटीक हमले

- भारत ने सीमा पार किए बिना हैमर, स्कल्प और अन्य मिसाइलों का प्रयोग कर
- पीओके व पाकिस्तान में 9 आतंकी शिविरों को निशाना बनाया
- निशाने पर थे: जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकाने

ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने उन पाकिस्तानी ठिकानों को भी निशाना बनाया था, जिनके बारे में हवाई हमलों के बाद भारतीय वायु सेना या डीजीएमओ ने नहीं बताया था। पाकिस्तान ने 18 मई को कई देशों को सौंपे गए अपने डोजियर में माना है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय मिसाइलों और ड्रोनों से पाकिस्तान में कहीं ज्यादा नुकसान हुआ है।डोजियर में साफ तौर पर दिखाया गया है कि भारत ने पेशावर, झंग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरांवाला, बहावलनगर, अटॉक और चोर पर हमला किया।पाकिस्तान के एक आधिकारिक डोजियर से पता चला है कि भारत ने अपने बताए गए लक्ष्यों की तुलना में कम से कम सात अधिक लक्ष्यों पर हमला किया। डोजियर के नक्शों में पेशावर, झंग, सिंध में हैदराबाद, पंजाब में गुजरात, बहावलनगर, अटॉक और चोर पर हमले दिखाए गए हैं। पिछले महीने हवाई हमलों के बाद प्रेस वार्ता में भारतीय वायु सेना या सैन्य संचालन महानिदेशक ने इन स्थानों का नाम नहीं लिया था। नए रहस्योद्घाटन से पता चलता है कि भारत ने जितना स्वीकार किया था, उससे कहीं अधिक अंदर तक हमला किया था। इसीलिए ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए पाकिस्तान ने भारत से संपर्क करके युद्ध विराम का अनुरोध किया।

भारत ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 सैलानियों में विधवा हुई महिलाओं के उजड़े सुहाग को ध्यान में रखते हुए 6/7 मई की आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। भारत ने बिना सीमा पार किए हैमर, स्कल्प और मिसाइलों से पाकिस्तान और पीओके के नौ आतंकी शिविरों पर हमला करके जैश-ए -मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन के ठिकानों को तबाह कर दिया। भारत ने हवाई हमलों के बाद इसकी अधिकृत जानकारी भी दी थी। मैक्सार टेक्नोलॉजीज ने भी उपग्रह इमेज जारी करके ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान सटीक हमलों से हुए नुकसान का खुलासा किया था।

# न्यूजीलैंड की सांसद लारा मैक्लर ने डीपफेक रोकने के लिए कानून बनाने की मांग की



● एआई से 5 मिनट में बनी अपनी न्यूड फोटो संसद में दिखाया और कहा, ये कितना खतरनाक है

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड की महिला सांसद लॉरा मैक्लर ने संसद में अपनी एक एआई जेनरेटेड न्यूड चित्र दिखा कर कहा कि ऐसी फर्जी तस्वीर बनाना कितना आसान है और ये कितना खतरनाक हो सकता है।उन्होंने संसद में कहा कि उन्होंने एक गूगल सर्च के मार्फ़त मिली वेबसाइट का इस्तेमाल करके कुछ ही मिनटों में अपनी डीपफेक तस्वीर बना ली। उन्होंने डीपफेक व एआई को नियंत्रित करने के लिए कानून की मांग की है।उन्होंने कहा- "यह मेरी न्यूड तस्वीर है, लेकिन यह असली नहीं है। मुझे ऐसी डीपफेक तस्वीरें बनाने में पांच मिनट से भी कम समय लगा।" 14 मई को लॉरा ने यह बातें कहीं थी, जो अब वायरल हो रही हैं। लारा ने कहा, "समस्या तकनीक में नहीं है, बल्कि इसका गलत इस्तेमाल करके लोगों को परेशान करने में है। हमें इसका हल निकालना होगा।" उन्होंने कहा कि डीपफेक की ज्यादातर शिकार महिलाएं हो रही हैं। न्यूजीलैंड में अभी डीपफेक को सीधे तौर पर नियंत्रित करने वाला कोई कड़ा कानून नहीं है। लारा डीपफेक डिजिटल हार्म एंड एक्सप्लॉइटेशन बिल का समर्थन कर रही हैं, जो रिवेंज पोर्न व निजी रिकॉर्डिंग से संबंधित मौजूदा कानूनों को अपडेट करेगा। इसके तहत बिना मर्जी के डीपफेक बनाना या साझा करना अपराध होगा। न्यूजीलैंड के विशेषज्ञों का कहना है कि ज्यादातर डीपफेक पोर्न बिना सहमति के बनाए जाते हैं और इनका निशाना ज्यादातर महिलाएं होती हैं।लॉरा ने कहा, "किसी को भी बिना सहमति के डीपफेक पोर्न का निशाना नहीं बनना चाहिए। यह साफ तौर पर उत्पीड़न है। हमारे कानूनों को जल्दी अपडेट करने की जरूरत है।

# पाकिस्तान में कराची की जेल से 216 कैदी भागे

**करांची ।** पाकिस्तान के कराची की मलिर जेल से सोमवार रात 216 कैदी फरार हो गए। जेल प्रशासन के मुताबिक कराची में आए भूकंप के झटकों के बाद ऐहतियातन कैदियों को बैरकों से बाहर निकाला गया था। जियो न्यूज के मुताबिक इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर कैदी मेन गेट से फरार हो गए। इनमें से करीब 80 कैदियों को दोबारा पकड़ लिया गया है, जबकि 135 कैदी अभी भी फरार हैं। जेल सुपरिंटेंडेंट अरशद शाह ने मंगलवार तड़के इसकी पुष्टि की। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में कैदियों के दीवार तोड़कर भागने की बात कही जा रही थी। गृह मंत्री लांजार ने बताया कि भूकंप के बाद 700 से 1000 कैदियों को बैरकों से बाहर लाया गया था। इसी अफरा-तफरी में 100 से ज्यादा कैदियों ने मेन गेट की तरफ धक्का-मुक्की शुरू की और भाग निकले।

# अदाणी की कंपनी पर ईरान से पेट्रोकेमिकल, एलपीजी आयात का आरोप, अमेरिका ने शुरू की जांच

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका के न्याय विभाग ने अदाणी समूह की उस भूमिका की जांच शुरू की है जिसमें उस पर ईरान से एलपीजी आयात करने का संदेह है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार कुछ टैंकरों की गतिविधियों व दस्तावेजों में गड़बड़ियों की जांच की जा रही है। अमेरिका के न्याय विभाग ने अदाणी समूह की उस भूमिका की जांच शुरू की है जिसमें उस पर ईरान से पेट्रोकेमिकल उत्पाद (विशेष रूप से एलपीजी) आयात करने का अंदेशा है। यह जानकारी वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में दी गई है। यह जांच उस वक्त हो रही है जब अदाणी समूह भ्रष्टाचार के एक अलग मामले में समझौते की कोशिश कर रहा है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने इससे पहले 13 अप्रैल को रिपोर्ट किया था कि गौतम अदाणी के वकीलों ने अमेरिका के न्याय विभाग से उनके खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमे को खत्म करने की अपील की थी। इन मुकदमों में अदाणी पर भारत में सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रिश्वत देने का आरोप है। यह आरोप अक्टूबर 2024 में सार्वजनिक हुए थे, जिसमें अदाणी, उनके भतीजे सागर अदाणी और तीन कंपनियों के छह अन्य अधिकारियों का नाम शामिल था। एक समानांतर मुकदमे में अमेरिका के सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने गौतम और सागर अदाणी पर संघीय प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी विरोधी प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाया है। 5 मई को ब्लूमबर्ग ने बताया था कि अदाणी के वकीलों और ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों के बीच बातचीत तेज हो गई है और आने वाले एक महीने में किसी समझौते तक पहुंचा जा सकता है। वाल स्ट्रीट के 2 जून की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि अमेरिकी अभियोजक (प्रॉसिक्यूटर) अदाणी इंटरप्राइजे के लिए एलपीजी की ढुलाई में इस्तेमाल किए गए कुछ टैंकरों की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने खाड़ी के बंदरगाहों और अदाणी द्वारा संचालित मुंद्रा बंदरगाह के बीच यात्रा करने वाले एलपीजी टैंकरों के एक समूह का भी पता लगाया। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें इन जहाजों की गतिविधियां छिपाने की कोशिश के कुछ साफ-साफ संकेत मिले, जिनमें जहाज की लोकेशन बताने वाली स्वचालित पहचान प्रणाली (एआईएस) में हेरफेर करना शामिल है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि ईरानी तेल और गैस उत्पादों के खरीदार अक्सर ओमान और इराक से बने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हैं। इस जांच का फोकस एसएमएस ब्रस नामक एक पनामा-पंजीकृत टैंकर जहाज पर है, जिसे बाद में नील नाम दिया गया ।एआईएस डेटा के अनुसार, यह जहाज 3 अप्रैल को इराक के खोर अल जुबैर बंदरगाह पर था. लेकिन उसी दिन की सैटेलाइट तस्वीरों में वहां इस जहाज का कोई निशान नहीं मिला. इसके बजाय, उसी तरह की बनावट वाला एक जहाज ईरान के टोंबाक में एलपीजी टर्मिनल पर खड़ा दिखा. चार दिन बाद यह टैंकर यूएई के तट के पास नजर आया और उसके डेटा से पता चला कि वह पानी में कुछ नीचे बैठा हुआ था — जिससे संकेत मिलता है कि उसने माल लादा था। जहाज ने ओमान के सोहर बंदरगाह के पास लंगर डालने का सिग्नल भेजा था, लेकिन वह वहां वास्तव में लंगर डालता हुआ कभी दिखा ही नहीं। दो दिन बाद अदाणी ग्लोबल पीटीई ने इस जहाज को लगभग 11,250 मीट्रिक टन एलपीजी लोड करने और उसे भारत के मुंद्रा बंदरगाह तक पहुंचाने के लिए अनुबंधित किया।



अमेरिकी प्रॉसिक्यूटर, अडानी इंटरप्राइजे के लिए एलपीजी की ढुलाई में इस्तेमाल किए गए कुछ टैंकरों की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे हैं

भारत के कस्टम रिकॉर्ड के मुताबिक, 17 अप्रैल को अदाणी इंटरप्राइजेज ने एक ऐसा ही माल आयात किया, जिसकी कीमत 70 लाख डॉलर से थोड़ी अधिक थी। एसएमएस ब्र ( अब नील ) के दस्तावेजों में पहले भी कई विसंगतियां पाई गई हैं। जून 2024 के एक बांग्लादेशी पोर्ट के दस्तावेज में इसका उल्लेख ईरानी मूल के एलपीजी की डिलीवरी के लिए किया गया था, जबकि एआईएस डेटा में इसे इराक की ओर जाते हुए दिखाया गया था—यह पैटर्न अप्रैल वाले मामले से मेल खाता है। अदाणी के मुंद्रा बंदरगाह से जुड़े तीन और एलपीजी टैंकरों की गतिविधियों में भी गड़बड़ियां मिली हैं। एक जहाज, जिसे उसी कंपनी ने संचालित किया जो नील को मैनेज करती है, वह अमेरिकी सीनेट की उस निगरानी सूची में था जिसमें ईरानी तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों का नाम है। एक और जहाज ने खोर अल जुबैर में बंदरगाह पहुंचने का दावा किया, लेकिन सैटेलाइट इमेज में वह वहां नहीं दिखा. चौथा जहाज, जो बार-बार मुंद्रा में डॉक करता है, अमेरिका के ऊर्जा विभाग की 2024 की रिपोर्ट में ईरानी पेट्रोलियम के निर्यातक के रूप में नामित किया गया है। अदाणी समूह ने वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट को पूरी तरह से खारिज किया है और कहा है कि एलपीजी व्यापार 'ऑपरेशनल रूप से महत्वपूर्ण नहीं' है—यह अदाणी इंटरप्राइजेज की कुल 11.7 बिलियन डॉलर की वार्षिक आमदनी का सिर्फ 1.46% है। समूह ने कहा कि वह सभी एलपीजी खरीद विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं से अनुबंध के ज़रिए करता है, ओएफएसी प्रतिबंध सूची में शामिल किसी कंपनी से व्यापार नहीं करता और शिपिंग का काम थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक कंपनियों के ज़रिए अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप करवाता है.वॉल स्ट्रीट जर्नल रिपोर्ट में जिन खेपों का उल्लेख किया गया है, उन पर प्रतिक्रिया देते हुए अदाणी ने कहा कि यह एक नियमित वाणिज्यिक लेनदेन था, जिसे थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स पार्टनर ने मैनेज किया, और दस्तावेजों में सोहर (ओमान) को माल का स्रोत बताया गया है. अदाणी समूह ने यह भी कहा, 'हम इन जहाजों (जैसे एएमएस ब्र / नील ) के मालिक, ऑपरेटर या ट्रैकर नहीं हैं और न ही हमने इन्हें अनुबंधित किया है, इसलिए हम इनकी किसी भी वर्तमान या अतीत की गतिविधियों पर टिप्पणी नहीं कर सकते। 'समूह ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि एक प्रामाणिक आयातकर्ता की जो भी जिम्मेदारियां होती हैं, वे पूरी की गई हैं।

# बिल गेट्स अपने बच्चों को अपनी संपत्ति का मात्र 1% ही देंगे, बाकी 99% दान कर देंगे

**अभी बिल गेट्स की नेटवर्थ लगभग 175 बिलियन डॉलर है**

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिल गेट्स जो करने जा रहे हैं , उसको जान सुनकर तो भारत के तमाम बड़े उद्योगपतियों के होश उड़ जाएँगे और उनको पागल कहेंगे। क्योंकि माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स अपनी दौलत का बहुत ही कम हिस्सा अपने बच्चों को देने की बात कहे हैं। वह अपनी संपत्ति का ज्यादातर हिस्सा अफ्रीका में स्वास्थ्य व शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए खर्च करेंगे। ये काम अगले 20 सालों में किया जाएगा। इथियोपिया के अदीस अबाबा में अफ्रीकी संघ के मुख्यालय में बोलते हुए बिल गेट्स ने कहा कि उनकी ये कोशिशें अफ्रीका के लोगों की तरक्की में मदद करेंगी और सभी देशों में खुशहाली लाएंगी। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक बिल गेट्स की नेटवर्थ अभी 175 बिलियन डॉलर (1,49,81,98,62,50,000 रू.) है। वह दुनिया के 5वें सबसे धनी व्यक्ति हैं। अनुमान है कि अगले 20 साल यानी 2045 तक उनकी नेटवर्थ 200 बिलियन डॉलर हो जाएगी। ऐसे में उन्होंने फैसला किया है कि वे अपने बच्चों को इसका मात्र 1% ही देंगे। बाकी 99% संपत्ति दान कर देंगे। यानी बिल गेट्स अगले 20 वर्षों में अफ्रीका को 198 बिलियन डॉलर की रकम देने की योजना बना रहे हैं। गेट्स ने अफ्रीकी संघ के मुख्यालय में मौजूद 12,000 अधिकारियों, राजनयिकों और युवाओं से कहा, 'मैंने हाल ही में ये फैसला किया है कि मेरी संपत्ति का ज्यादातर हिस्सा अगले 20 सालों में दान कर दिया जाएगा। इस पैसे का ज्यादातर भाग अफ्रीका में आने वाली मुश्किलों को दूर करने में मदद करेगा।' गेट्स ने अच्छी सेहत व शिक्षा को विकास की नींव बताया। उन्होंने कहा कि सेहत व शिक्षा के जरिए लोगों की क्षमता को बढ़ाकर, अफ्रीका का हर देश तरक्की की राह पर चल सकता है। इस राह का हिस्सा बनना बहुत ही रोमांचक है। गेट्स की संस्था बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर ध्यान देगी। विशेषकर मां व बच्चे की सेहत को सुधारने पर उनका जोर रहेगा। गेट्स ने समझाया, 'हमने ये सीखा है कि यदि मां गर्भावस्था से पहले, गर्भावस्था के दौरान स्वस्थ रहे व उसे अच्छा पोषण मिले, तो इसके बहुत अच्छे नतीजे मिलते हैं।' उन्होंने ये भी कहा कि बच्चों के पहले चार वर्षों में अच्छा पोषण मिलना उनके भविष्य के लिए बहुत जरूरी है। मालूम हो कि बिल गेट्स ने साल 1975 में पॉल एलन के साथ मिलकर माइक्रोसॉफ्ट की स्थापना की थी। जो जल्द ही सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री में एक बड़ी ताकत बन गई। गेट्स ने कंपनी के रोजमर्रा के कामों से धीरे-धीरे दूरी बना ली। उन्होंने वर्ष 2000 में सीईओ व वर्ष 2014 में अध्यक्ष का पद छोड़ दिया। अब वे ज्यादातर परोपकारी कार्यों पर ध्यान देते हैं, लेकिन माइक्रोसॉफ्ट के सलाहकार के रूप में अभी भी काम करते हैं।



**कहानी फिल्म जगत की**

# कमल हासन ने माफी मांगने से किया इनकार

## कहा- कर्नाटक में रिलीज नहीं करेंगे फिल्म

कमल हासन अभिनीत फिल्म 'ठग लाइफ' के निर्माता राजकमल फिल्म्स इंटरनेशनल, चेन्नई द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई मंगलवार को एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। भाषा विवाद में उलझे कमल हासन ने कर्नाटक में फिल्म की रिलीज के लिए सुरक्षा की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने सुनवाई के

कर्नाटक में कन्नड़ समर्थक संगठनों ने उनके बयान का कड़ा विरोध किया और कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स और कन्नड़ संगठनों ने मांग की कि फिल्म को कर्नाटक में रिलीज न किया जाए। फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी राजकमल फिल्म्स ने पुलिस सुरक्षा के साथ फिल्म रिलीज करने के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कमल हासन के बयान पर भी टिप्पणी की और कहा कि वे न तो इतिहासकार हैं और न ही भाषा के विशेषज्ञ, इसलिए उन्हें ऐसी टिप्पणियों से बचना चाहिए और जब कर्नाटक की जनता उनसे माफी मांगने को कह रही है तो माफी मांगने में क्या दिक्कत है।



**कानूनी कार्रवाई**

फिल्म की प्रोडक्शन कंपनी राजकमल फिल्म्स ने पुलिस सुरक्षा के साथ फिल्म रिलीज की अनुमति हेतु कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की

**विवाद की शुरुआत**

- कन्नड़ समर्थक संगठनों ने कमल हासन के एक बयान का कड़ा विरोध किया
- कर्नाटक फिल्म चैंबर ऑफ कॉमर्स और अन्य संगठनों ने मांग की कि फिल्म कर्नाटक में रिलीज न हो

